इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 3.00

# दैनिक विनय उजाला

RNI. Reg. MPHIN/2009/35176

इंदौर
सोमवार, 05 मई 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष – 08
वर्ष : 16 | अंक : 220
कुल पृष्ठ : 12



हार के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया ...11

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

**पहलगाम हमला**

## रक्षा मंत्री राजनाथ की पाकिस्तान को चेतावनी

# देश जो चाहता है... वह जरूर होगा, हमला करने वालों को जवाब देना मेरी जिम्मेदारी


### प्रधानमंत्री मोदी गृहमंत्री शाह के बाद गरजे रक्षा मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दिल्ली के बक्करवाला आनंद धाम आश्रम में सनातन संस्कृति जागरण महोत्सव में शामिल हुए। इस मंच से रक्षामंत्री ने पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि एक रक्षा मंत्री के रूप में मेरा दायित्व है, कि मैं अपने सैनिकों के साथ मिलकर देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करूं। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में जैसा आप चाहते हैं वैसा होकर रहेगा।**

एक कार्यक्रम के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि मेरा ये दायित्व है कि देश के ऊपर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दे और आप सब हमारे प्रधानमंत्री को अच्छे से जानते हैं। उनकी कार्यशैली से आप परिचित हैं। जोखिम उठाने का भाव उन्होंने किस तरह सीखा है? उससे भी आप परिचित हैं तो देश के ऊपर आप उठाने वालों को जवाब देंगे।

उन्होंने कहा, आप लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को अच्छी तरह जानते हैं, उनकी कार्यशैली से भी अच्छी तरह परिचित है, उनकी दृढ़ता से भी अच्छी तरह परिचित है। जोखिम उठाने का भाव किस तरीके से उन्होंने सीखा है अपनी जिंदगी में उससे भी आप अच्छी तरह से मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जैसा आप चाहते हैं वैसा हो कर रहे हैं।



### समंदर में लाइव फायरिंग करने लगी भारतीय नौसेना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों सेनाओं को भी फ्रीहैंड दे दिया है। इसके बाद से पाकिस्तान की सेना और सरकार दोनों ही घबराई हैं और आनन फानन में अपने हथियारों पर हाथ-पैर मारने लगी हैं। वहीं भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अभ्यास शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार से नौसेना ने लाइव फायरिंग ड्रिल भी शुरू कर दी है। यह ड्रिल 7 मई तक चलेगी। लाइव फायरिंग ड्रिल का मतलब होता है जब सेना बिल्कुल युद्ध की ही तरह अभ्यास करती हैं। इसमें पूरा युद्ध जैसा माहौल बनाया जाता है। हथियारों के टेस्ट और युद्ध की तैयारी के लिए ही यह एक्सरसाइज की जाती है। रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले नेवी चीफ ऐडमिरल दिनेश के त्रिपाणी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की थी। उन्होंने मौजूदा अभ्यास और तैयारियों को लेकर पूरी जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी थी।

## भारत ने रोका चिनाब नदी का पानी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की मौत के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करते हुए पाकिस्तान की ओर बहने वाले पानी पर नियंत्रण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। भारत ने चिनाब नदी पर बने बगलिहार बांध से जल प्रवाह को रोक दिया है और जल्द ही झेलम की सहायक नदी पर स्थित किशनगंगा डैम पर भी इसी तरह की कार्रवाई की योजना बनाई जा रही है।

मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि बगलिहार डैम (जम्मू के रामबन जिले में) और किशनगंगा डैम (उत्तर कश्मीर) भारत को जल प्रवाह के समय को नियंत्रित करने की सामर्थ्य प्रदान करते हैं। भारत ने दशकों पुरानी सिंधु जल संधि के निलंबन के बाद यह निर्णय लिया है। भारत और पाकिस्तान वर्ष 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता से सिंधु नदी प्रणाली के जल बंटवारे पर एक संधि हुई।



### भारत ने हमला किया तो परमाणु बम से देंगे जवाब

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीच रूस में पाकिस्तान के राजदूत मुहम्मद खालिद जमाली ने भारत को खुलेआम परमाणु हमले की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि यदि भारत पाकिस्तान पर हमला करता है तो इस्लामाबाद पूर्ण शक्ति का उपयोग करेगा, जिसमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं। रूसी न्यूज़ चैनल को दिए इंटरव्यू में जमाली ने दावा किया कि कुछ लीक दस्तावेजों के अनुसार भारत पाकिस्तान के कुछ क्षेत्रों पर हमला करने की योजना बना रहा है। स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा, भारत की उन्मादी मीडिया और वहां से आ रहे गैर-जिम्मेदाराना बयानों ने हमें यह सोचने पर मजबूर किया है कि हमला कभी भी हो सकता है। हमने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। उन्होंने आगे कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच हम संख्यात्मक ताकत की बहस में नहीं पड़ना चाहते। हम पारंपरिक और परमाणु दोनों प्रकार की पूरी सैन्य शक्ति का उपयोग करेंगे।

**मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्तियों के साथ रीवा में किया न्यायालय भवन का लोकार्पण**

# नए कानूनों से न्यायालयीन प्रणाली और लोकतंत्र हुआ समृद्ध : सीएम डॉ. यादव

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि न्याय पाना देश के हर नागरिक का कानूनी अधिकार है। वादी को समय पर न्याय दिलाना ही सम्पूर्ण न्याय प्रणाली का एकमात्र लक्ष्य है। न्याय पाने के अधिकार की सुरक्षा करते हुए हमारी सरकार प्रदेश के हर नागरिक को सहज और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रीवा में नवनिर्मित जिला न्यायालय कॉम्पलेक्स के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस नवनिर्मित भवन को न्याय का मंदिर बताते हुए विश्वास जताया कि इस भवन में आने वाला हर व्यक्ति सहज, सुलभ और पूर्ण न्याय प्राप्त करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पिछले डेढ़-दो सालों में ही न्यायालयीन व्यवस्था की बेहतरी के लिए प्रदेश में 30 से अधिक छोटे-बड़े न्यायालय भवनों का लोकार्पण किया गया है और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यायिक प्रणाली को अधिक कारगर बनाने के लिए नये कानून बनाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश की न्यायपालिका ने एक अहम निर्णय लेते हुए अब न्याय की देवी की काली पट्टी खोल दी ह।

### मध्यप्रदेश सरकार सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही : जस्टिस सूर्यकांत

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्य कांत ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है। सरकार के सक्रिय सहयोग से 30 नवीन न्यायालय भवनों की सौगात मिली है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जे.के. माहेश्वरी ने कहा कि रीवा में राजा विश्वनाथ सिंह ने वर्षों पहले दो न्यायालयों का गठन किया था। मेताक्षरा न्यायालय में हिन्दू धर्म की परंपराओं के अनुसार तथा धर्मसभा में धार्मिक आधार पर न्याय किया जाता था। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि रीवा में विधि का इतिहास बहुत महत्वपूर्ण है। इसी माटी से निकलकर जी.पी. सिंह हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तथा जस्टिस जे.एस. वर्मा सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से प्रदेश को 30 नये भवन मिले हैं।

## मौसम ने बदला मिजाज... इंदौर-भोपाल समेत कई शहरों में आंधी के साथ बारिश



विनय उजाला

**भोपाल/इंदौर।** इंदौर - भोपाल समेत मध्यप्रदेश के कई शहरों में आंधी-बारिश और ओले गिरने की जानकारी मिली है। रविवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, देवास, विदिशा, खंडवा समेत कई जिलों में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। इंदौर में गरज-चमक और तेज हवा के साथ शाम 5 बजे से तेज बारिश हो रही है। भोपाल और इंदौर में आंधी-बारिश के चलते कई इलाकों में बिजली भी गुल हो गई। मौसम विभाग के अनुसार, सुबह 8.30 से शाम साढ़े 6 बजे के बीच इंदौर में 80 मिमी यानी, पौने 3 इंच पानी गिर गया। भोपाल में बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। उज्जैन में करीब आधा इंच पानी गिरा है।

**तापमान में गिरावट...** इधर, कई शहरों में दिन के तापमान में गिरावट हुई है। भोपाल में 37 डिग्री, इंदौर में 36.2 डिग्री, ग्वालियर में 38.5 डिग्री, उज्जैन में 41 डिग्री और जबलपुर में पारा 37.5 डिग्री दर्ज किया गया। एक ही दिन में 3 से 4 डिग्री की गिरावट हुई है। वहीं, खंडवा में पारा 42.5 डिग्री, खरगोन में 42.4 डिग्री, नरसिंहपुर में 42 डिग्री, खजुराहो में 40.8 डिग्री और नर्मदापुरम में तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडिगो फ्लाइट में पैसेंजर ने एयर होस्टेस से छेड़छाड़ की

**शिर्डी, एजेंसी।** दिल्ली से शिर्डी जा रही इंडिगो फ्लाइट में नशे में धुत एक यात्री ने एयर होस्टेस से छेड़छाड़ की। जब फ्लाइट शिर्डी एयरपोर्ट पर लैंड हुई, तो पैसेंजर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी पैसेंजर ने फ्लाइट के टॉयलेट के पास एयर होस्टेस को बैड टच किया। एयर होस्टेस ने तुरंत क्रू मैनेजर को इसकी जानकारी दी। एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड होते ही सुरक्षा अधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है।

### अलीगढ़ : उड़ान भरते समय दीवार से टकराकर ट्रेनी विमान क्रैश

**अलीगढ़, एजेंसी।** यूपी के अलीगढ़ में हादसा हो गया। धनीपुर एयरपोर्ट पर रविवार की दोपहर एक प्रशिक्षु विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। लैंडिंग के समय विमान का संतुलन बिगड़ गया और प्रशिक्षु पायलट ट्रेनी एयरक्राफ्ट को संभाल नहीं पाया। हादसे के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी और प्रशिक्षण देने वाली पॉयनियर फ्लाइंग क्लब में हड़कंप मच गया। हादसे में प्रशिक्षु पायलट सुरक्षित है। जो विमान क्षतिग्रस्त हुआ है उसकी कीमत छह करोड़ बताई गई है।

### सीमा हैदर पर गुजरात से आए युवक ने घर में घुसकर किया हमला

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा में पाकिस्तानी सीमा हैदर पर युवक ने हमला कर दिया। शनिवार शाम को गुजरात से एक युवक सीमा के घर पहुंचा और मेन गेट पर जोर-जोर से पैर मारे, फिर अंदर घुसते ही सीमा का गला दबाने लगा। उसने सीमा को तीन-चार थप्पड़ जड़ दिए। घटना से सीमा हैदर घबरा गईं और शोर मचा दिया। शोर सुनते ही उनके परिजन पहुंचे। हमलावर को पकड़ लिया। सीमा की सास रितु मीणा की शिकायत पर कोतवाली प्रभारी रबूपुरा सुजीत कुमार ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## जम्मू-कश्मीर में दर्दनाक हादसा... 600 मीटर गहरी खाई में गिरी सेना की गाड़ी, तीन जवान शहीद

रामबन, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के बैटरी चश्मा इलाके में रविवार को सेना का एक वाहन 600 मीटर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई। मृतक जवानों की पहचान अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर के रूप में हुई है।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, सेना का वाहन जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा था। करीब साढ़े 11 बजे जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे 44 पर ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया, जिससे गाड़ी खाई में गिर गई। सेना, पुलिस, स्थ्क्रन्न और स्थानीय प्रशासन रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। शुक्रवार को रामबन में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ था। सड़क पर मडस्लाइडिंग (कीचड़) के चलते एनएच-44 को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया था। प्रशासन ने लोगों को अलर्ट किया था कि हाईवे क्लियर होने की जानकारी मिलने के बाद ही सफर के लिए निकले।



### डीआरडीओ ने किया स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप का सफल परीक्षण

**श्योपुर, एजेंसी।** भारतीय रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शनिवार को मध्य प्रदेश के श्योपुर ट्रायल साइट से 'स्ट्रेटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफॉर्म' का पहला सफल फ्लाइट ट्रायल किया। यह एयरशिप डीआरडीओकी आगरा स्थित एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीआरडीओ) द्वारा विकसित किया गया है। एयरशिप को आगरा स्थित एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट ने विकसित किया है। एयरशिप को 17 किलोमीटर की ऊंचाई पर उपकरणीय पेलोड के साथ लॉन्च किया गया। एयरशिप ने 62 मिनट तक उड़ान भरी। इसके बाद टीम ने सिस्टम को सफलतापूर्वक रिकवर कर लिया। रक्षा मंत्रालय ने इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए बताया कि डीआरडीओ ने श्योपुर में इस स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफॉर्म का पहला ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

## बद्रीनाथ धाम के कपाट खुले



हजारों श्रद्धालु बने साक्षी

**चमोली, एजेंसी।** बद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार सुबह 6 बजे खोल दिए गए। मंदिर के रावल (मुख्य पुजारी) ने गणेश पूजा के बाद मंदिर के कपाट खोले। महिलाओं ने लोकगीत गाए। गढ़वाल राइफल्स के बैंड ने पारंपरिक धुनें बजाई। इसी के साथ चारधाम यात्रा पूरी तरह से शुरू हो गई है। कपाट खुलने के बाद अगले 2 घंटे में 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालु धाम पहुंचे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी पूजन-दर्शन किए। श्रद्धालु अगले 6 महीने तक भगवान बद्रीविशाल के दर्शन कर पाएंगे।




### वक्फ कानून के खिलाफ आज होगी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कल संशोधित वक्फ कानून की सांविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। कुछ हफ्तों पहले केंद्र सरकार ने इस कानून के दो विवादास्पद प्रावधानों पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी थी। केंद्र ने 17 को सुप्रीम कोर्ट को आश्वस्त किया था कि वह पांच मई तक न ही किसी वक्फ संपत्ति को अधिसूचित करेगा और न ही केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्डों में कोई नियुक्ति करेगा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष कोर्ट को बताया कि संसद ने यह कानून सोच-समझकर बनाया है। इसलिए बिना सरकार की पूरी बात सुने इसे स्थगित करना उचित नहीं होगा। वहीं, कोर्ट ने केंद्र को कहा कि अगली सुनवाई तक वक्फ संपत्तियों में कोई छेड़छाड़ नहीं की जाए।
सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच (चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन) पांच मई को याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

**रूस-यूक्रेन युद्ध पर जयशंकर की पश्चिम को लताड़**

# भारत को उपदेशकों की नहीं, साझेदारों की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

**विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत को उपदेश देने वालों की नहीं, बल्कि साझेदारों की आवश्यकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर उनका इशारा यूरोप की तरफ था। उन्होंने रूस के साथ भारत के व्यावहारिक संबंधों पर बात की।**

एक संवाद कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा कि यूरोप को अब हकीकत का अहसास हो रहा है और अगर वह भारत से मजबूत संबंध चाहता है, तो उसे आपसी सम्मान और साझा हितों की भावना से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा, भारत और रूस के बीच एक तालमेल है। रूस संसाधन देता है और भारत उसका उपभोक्ता है। रूस के साथ भारत के मजबूत संबंध राष्ट्रहित पर आधारित हैं, इसलिए भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदना जारी रखा, भले ही पश्चिमी देश इसकी आलोचना करते रहे।



### रूस-यूक्रेन युद्ध पर पश्चिमी देशों के विचार की आलोचना

जयशंकर ने पश्चिमी देशों के उस विचार की भी आलोचना की, जिसमें वे रूस को वार्ता से बाहर रखकर यूक्रेन युद्ध का हल ढूंढना चाहते हैं। उन्होंने कहा, यह पूरी तरह से वास्तविकता से परे है। उन्होंने कहा, मैं जैसे रूसी यथार्थवाद का समर्थक हूं, वैसे ही अमेरिकी यथार्थवाद का भी समर्थक हूं। इसका मतलब यह है कि भारत अमेरिका के साथ उस बुनियाद पर संबंध चाहता है, जहां विचारधारा के मतभेदों को पीछे रखकर साझा हितों पर फोकस किया जाए।

### अपने देश में पालन नहीं करते, हमें ज्ञान बांटते हैं..

जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत किसी (देश) को यह नहीं बताया कि उसे क्या करना चाहिए और यही शिष्टाचार भारत के साथ भी होना चाहिए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, पश्चिम अक्सर भारत को सलाह देता है। जयशंकर से जब पूछा गया कि यूरोप से भारत की क्या अपेक्षा है, तो उन्होंने कहा, हमें साझेदारों की जरूरत है, उपदेशकों की नहीं। खासकर ऐसे उपदेशक जो अपने देश में पालन नहीं करते, लेकिन बाहर ज्ञान बांटते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बलात्कार और ब्लैकमेलिंग पीड़ितों से राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम मिली

**भोपाल, निप्र।** राजधानी भोपाल पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की तीन सदस्यीय जांच समिति ने रविवार को बलात्कार और ब्लैकमेलिंग मामले की पीड़ितों से बातचीत की और उनके खिलाफ अपराधों की पुलिस को रिपोर्ट करने के लिए आगे आने की उनकी पहल की सराहना की। इसके अलावा, समिति के सदस्यों ने संबंधित पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और अब तक की गई कार्रवाई की स्थिति का अध्ययन करते हुए आवश्यक निर्देश और सुझाव दिए। समिति में झारखंड की पूर्व डीजीपी निर्मल कौर, जबलपुर हाईकोर्ट की वकील निर्मला नायक और एनसीडब्ल्यू के अवर सचिव आशुतोष पांडे शामिल हैं। पूर्व डीजीपी निर्मल कौर की अध्यक्षता वाली समिति ने पीड़ितों और उनके परिवार को न्याय सुनिश्चित करने के लिए समर्थन और सहायता का आश्वासन दिया। समिति ने पीड़ितों से ब्लैकमेलिंग रैकेट का शिकार हुई अन्य लड़कियों से संपर्क करने और उन्हें आगे आने और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

### मैहर में हिट एंड रन की घटना, असम से आ रही टूरिस्ट बस ने दो बाइक सवार युवकों को कुचला, हालत गंभीर

**मैहर ( हि.स. )।** मध्यप्रदेश के मैहर में रविवार की सुबह एक भयानक हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार बस ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस उन्हें लगभग आधे किलोमीटर तक घसीटती ले गई। यह घटना नेशनल हाईवे-30 पर हुई। हादसे के बाद बस ड्राइवर मौके से भाग गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल युवकों को गंभीर हालत में रीवा रेफर किया गया है। जानकारी अनुसार घटना मैहर के एनएच 30 पर रविवार सुबह 10 बजे की है। पोड़ी के पास असम से आ रही टूरिस्ट बस ने दो बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। बस क्रमांक एएस 01 क्यूसी 3116 ने टक्कर मारने के बाद युवकों को करीब 500 मीटर तक घसीटा। राहगीरों के पीछा करने पर बस को रोका गया। बाइक समेत दोनों युवक बस के नीचे फंसे हुए थे। स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू कर उन्हें बाहर निकाला। घायल युवकों की पहचान पोड़ी निवासी सोनू पटेल (20) और अरुण पटेल (22) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। दोनों को पहले सिविल अस्पताल मैहर में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया गया। मैहर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को जब्त कर लिया है। बस असम से टूरिस्ट लेकर रीवा की तरफ जा रही थी। घटना के बाद बस चालक फरार हो गया। जांच में पता चला है कि बस असम से पर्यटकों को लेकर रीवा जा रही थी। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर बहुत गुस्सा है। उनका कहना है कि अगर बस को समय रहते नहीं रोका जाता तो दोनों युवकों की जान जा सकती थी। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि फरार बस ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।




### कांग्रेस ने पहली बार अलग से बनाया चुनाव प्रबंधन विभाग

**भोपाल, निप्र।** मध्य प्रदेश कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में जुटी हुई है। इसे लेकर तरह-तरह के प्रयोग किया जा रहे हैं और अलग-अलग व्यक्तियों को दायित्व दिए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव के करीब साढ़े तीन साल पहले कांग्रेस ने पहली बार चुनाव प्रबंधन विभाग का अलग से गठन किया है। काग्रेस के प्रदेश संगठन प्रभारी डॉ. संजय कावले ने बताया कि इससे पहले चुनाव के समय चुनाव प्रबंधन कमेटी बनाई जाती थी। पहली बार इस तरह का प्रयोग किया गया है। इस विभाग का प्रभार पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह को दिया गया है। वहीं संगठन प्रभारी मे भी बदलाव किया गया गया है। पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह की जगह पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे को प्रभार सौंप गया है। दरसअल चार महीने पहले एमपी कांग्रेस के संगठन में दो-दो प्रभारी नियुक्त किए गए थे। पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह और प्रदेश महामंत्री संजय कामले को संगठन का प्रभारी बनाया गया था। चार महीने में ही प्रियव्रत सिंह की जगह संगठन का प्रभार पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे को दिया गया है।

## जनजातीय क्षेत्रों के शिक्षकों को आपात चिकित्सा प्रबंधन का प्रशिक्षण देगा एम्स

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. ( डॉ. ) अजय सिंह के मार्गदर्शन में संस्थान न केवल उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवाएँ प्रदान कर रहा है, बल्कि समुदाय आधारित स्वास्थ्य पहलों में भी निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है।**




इसी कड़ी में, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी लोकप्रियकरण योजना के अंतर्गत एम्स भोपाल को एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से जनजातीय विद्यालयों के शिक्षकों को जनजातीय बच्चों में पोषण संबंधी कमियों की प्रारंभिक पहचान, स्त्रीरोग संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान, उनकी रोकथाम और इस विषय में जागरूकता बढ़ाने, तथा जीवनरक्षक प्राथमिक चिकित्सकीय प्रबंधन जैसी महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य पहलुओं में प्रशिक्षित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को राज्य के एकलव्य, ज्ञानोदय, कन्या शिक्षा परिसर तथा एक्सीलेंस स्कूलों में एक वर्ष की अवधि में संचालित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रमुख अन्वेषक डॉ. विक्रम वट्टी सहायक प्रोफेसर, कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग हैं, जबकि डॉ. भूपेश्वरी पटेल अतिरिक्त प्रोफेसर, ट्रॉमा एवं आपातकालीन विभाग और डॉ. केतन मेहरा एसोसिएट प्रोफेसर, यूरोलॉजी विभाग सहायक अन्वेषक के रूप में इसमें सहयोग प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण सत्रों में विशेषज्ञ व्याख्यान, जागरूकता सत्र, क्विज़, पोस्टर प्रतियोगिता तथा सहभागिता आधारित अन्य गतिविधियाँ सम्मिलित होंगी, जिससे शिक्षक अपने विद्यालयों में बच्चों को संकट की स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करने में सक्षम बन सकें। इस अवसर पर प्रो. सिंह ने कहा, यह पहल एम्स भोपाल की सामुदायिक स्वास्थ्य एवं जनकल्याण के प्रति गहन प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जब हम जनजातीय क्षेत्रों के शिक्षकों को आपातकालीन चिकित्सा प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, तब हम न केवल उन्हें जीवनरक्षक कौशल से सशक्त बना रहे हैं, बल्कि देश की प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था को भी सुदृढ़ कर रहे हैं। इस कार्यक्रम से सैकड़ों बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

---

मैग्सेसे अवार्ड से सम्मानित जल पुरुष ने पूर्व मंत्री वाजपेई की स्मृति में **मानस भवन में वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट का लोकार्पण किया**

# भारत में पानी व्यापार की वस्तु बन चुका है, इसे रोकना होगा

विनय उजाला






**भोपाल, निप्र। प्रतिष्ठित मैग्सेसे अवार्ड से सम्मानित पर्यावरणविद् और जल संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध श्री राजेंद्र सिंह ने कहा है कि भारत में पानी का व्यापार बंद होना चाहिए। भारत में पानी व्यापार की वस्तु बन चुका है, इसे रोकना होगा।**

राजेंद्र सिंह आज श्यामला स्थित मानस भवन के सभागार में पूर्व मंत्री श्रीमती सविता वाजपेई के परिजनों द्वारा मानस भवन के उपयोग के लिए वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में नगर निगम की महापौर श्रीमती मालती राय, पूर्व भाजपा के पूर्व सांसद एवं तुलसी मानस प्रतिष्ठान के अध्यक्ष श्री रघुनंदन शर्मा, विधायक श्री राजेंद्र भारती, वरिष्ठ पत्रकार श्री बालमुकुंद भारती सहित राजधानी के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट का लोकार्पण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राजेंद्र सिंह ने कहा कि भारत को पानीदार बनाना चाहते हैं तो हमें अपना मानस बदलना होगा। क्योंकि पूरी दुनिया बेपानी होकर उजड़ रही है। दुनिया के जितने मुल्क आपस में लड़ रहे हैं ,उसके आधार में पानी ही मुख्य वजह है। उन्होंने कहा कि सिंधु नदी से पाकिस्तान जाने वाले पानी का रिव्यू समय-समय पर होना चाहिए था, जो अब हो रहा है। उसका 70त्न पानी भारत को ही मिलना चाहिए । उन्होंने यह भी बताया कि भारत ने अपने छोटे भाई पाकिस्तान को उदारता से अब तक पानी दिया, जबकि उस पर उसका हक नहीं था। श्री राजेंद्र सिंह ने भोपाल को पानीदार शहर बताया और इस बात पर चिंता व्यक्त की कि बेतवा नदी की धारा पिछले 3 साल से सूख गई है। हमारे लालची विकास के कारण विनाश हो रहा है। क्योंकि विकास ही विनाश करता है। श्री राजेंद्र सिंह ने यह भी बताया कि आजादी के समय 4% जमीन बेपानी थी, आज 62% बेपानी है।

आज के दौर में बाढ़, सूखा, जंगलों में आग लग रही है। पर्यावरण नष्ट हो रहा है। शिक्षा ने हमें लालची बना दिया है ,क्योंकि जो शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं ,वह केवल अपने लाभ के लिए है । विद्या और शिक्षा के अंतर को हमें समझना होगा। विद्या हमारे जीवन को बेहतर बनाने का काम सिखाती है लेकिन शिक्षा हमें लाभ और जीविकोपार्जन के तरीके सिखाती है। उन्होंने कहा कि जब से पानी व्यापार की चीज बना है, तब से हम प्राकृतिक जल स्रोत को भूल गए हैं। उनका दुरुपयोग हो रहा है। कुएं सूख गए और तालाबों पर अतिक्रमण हो रहा है। श्री सिंह ने कहा कि जब से पानी व्यापार का जरिया बना, तब से प्रकृति और संस्कृति का संतुलन भी बिगड़ा है । बोतल वाले पानी का भारत में 1 लाख करोड़ से ज्यादा का व्यापार है। उन्होंने कहा जब तक बोतलबंद पानी का व्यापार होगा, तब तक हम जल का सम्मान नहीं कर सकेंगे। जल पुरुष ने श्रीमती सविता वाजपेई के परिजनों द्वारा मानस भवन में वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट लगाए जाने का स्वागत किया। साथ ही यह भी कहा कि पानी का संग्रहण एवं उपाय की विधि सुनिश्चित होना चाहिए। जल संरक्षण का जो संकल्प श्रीमती सविता वाजपेई के परिजनों ने लिया है, उसे पूरा करने के लिए साधना भी जरूरी है। श्रीमती सविता वाजपेई की पुत्री डॉ. श्रद्धा अग्रवाल ने मानस भवन में जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट की जो स्थापना की है, वह उनके द्वारा अपनी मां के प्रति दी गई सच्ची श्रद्धांजलि है।

### परिजनों ने जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य किया : महापौर

महापौर श्रीमती मालती राय ने श्रीमती सविता वाजपेई को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी स्मृति को समझने के लिए परिजनों ने जल संरक्षण की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए मैं नगर निगम की ओर से उनका अभिनंदन करती हूं । श्रीमती मालती राय ने कहा कि राजनीति में अलग-अलग दल भले ही हो, लेकिन विचारधारा एक ही होना चाहिए । ताकि विकास कार्य संभव हो सके । श्रीमती मालती राय ने यह भी कहा कि वर्ष 2045 को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण की योजना पर कार्य होना चाहिए । नई पीढ़ी को जल संरक्षण के अभियान से जोड़ा जाना चाहिए ।यदि आज हम सतर्क नहीं हुए तो भविष्य में भोपाल भी पानी से मोहताज हो जाएगा। वृक्षारोपण की तरह जल संरक्षण को भी अभियान का रूप देना होगा । नगर निगम भी इस कार्य में सहयोग करेगा।

---

## चित्रगुप्त भगवान की आरती में शामिल हुए सबनानी





विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** श्री भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव पर चित्रगुप्त नगर कोटरा में स्थित मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया, आरती में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी सम्मिलित हुए।

मां इरावती चित्रगुप्त सांस्कृतिक एवं सामाजिक न्याय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर सबनानी ने कहा कि आज के इस शुभ अवसर पर में सभी कायस्थ समाज के सामाजिक बंधुओ के साथ ही सभी प्रदेशवासियों को शुभकामना देता हूं,और भगवान श्री चित्रगुप्त के चरणों में नमन करते हुए सभी की सुख शांति की कामना करता हूं, हमें बचपन से बताया गया है कि मनुष्य अपने कर्मों से ही श्रेष्ठ बनता है, वर्तमान समय में भी लोग अपने काम की वजह से ही पहचान बनाते हैं और समाज में उनका काम ही उन्हें सम्मान दिलाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने काम के प्रति निष्ठावान होना चाहिए और समर्पित भाव से अपने काम को करना चाहिए, मैं पुनः सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर राजेश वर्मा ओपी श्रीवास्तव पंकज कुलश्रेष्ठ सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## भोपाल नगर निगम में दो सुपरवाइजरों का रिश्वत लेते वीडियो वायरल

**भोपाल, निप्र। भोपाल नगर निगम के जोन-21 में एक चौंकाने वाला रिश्वत कांड सामने आया है। जिसने पूरे सिस्टम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।**

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में खुलेआम रिश्वत ली जा रही है और 500 रुपये की नोटों की गड्डियां गिनी जा रही हैं। वीडियो में नगर निगम के सुपरवाइजर न सिर्फ पैसों का लेन-देन करते दिख रहे हैं, बल्कि शराब से जुड़ी गतिविधियों में भी संलिप्त पाए गए हैं। वीडियो में सुपरवाइजर इमरान खुलेआम 500 रुपये के नोटों की गड्डियां गिनते और कथित तौर पर महंगी शराब की मांग करते नजर आ रहे हैं। एक अन्य सुपरवाइजर हरिराव विहासकर उर्फ भाऊ भी रिश्वत लेते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों स्वास्थ्य अधिकारी राजीव सक्सेना के अधीन काम कर रहे हैं, जिन्होंने कथित तौर पर वसूली का आदेश दिया था। वीडियो में इमरान कथित तौर पर कर्मचारियों पर पैसे और शराब के लिए दबाव डालते हुए सुनाई दे रहे हैं, उनका दावा है, हम सिर्फ छोटे कर्मचारी हैं, पैसा बॉस के पास जाता है। फुटेज में एक और व्यक्ति शराब के ऑर्डर पर चर्चा करते और ब्रांड की पुष्टि करते हुए दिखाई दे रहा है। इसके अलावा एक अन्य वायरल वीडियो से पता चला है कि ड्राइवरों को कथित तौर पर डीजल के लिए 2,000 से 10,000 रुपये प्रति सप्ताह का भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता है।

---

## हिंदू छात्राओं से रेप-ब्लैकमेलिंग केस में एसआईटी के अफसर तलब

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। भोपाल के प्राइवेट कॉलेज की हिंदू छात्राओं से रेप, ब्लैकमेलिंग और लव जिहाद के मामले में अब राष्ट्रीय महिला आयोग भी सक्रिय हो गया है।**

रविवार को महिला आयोग की टीम ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। केस की जांच कर रही एसआईटी के अधिकारियों को तलब किया गया। बताया जा रहा है कि भोपाल के एक निजी होटल में महिला आयोग की टीम और पुलिस अधिकारियों के बीच इस केस को लेकर चर्चा हुई। इस मामले की जांच के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग ने 3 सदस्यीय समिति का गठन किया है। इसमें झारखंड की पूर्व डीजीपी निर्मल कौर, हाईकोर्ट की वकील निर्मला नायक सहित तीन लोग मामले की जमीनी हकीकत को समझने भोपाल आए हैं।

### टीम पीड़िताओं से भी कर सकती है मुलाकात

राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम अगले 3 दिन भोपाल में ही रहेगी। केस से जुड़े सभी पक्षों को सुना जाएगा। आयोग की टीम रेप पीड़िताओं और उनके परिजन से भी मुलाकात कर चर्चा कर सकती है। महिला आयोग की टीम सभी पक्षों को जरूरी सुझाव भी देगी। आयोग सुनिश्चित करेगा कि पीड़ितों को न्याय मिले और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस की अब तक की कार्रवाई का स्टेटस भी टीम लेगी।

### अली-फरहान ने एक ही कमरे में मिलकर किया रेप

भोपाल के निजी कॉलेज की पांच छात्राओं से दुष्कर्म के मामले में एक और खुलासा हुआ है। यह खुलासा 5वीं पीड़िता के बयान में हुआ है। उसने पुलिस को बताया कि अली और फरहान ने एक ही कमरे में उसके साथ मिलकर रेप किया था।

## 'लव जिहाद' ने पूरे देश को हिला डाला, महिला मंत्री ने मुंह पर ताला डाला : सुश्री संगीता शर्मा

### कांग्रेस प्रवक्ता ने राज्य मंत्री के मौन पर उठाया सवाल

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में सामने आए कथित लव जिहाद के प्रकरण पर राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर की चुप्पी पर कांग्रेस ने जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता सुश्री संगीता शर्मा ने इस प्रकरण में प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक मात्र महिला मंत्री और भोपाल की गोविंदपुरा सीट से विधायक श्रीमती कृष्णा गौर की चुप्पी को लेकर तीखे सवाल खड़े किए हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुश्री शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक सशक्त ट्वीट करते हुए लिखा, लव जिहाद ने पूरे देश को हिला डाला और महिला मंत्री ने मुँह पर डाल रखा है ताला? प्रदेश की बेटियों का बार-बार चीरहरण हुआ और महिला मंत्री ने मौन धारण कर रखा है ? उन्होंने आगे कहा कि यह न केवल एक प्रशासनिक उदासीनता का मामला है, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण की उस संकल्पना पर भी सवालिया निशान लगाता है, जिसकी दुहाई भाजपा बार-बार देती आई है। सुश्री शर्मा ने आरोप लगाया कि जब महिलाओं पर संकट आता है, तो उनसे जुड़े मंत्रालय की ज़िम्मेदारी होती है कि वे आगे आएं, आवाज़ उठाएं। पर यहां तो हालात बिल्कुल उलटे हैं। भोपाल की कृष्णा गौर ने इतने बड़े गम्भीर मामले में अपना मुंह नहीं खोला है।

### भाजपा में राजनीतिक प्रतीक बनी महिलाएं

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुश्री संगीता शर्मा ने इस अवसर पर यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में महिलाएं केवल प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व तक सीमित रह गई हैं। निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनका कोई स्वतंत्र या प्रभावी हस्तक्षेप नहीं होता। यदि महिला मंत्री ऐसे मामलों में भी मूकदर्शक बनी रहें, तो फिर यह बताइए कि बेटियों की आवाज़ कौन उठाएगा ? कांग्रेस प्रवक्ता सुश्री शर्मा ने लिखा है कि क्या भाजपा शासन में महिला सशक्तिकरण केवल चुनावी भाषण में ही नजर आता है?

---

उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश के तीसरे स्किन बैंक का किया शुभारंभ

# रीवा में बर्न यूनिट में प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा का मिल रहा है लाभ

विनय उजाला




**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में गंभीर रूप से जल जाने से पीड़ित मरीजों के लिए बर्न यूनिट में प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा का लाभ मिल रहा है। रीवा में अन्य जिलों के मरीज भी इसका लाभ प्राप्त कर रहे हैं।**

कुशल चिकित्सकों द्वारा अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से मरीजों का उपचार कर उन्हें प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। अब रीवा में प्रदेश के तीसरे स्किन बैंक का शुभारंभ हो रहा है। जिसका लाभ भी मरीजों को मिलेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जाने के कारण दर्दनाक स्थिति में मरीज इलाज के लिए गंभीर हालत में रीवा आते थे। अब उन्हें प्लास्टिक सर्जरी के साथ ही ड्रॉफ्टिंग का उपचार भी मिल सकेगा। श्री शुक्ल ने कहा कि प्लास्टिक सर्जरी के लिए मरीज पहले महानगरों या विदेश में उपचार के लिए जाते थे। अब रीवा के संजय गांधी अस्पताल में कुशल एमसीएच प्लास्टिक सर्जन अत्याधुनिक मशीनों से प्लास्टिक सर्जरी कर रहे हैं। अब इसके साथ ड्राफ्टिंग का भी उपचार होने लगेगा। श्री शुक्ल ने कहा कि जबलपुर और भोपाल के बाद रीवा में तीसरा स्किन बैंक प्रारंभ हो रहा है। रीवा को मेडिकल हब बनाने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। ऑर्गन ट्रांसप्लांट की सुविधा भी मिलने लगेगी। सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि ऑर्गन डोनेशन करने वालों का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा तथा उनके परिजनों को स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस में सम्मानित भी किया जाएगा।

गंभीर रोगों के इलाज के लिए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में उपचार की सुविधा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दी जा रही है। संजय गांधी अस्पताल व जिला चिकित्सालय में भी रोगियों के लिए उपचार की समुचित व्यवस्था कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के प्रति चिंतित है और ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपचार की सभी व्यवस्थाएं व चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। रीवा मेडिकल कालेज के रिनोवेशन के लिए 322 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। जिसके माध्यम से सभी विभागों में अधोसंरचना निर्माण की पूर्ति व उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी। हमारा प्रयास है कि अधोसंरचना के लिए किसी भी तरह की कोई कमी न रहे।

छात्रों के लिए हास्टल निर्माण व चिकित्सकों के लिए आवासीय क्वार्टर्स बनाने का कार्य भी प्राथमिकता से किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा सहित प्रदेश के अन्य पुराने मेडिकल कालेजों को सर्व सुविधायुक्त बनाया जा रहा है ताकि उस क्षेत्र के मरीजों को सभी तरह के उपचार की सुविधा मिल सके और उन्हें इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। श्री शुक्ल ने डीन मेडिकल कालेज को निर्देश दिए कि अन्य जो भी आवश्यकताएं हों उनका प्रस्ताव शासन को प्रेषित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने इंफोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन के खिलाफ एफआईआर खारिज की

शिकायत को 'कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग' माना जाता है, शिकायतकर्ता के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने की स्वतंत्रता दी जाती है



विनय उजाला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने इंफोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन और अन्य के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने शिकायत को कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करार दिया और शिकायतकर्ता के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने की स्वतंत्रता प्रदान की। 16 अप्रैल को आदेश पारित करने वाले जज हेमंत चंदनगौदर ने कहा कि यह शिकायत याचिकाकर्ताओं को परेशान करने का एक कष्टप्रद प्रयास है। यह एफआईआर भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के पूर्व संकाय सदस्य डी. सन्ना दुर्गाप्पा द्वारा दर्ज की गई निजी शिकायत पर आधारित थी, जिन्हें यौन उत्पीड़न के आरोपों की आंतरिक जांच के बाद 2014 में बर्खास्त कर दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि 2015 में हाईकोर्ट में चुनौती दिए जाने के बाद बर्खास्तगी को इस्तीफे में बदल दिया गया था। उस समय समझौते के तहत दुर्गाप्पा ने संस्था और उसके प्रतिनिधियों के खिलाफ सभी शिकायतें और कानूनी कार्यवाही वापस लेने पर सहमति व्यक्त की थी। इसके बावजूद, उन्होंने दो और एफआईआर दर्ज कीं, जिनमें से दोनों को 2022 और 2023 में रद्द कर दिया गया। कोर्ट ने कहा कि वर्तमान एफआईआर में भी इसी तरह के आरोप हैं और यह न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए क्रिस गोपालकृष्णन ने कहा, मुझे हमारी कोर्ट और न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है। यह फैसला इस बात की पुष्टि करता है कि कानूनी प्रावधानों के दुरुपयोग के लिए निष्पक्ष और न्यायपूर्ण प्रणाली में कोई जगह नहीं है। मैं आभारी हूं कि माननीय हाईकोर्ट ने झूठ को पहचाना और सच्चाई को बरकरार रखा। कोर्ट ने आगे कहा कि आरोपों में एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत कोई अपराध शामिल नहीं है, तथा यह इंगित किया कि मामला मूलत: दीवानी प्रकृति का था, लेकिन इसे गलत तरीके से आपराधिक रंग दे दिया गया। हाईकोर्ट ने क्रिस गोपालकृष्णन और अन्य याचिकाकर्ताओं को दुर्गाप्पा के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने की अनुमति के लिए महाधिवक्ता से संपर्क करने की भी अनुमति दी है।

### किसान 5 मई को गेहूं उपार्जन के लिए कर सकते हैं स्लॉट बुक

**भोपाल, निप्र।** ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसान जो 30 अप्रैल तक स्लॉट बुक नहीं कर सके, वह 5 मई को स्लॉट बुक कर उसी दिन गेहूं का विक्रय उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर कर सकते हैं। स्लॉट बुक करने के लिए जिला खाद्य कार्यालय में आवेदन करना होगा। आवेदन में कृषक का नाम, किसान कोड, विक्रय की जाने वाली उपज की मात्रा आदि का उल्लेख करना होगा। 5 मई को उपार्जन केंद्र पर किसान की उपज की तौल एवं देयक जारी नहीं होने पर किसानों को नोडल अधिकारी के द्वारा टोकन जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन किसानों की स्लॉट की वैधता समाप्त हो गई है, उनकी अवधि डीएसओ लॉगिन से बढ़ाने तथा इन किसानों से गेहूं की खरीदी 9 मई तक करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश खाद्य विभाग द्वारा जारी कर दिए गए हैं।

### योग गुरु पद्मश्री शिवानंद बाबा के निधन पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने गहन शोक व्यक्त किया

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने काशी के प्रख्यात योग गुरु पद्मश्री शिवानंद बाबा के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पद्मश्री शिवानंद बाबा जी के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। उन्होंने योग, संयम और सेवा के माध्यम से मानवता को नई दिशा दी। उनका तपस्वी जीवन समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### जलूद में 60 मेगावाट सोलर पार्क की ओर ऐतिहासिक कदम

# आशू खेड़ी में सौर ऊर्जा परियोजना पर कार्य युद्धस्तर पर

विनय उजाला

**इंदौर। नगर निगम द्वारा जलूद स्थित आशू खेड़ी में 60 मेगावाट क्षमता वाले सोलर पार्क का निर्माण तीव्र गति से प्रगति पर है। रविवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा, बबलू निगम, संबंधित विभागों के अधिकारी और सोलर पैनल लगाने वाली कंपनी के प्रतिनिधियों ने परियोजना स्थल का दौरा किया और कार्य प्रगति की समीक्षा की।**







मुख्य बिंदु : जलूद सोलर परियोजना की विशेषताएं

**1. उद्देश्य :** नर्मदा जल लिफ्ट परियोजना में उपयोग होने वाली बिजली की लागत को कम करना। हर माह लगभग 5 करोड़ की बचत। इंदौर को सोलर सिटी व ग्रीन सिटी के रूप में विकसित करना।

**2. परियोजना स्थान :** आशू खेड़ी, जलूद, जिला इंदौर

**भूमि क्षेत्र :** 225 एकड़

3. क्षमता

**कुल उत्पादन क्षमता:** 60 मेगावाट

मध्य प्रदेश के किसी नगर निकाय द्वारा संचालित सबसे बड़ी सौर परियोजना।

4. वित्तीय स्रोत

ग्रीन बॉन्ड के माध्यम से 250 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई गई।

देश के सबसे सफल नगर निगम ग्रीन बॉन्ड्स में शामिल।

**5. तकनीकी विशेषताएं**

### 250 करोड़ रुपये से अधिक ग्रीन बॉन्ड निवेश से शुरू हुआ इंदौर नगर निगम का देश का सबसे बड़ा सोलर जल प्रबंधन प्रोजेक्ट

सौर पैनल्स, इनवर्टर, ग्रिड इंटरफेस जैसी उच्च तकनीक सुविधाएं शामिल। अगस्त 2025 तक पूर्ण रूप से कार्यशील होने की संभावना।

**6. पर्यावरणीय लाभ**

सालाना हजारों टन CO2 उत्सर्जन में कमी। पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता में कमी। नगर स्तर पर हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने वाली मॉडल परियोजना। जनता की भागीदारी से बना ऐतिहासिक प्रोजेक्ट

इंदौर नगर निगम ने देश में पहली बार ग्रीन बॉन्ड के जरिए आम जनता को पर्यावरणीय निवेश में भागीदार बनाया। इस पहल को जोरदार समर्थन मिला, और 250 करोड़ से अधिक राशि निवेशकों द्वारा जुटाई गई। इससे नागरिकों ने स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी सिद्ध की है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यह सिर्फ एक ऊर्जा परियोजना नहीं, बल्कि इंदौर की पर्यावरणीय चेतना और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। अगस्त के अंत तक इसका लोकार्पण संभव है। मैं इस परियोजना से जुड़े हर नागरिक, निवेशक, अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों को बधाई देता हूं।

महापौर पुष्यमित भार्गव ने आगामी दिनों में इस ऐतिहासिक उपलब्धि का सार्वजनिक समारोह आयोजित करने की भी घोषणा की।

## मुख्यमंत्री ने किया लॉयर्स चेम्बर एवं मल्टीलेवल पार्किंग का शिलान्यास



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को जबलपुर में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित एक भव्य एवं गरिमामय समारोह में लॉयर्स चेम्बर और मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। समारोह में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री जस्टिस सूर्य कांत, श्री जस्टिस जे. के. माहेश्वरी एवं श्री जस्टिस एस. सी. शर्मा, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री जस्टिस सुरेश कुमार कैत, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश श्री जस्टिस संजीव सचदेवा एवं महाधिवक्ता प्रशांत सिंह मौजूद थे। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय परिसर के समीप बनने वाले लॉयर्स चेम्बर एवं मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। समारोह में एमपी स्टेट बार कॉउंसिल के चेयरमेन श्री राधेलाल गुप्ता, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल, हाईकोट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री डी. के. जैन, मध्यप्रदेश स्टेट बार कॉउंसिल के उपाध्यक्ष श्री आर. के. सिंह सेनी एवं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल श्री धरमिन्दर सिंह राठौड़ भी उपस्थित थे। इसके पहले समारोह स्थल पहुंचने पर महाधिवक्ता श्री प्रशांत सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से जबलपुर सर्किट हाउस में विधायक श्री अशोक रोहाणी एवं श्री नीरज सिंह और रत्नेश सोनकर ने सौजन्य भेंट की।

## आशा मानधन्या की कृति आशा की अनुभूति का विमोचन

विनय उजाला





**इंदौर। लेखिका आशा मानधन्या की पुस्तक आशा की अनुभूति के विमोचन का आयोजन वामा साहित्य मंच के तत्वावधान में प्रेस क्लब में सम्पन्न हुआ। यह लेखिका की प्रथम कृति है जो हमारे आस-पास के मनन करने योग्य विषय पर आधारित 37 आलेखों का संग्रह है।**

विमोचन के अवसर पर लेखिका आशा जी ने अपने सृजन के विषय में बताया कि घर में धार्मिक पुस्तकों का भंडार था और वहीं से पढ़ने की प्रेरणा मिली। लिखती तो वे बाल्यावस्था से ही रही है लेकिन पहले भारतीय मूल्यों के अनुरूप परिवार को महत्व दिया और घर-परिवार की जिम्मेदारी निभाते के साथ जीवन के उतार-चढ़ाव में जो अनुभूति की, उसका सृजन ही प्रथम पुस्तक के रूप में सभी के बीच है। एक सफल पुरुष के पीछे जैसे स्त्री होती है वैसे ही मेरे पीछे पति? कृष्ण कुमार मानधन्या, तीनों बच्चे व पूरा परिवार साथ है तो ही मैं सृजन पथ पर चल पाई हूं।

विमोचन में अध्यक्षता कर रहे श्री सत्यनारायण सत्तन जी ने बोला कि जीवन शगुन, अपशगुन का मेल है लेकिन उसमें आशाएं कभी नहीं मरती। आशा में लगन से भक्ति का माध्यम जुड़ जाए तो ज्ञान, वैराग्य, तप से अनुभूतियों का जो सृजन होता है। वही आशा की अनुभूति के माध्यम ने लेखिका ने लिखा है। साहित्य समाज का दर्पण है और लेखिका ने समाज से जो अनुभूतियों को गृहण किया वह संकल्प की सिद्धी के साथ लिखा जो अंधेरे से उजाले की ओर ले जाने वाला सुगम सृजन है और गृहणी रहने हुए किया है, वह प्रशंसनीय है।

विमोचन में मुख्य अतिथि के रूप में पधारें श्री गोपाल माहेश्वरी, बाल साहित्यकार ने बोला कि संतान के जन्म के समान प्रथम पुस्तक लेखन की खुशी मिलती है। पुस्तक पढ़कर उन्होंने अनुभव किया कि जो छोटे-छोटे आलेख सरल, सहज विषय को अनुभूति के रूप में लेखिका ने लिखे हैं वह समाज सेवा के समान है। उन्हें पढ़कर केवल बड़े ही नहीं बल्कि बच्चे भी जीवन में ज्ञान प्राप्त कर सकते है।

वही पुस्तक की चर्चाकार व वामा साहित्य मंच की अध्यक्ष ने स्वागत उद्बोधन के साथ आशा की अनुभूति को अनुभूत करते हुए बताया कि सभी आलेख विषयों की विविधता के साथ लिखे गए है। जो मानव मन में घर-परिवार, समाज को देखकर जो सुख दुख, चिंता, मनन की अनुभूति का साकार रूप है। जो अनुकरणीय भी है। लेखिका प्रारंभ तो धार्मिक आलेख में गणेश जी और राम जी से करती है लेकिन वे भूख की व्याकुलता, पर्यावरण चिंतन, मानवीय गुणों के ह्रास, परिवार में सामन्जस्य , भारतीय संस्कृति, भाषा की शुद्धता, गौ महिमा, अन्न ही ब्रह्म जैसे सभी सरल किन्तु विचारणीय विषयों पर सहज व सफल लेखन कर पाई है। अध्यक्ष के रूप ज्योति जी ने सभी वामा सखियों को अनुशासन और समयबद्धता की सीख भी दी।

वही लेखिका के पुत्र शाश्वत मानधन्या ने भी लेखिका के सफल मां के रूप व्यक्तित्व को आलौकित किया। कहा कि उस मां की कलम के बारें में क्या बोलूं जिसने मुझे कलम चलाना सिखाई है। मां मेरी सदैव से प्रेरणा रही है और आगे भी वे मेरी मार्गदर्शिका रहेंगी।

आयोजन में लेखिका आशा मानधन्या का सम्मान वामा साहित्य मंच की सचिव स्मृति आदित्य सहित उपस्थित वामा सखियों ने किया। हिंदी परिवार, कोठारी और मानधन्या परिवार ने भी लेखिका का सम्मान किया। पुस्तक के संपादक व प्रकाशक मुकेश इंदौरी को भी सम्मानित किया गया। सुमधुर सरस्वती वंदना अर्चना पंडित ने प्रस्तुत की, अतिथियों का स्वागत कृष्ण कुमार मानधन्या, शाश्वत मानधन्या, राजेश कोठारी, उमेश मानधन्या, प्रिया मानधन्या, श्रेया सोडानी, डॉ. गरिमा संजय दूबे, अवन्ती श्रीवास्तव, कविता अर्गल, रेखा कोठारी, करुणा प्रजापति ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सपना सी.पी. साहू स्वप्निल ने किया और आभार श्रेया सोडानी ने माना।

## नीमच रेलवे स्टेशन पर चेकिंग स्टाफ की सतर्कता से एक महिला यात्री की बची जान

विनय उजाला



**रतलाम, निप्र। रेलवे के कर्मयोगी निरंतर अपनी सेवा में तत्पर है । रेलवे के कर्मयोगी न केवल अपनी निर्धारित ड्यूटी करते हैं बल्कि स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म या ट्रेन में कोई अनहोनी घटना को रोकने का भी हर संभव प्रयास करते हैं। इन्हीं कर्मयोगीयों के कारण यात्रियों की जान-माल के साथ ही उनके सामानों की सुरक्षा हो पाती है।**

03 मई, 2025 को नीचम रेलवे स्टेशन पर एक संभावित घटना को रेलवे कर्मयोगी श्री रामेश्वर मीना के सतर्कता के कारण टाला जा सका। 03 मई, 2025 को सीसीटीई श्री मीना जो नीमच स्टेशन पर पदस्थ है रात्रि 22.00 बजे से ड्यूटी पर थे। गाड़ी संख्या 07020 हैदराबाद जयपुर स्पेशल ट्रेन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर आगमन के समय श्री मीना भी प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर टिकट चेक करने के लिए गये। गाड़ी चलने के उपरांत जनरल कोच से एक महिला यात्री अचानक प्लेटफार्म पर कूद गई। तुरंत श्री मीना द्वारा बिना देर किये उस महिला यात्री को ट्रेन से अपनी ओर खिंच लिया जिसके कारण महिला ट्रेन के चपेट में आने से बच गई। बाद में महिला ने बताया कि वह मंदसौर से बैठी थी और नीमच उतरना था लेकिन गलती से उसे स्टेशन आने पता नहीं चला। महिला यात्री ने श्री मीना एवं रेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया जिसके कारण आज उनकी जान बची।

श्री मीना अपने कार्य के साथ ही मानवीय मूल्यों का भी विशेष ध्यान रखते हैं तथा इनके द्वारा जीवन रक्षा से संबंधित पूर्व में भी कई बार कार्य किये गये हैं। उनके इन्हीं कार्यों के लिए महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे द्वारा इस वर्ष विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार भी प्रदान किया गया था।

इस प्रकार की घटनाएं इस बात का प्रमाण है कि हमारे टिकट चेकिंग स्टाफ न केवल अपने कार्य के प्रति दृढ़संकल्पित हैं बल्कि मानवीय मूल्यों जैसे दायित्वों के निर्वहण में भी काफी अग्रणी हैं।

चलती ट्रेन में चढ़ना या उतरना खतरनाक होता है। इस कार्य से आपकी जान भी जा सकती है। सतर्क रहें सुरक्षित रहें, चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने से बचें।

## ईएसआईसी हॉस्पिटल के मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ हेतु प्रधानमंत्री को बुलाने की कवायद

विनय उजाला

### दो सौ अतिरिक्त बेड्स की मंजूरी भी मिली, देश का सबसे बड़ा ईएसआईसी हॉस्पिटल होगा





**इंदौर.** इंदौर के नंदानगर में ईएसआईसी हास्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज खुलने की सारी तैयारियां हो चुकी हैं। इस अस्पताल के लिए 100 अतिरिक्त बेड्स की भी मंजूरी प्राप्त हो गई है। 400 बेड्स की स्थापना के बाद यह देश का सबसे बड़ा ईएसआईसी हॉस्पिटल होगा। इंदौर के लिए यह बडी गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि इस मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ के बाद इंदौर देश के उन चुनिंदा शहरों में शामिल हो जाएगा जहां दो मेडिकल कॉलेज हैं। आपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया का धन्यवाद देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है कि वे इस मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ हेतु प्रधानमंत्री से आग्रह करें।

सांसद लालवानी ने बताया कि इस अस्पताल के लिए प्रारंभ में 300 बेड्स की स्वीकृति मिली थी। लेकिन इंदौर के फैलाव और बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए मंत्रालय ने 100 अतिरिक्त बेड्स की स्वीकृति प्रदान कर दी है। 400 बेड्स का निर्माण होने के बाद यह देश का सबसे बड़ा ईएसआईसी हॉस्पिटल हो जाएगा।

सांसद लालवानी ने बताया कि उनकी मांग के आधार पर इस मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति प्राप्त हुई है। ईएसआईसी की 194 वीं बैठक में इसे स्वीकृति दी गई है, जिसका उद्देश्य श्रमिकों और आम जनता के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल शिक्षा को बढ़ाना है। इससे सरकारी मेडिकल कॉलेज में सीटों की बढ़ती हुई मांग को भी पूरा किया जा सकेगा। इस हॉस्पिटल से ग्रामीण और अर्धशहरी इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी।

आपने बताया कि शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन चालू होने वाले हैं। यहां मेडिकल कॉलेज के लिए डीन की नियुक्ति के साथ-साथ स्टाफ की नियुक्ति भी क्रमवार हो रही है। सांसद लालवानी ने बताया कि उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि इस मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ प्रधानमंत्री जी की उपस्थिति में होना चाहिए। अत: आप प्रधानमंत्री से इस बाबत समय प्राप्त करने का कष्ट करें।

### नीरज शर्मा का आकस्मिक निधन



**इंदौर, विनय उजाला।** जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारी श्री नीरज शर्मा का आज भोपाल में आकस्मिक निधन हो गया। आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े एवं मध्यप्रदेश जनसंपर्क अधिकारी संघ ने उनके निधन पर गहन शोक जताया है। श्री नीरज शर्मा एक प्रतिभाशाली अधिकारी थे। वे छतरपुर, सीधी, रतलाम इत्यादि जिलों में पदस्थ रहे।

**Change in Name**

I **TAHA** Here by Declare That I have changed My name as **TAHA RAJGARHWALA S/O HAKIMUDDIN RAJGARHWALA** so, from now and In future I will be known by my new name. **TAHA RAJGARHWALA S/O HAKIMUDDIN RAJGARHWALA Add:810/3, BOHRA COLONY,BADA BANGARDA,GANDHI NAGAR, INDORE(M.P.)**



## माहेश्वरी समाज ड़ही का नर्मदा चुनरी महोत्सव कार्यक्रम संपन्न

विनय उजाला

**डही, निप्र।** माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा आयोजित चुनरी अर्पण कार्यक्रम शनिवार को माहेश्वरी महिला मंडल एवं माहेश्वरी समाज डही द्वारा कोटेश्वर नर्मदा तट पर माँ नर्मदा जी को चुनरी अर्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ शनिवार को ड़ही में दोपहर 2:00 बजे माहेश्वरी समाजजन एकत्रित होकर राम मंदिर से भव्य चुनरी शोभायात्रा के साथ सदर बाजार होते हुवे हनुमान मंदिर कुक्षी रोड पहुंचकर कोटेश्वरके लिए प्रस्थान किया कोटश्वर मे मां नर्मदा जी की आरती पूजन कर माँ नर्मदा के एक छोर से दूसरी छोर तक बोट के माध्यम से 151 चुनरी अर्पण कि गई. इसके पश्चात् समाज का सहभोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुवा।

## कार्यालय थाना प्रभारी थाना गौतमनगर भोपाल

**फोन नं. 0755-2730830, E-mail : psgautamnagar@gmail.com**

**क्रं./था.प्र./गौतम नगर/मर्ग क्रं.10/2025** **दिनांक : 01/05/2025**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26/03/25 को सूचक रमेश कुमार पिता पूरनलाल उम्र 53 साल निवासी ग्राम नेवरी संजीव नगर गुफा मंदिर रोड़ थाना निशातपुरा भोपाल कि रिपोर्ट पर थाना गौतम नगर में मर्ग क्रमांक 10/25 धारा 194 बी.एन.एस.एस. कायम कर जांच में लिया गया, जिसमें मृतक अज्ञात पुरूष उम्र 40 वर्ष के परिजनों की तलाश के हर संभव प्रयास किये गये, किन्तु अभी तक कोई पता नहीं चल सका है, जिसका हुलिया रंग- गेहुंआ, चेहरा - गोल, कद- 5 फिट 6 इंच, बदन- हष्ट पुष्ट, पहनावा - नीला जींस पेंट व नीले रंग की टी-शर्ट पहने हुए है, दाहिने हाथ पर अंग्रेजी में महेश गुदा है, जिसके परिजनों की तलाश की जा रही है, जिसके परिजनों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।



अत: मृतक अज्ञात पुरूष उम्र 40 वर्ष निवासी अज्ञात के परिजनों के संबंध में कोई जानकारी रखता है या मृतक के परिजनों के संबंध में कोई सूचना प्राप्त होती है, तो थाना गौतम नगर भोपाल के दूरभाष क्रं. 0755-2730830 व जांचकर्ता कार्य. प्र.आर. 2968 देवीप्रसाद खरे के मो.नं. 7049104205 पर सूचित करें।

**जी-12337/25** "स्वच्छता ही सेवा" **थाना प्रभारी थाना गौतम नगर, भोपाल**

# सम्पादकीय

## राहुल गांधी को फटकार

न्यायपालिका से अपेक्षा उदात्त अंतरराष्ट्रीय प्रतिमानों के अनुरूप व्यवस्था देने की होती है, ताकि समाज उत्तरोत्तर लोकतांत्रिक होने की ओर अग्रसर हो सके। उससे अपेक्षा उसूलों की संकुचित परिभाषा करने की कोशिशों पर रोक लगाने की होती है।विनायक दामोदर सावरकर के लिए कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को फटकार लगाते हुए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जो दायरा तय किया है, वह परेशानी का शबब है। इसलिए नहीं कि कांग्रेस नेता ने जो टिप्पणी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान की थी, वह उचित है। उस बारे में अंतिम निर्णय तो अभी न्यायालय में विचाराधीन है। मगर न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन ने जो कहा, उसका अर्थ है कि स्वतंत्रता सेनानी आलोचना से ऊपर है, भले उनके कुल योगदान के बारे में कुछ असहज करने वाले तथ्य या उनकी भूमिका के बारे में असहमत विश्लेषण मौजूद हों।खुद सर्वोच्च न्यायालय अतीत में कई विवादास्पद किताबों, फिल्मों और बयानों के सही या गलत होने संबंधी राय जताए बिना यह व्यवस्था दे चुका है कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के व्यापक दायरे में आता है। लेकिन अब उसने जो कहा है, उससे यह दायरा संकुचित हुआ है। इससे उस विवेकहीनता को बल मिलेगा, जो देश के राजनीतिक विमर्श पर हावी होता गया है। इससे उस माहौल को तर्क मिलेगा, जिसे फैलाने में तमाम राजनेताओं ने भूमिका निभाई है। इसकी मिसाल कुछ महीने पहले देखने को मिली, जब डॉ. अंबेडकर के बारे में गृह मंत्री अमित शाह की एक साधारण-सी टिप्पणी को लेकर विपक्ष ने कई दिन तक संसद नहीं चलने दी। उस टिप्पणी से अंबेडकर का अपमान हुआ है और इसके लिए शाह को माफी मांगनी होगी, यह तर्क देने वालों में तब राहुल गांधी भी थे।इस बिंदु पर यह रेखांकित करने की जरूरत है कि मान-अपमान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मुद्दों पर नजरिया अलग-अलग पक्षों की सुविधा के अनुसार तय नहीं हो सकता। बहरहाल, यह अफसोसनाक है कि राजनीतिक रुख और सामाजिक विमर्श में तय किए जाने वाले पैमानों से अब न्यायपालिका भी प्रभावित होती दिख रही है। जबकि उससे अपेक्षा संवैधानिक एवं उदात्त अंतरराष्ट्रीय प्रतिमानों के अनुरूप व्यवस्था देने की होती है, ताकि समाज उत्तरोत्तर लोकतांत्रिक होने की ओर अग्रसर हो सके। उससे अपेक्षा उसूलों की संकुचित परिभाषा करने की कोशिशों पर रोक लगाने की होती है। इसीलिए ताजा न्यायिक टिप्पणियां निराशाजनक महसूस हुई हैं।

## सुविचार

हमारी पहचान मीठी वाणी से नहीं,
वरना अच्छे कर्मों से होती है।

**- पुष्पेन्द्र कानूनगो, इंदौर**

मित्रता, भगवान का बनाया हुआ
सबसे बेहतरीन सम्बन्ध है।

**- मीनाक्षी शुक्ला, खंडवा**

लोग आपके प्रशंसक है यह आपकी योग्यता है,
लोग आपसे जलते हैं ये आपका जलवा है।

**- प्रदीप दुबे, इंदौर**

इम्तिहान तो हर इंसान के होते हैं, बस वो लोग
हार जाते हैं, जो लोग परेशान होते हैं।

**- अशोक परमार, आष्टा**

जिस दिन आपका काम, आपके मूड
से ज्यादा जरूरी हो जायेगा, उस दिन
आपकी सफलता निश्चित हो जाएगी।

**- राजेन्द्र पाल सिंह डंग, इंदौर**

## फिर तो भोले आएंगे




तन-मन में जब अहं भरा हो,
भोले कैसे आएंगे,
फोड़ अहं की तेरी गगरी,
फिर तो भोले आएंगे।
तन-मन में ......
चर्चा होती गली-गली जब,
भोले तेरे आने की,
मन मेरा फिर इत-उत डोले,
झलक तेरी पा जाने को।
तन-मन में ....
सतयुग,त्रेता और द्वापर से,
रिश्तों का स्नेह बड़ाएंगे,
भक्ति से जब मन जोड़ा तो,
एक-एक युग फिर आएंगे।
तन-मन में ...
समय की धारा में बहकर हम,
भोले-भोले गाएंगे,
नजर लगे ना किसी की हमको,
जमकर धूम मचाएंगे।
तन-मन में ....
आदि-अंत नहीं है भोले का,
श्वांसों में महकाएंगे,
बन जीवन का पहला अक्षर,
बस भोले के गुन गाएंगे।
तन-मन में ....
(212/266 वां मनका)

दैनिक विनय उजाला

**- कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी 'राम'**
**गांधीनगर, इन्दौर (म.प्र.)**

छत्रपति शिवाजी महाराज केवल योद्धा नहीं थे, वे भारतीय राष्ट्रवाद की जीवंत प्रतिमा थे। उनकी युद्धनीति, उनकी प्रशासनिक सूझबूझ और उनके धर्मनिरपेक्ष व्यवहार ने उस दौर में भी हिन्दुस्तान की अस्मिता को एक नई परिभाषा दी, जब भारत टुकड़ों में बँटा हुआ था।

# इतिहास का बोझ : कब तक हमारी पीढ़ियाँ झुकती रहेंगी

प्रियंका सौरभ



मुझे यह सोचकर पीड़ा होती है कि आज भी हमारे बच्चों को इतिहास के नाम पर मुग़ल शासकों की गाथाएँ पढ़ाई जाती हैं, जबकि चाणक्य, चित्रगुप्त और छत्रपति शिवाजी जैसे हमारे महान विचारकों और योद्धाओं को पाठ्यक्रम में पर्याप्त स्थान नहीं मिलता। मेरा मानना है कि इतिहास केवल जानने का विषय नहीं, बल्कि आत्मगौरव और पहचान का आधार है। हमारी आने वाली पीढ़ियाँ अपने गौरवशाली अतीत से जुड़ें और उन्हें वह शिक्षा मिले जो उनके भीतर आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति जगाए। जय सनातन केवल नारा नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक संकल्प है।

इतिहास केवल अतीत का आईना नहीं होता, वह आने वाली पीढ़ियों की दृष्टि का आधार भी होता है। अफसोस है कि भारत के वर्तमान शैक्षणिक ढाँचे में यह आईना धुंधला कर दिया गया है। मुग़ल दरबारों की चमक, विदेशी आक्रांताओं की वीरता और गुलामी के प्रतीकों को जिस तरह से भारतीय इतिहास के केन्द्र में रखा गया है, वह न केवल बौद्धिक अन्याय है, बल्कि सांस्कृतिक आत्महीनता का भी बीज है। आख़िर कब तक हमारे बच्चों पर मुग़ल शासकों का बोझ लादा जाएगा। कब तक हमारी नई पीढ़ी औरंगज़ेब, बाबर, खिलजी की तलवारों को आदर्श समझेगी और अपने महान पूर्वजों की गाथाओं से अनजान रहेगी। यह प्रश्न केवल शिक्षा व्यवस्था का नहीं है, यह हमारी आत्मा और पहचान का भी प्रश्न है। चाणक्य, जिन्हें कौटिल्य या विष्णुगुप्त के नाम से भी जाना जाता है, कोई साधारण राजपुरुष नहीं थे। वे राजनीति, अर्थशास्त्र और कूटनीति के मनीषी थे। 'अर्थशास्त्र' जैसा ग्रंथ लिखने वाला यह विचारक, केवल एक राजा का गुरु नहीं था। वह सम्राटों को राष्ट्रधर्म का बोध कराने वाला मार्गदर्शक था। पर क्या हमारे पाठ्यक्रम में चाणक्य के सिद्धांतों को वह स्थान मिला है, जो वह वास्तव में इसके हकदार थे ? किसी भी राष्ट्र की नीतिगत समझ अपने विचारशील नेताओं के दर्शन से बनती है। चाणक्य के सिद्धांत आज भी शासन, कूटनीति और प्रशासन के क्षेत्र में प्रासंगिक हैं। लेकिन जब इतिहास की किताबों में चाणक्य के नाम पर केवल 2-3 पंक्तियाँ मिलती हैं, तब समझ आता है कि ज्ञान के सूर्य को कितनी कृत्रिम छाया से ढक दिया गया है।

इसी तरह चित्रगुप्त, एक ऐसा नाम जो केवल धार्मिक आस्थाओं तक सीमित कर दिया गया है। परन्तु उनका महत्व एक अत्यंत उच्च कोटि के सामाजिक व्यवस्थापक का भी था। वे कर्म का लेखा-जोखा रखने वाले देवता माने जाते हैं, पर इसका व्यापक आशय आज की पीढ़ी को नहीं सिखाया जाता। चित्रगुप्त न्याय और दायित्व की उस परंपरा का प्रतीक हैं, जो भारतीय दर्शन की रीढ़ है। अगर हम अपने बच्चों को यह नहीं बताएँगे कि हमारे पूर्वजों ने न्याय, विवेक और उत्तरदायित्व को कितनी ऊँचाई दी थी तो वे विदेशी न्यायशास्त्रों को ही आधुनिक और सर्वोत्तम मानते रहेंगे।

छत्रपति शिवाजी महाराज केवल योद्धा नहीं थे, वे भारतीय राष्ट्रवाद की जीवंत प्रतिमा थे। उनकी युद्धनीति, उनकी प्रशासनिक सूझबूझ और उनके धर्मनिरपेक्ष व्यवहार ने उस दौर में भी हिन्दुस्तान की अस्मिता को एक नई परिभाषा दी, जब भारत टुकड़ों में बँटा हुआ था। हैरत की बात है कि आज भी कई राज्यों के स्कूली पाठ्यक्रमों में शिवाजी का नाम केवल एक 'मराठा योद्धा' तक सीमित कर दिया गया है। क्या यही है हमारी ऐतिहासिक दृष्टि? क्या यह न्याय है उस नायक के साथ, जिसने हिंदवी स्वराज्य की कल्पना को तलवार की धार पर जिया? इतिहास सिर्फ़ वो नहीं होता जो घटित हुआ, इतिहास वो होता है, जिसे बताया गया, पढ़ाया गया और दोहराया गया। जब पाठ्य-पुस्तकों में तैमूर, ग़ोरी को विस्तार से पढ़ाया जाए और पृथ्वीराज चौहान, राणा प्रताप, गुरुगोबिंद सिंह, झाँसी की रानी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस को हाशिये पर डाल दिया जाए तो पीढ़ियाँ गुलाम मानसिकता की पाठशाला से ही निकलेंगी। भारत का इतिहास वेदों में है, उपनिषदों में है, रामायण और महाभारत में है, नालंदा और तक्षशिला में है, आर्यभट्ट, वराहमिहिर और भास्कराचार्य के विज्ञान में है। पर अफ़सोस कि बच्चों को इनकी जगह सिखाया जाता है कि कौन सा विदेशी ने भारत में रेल लाया, डाकघर लाया और किसने क़ानून सिखाया।

यह विषय केवल पाठ्यक्रम में नाम जोड़ने और हटाने का नहीं है। यह एक गहरी वैचारिक लड़ाई है‍हमारे आत्मबोध, आत्मगौरव और सांस्कृतिक अस्तित्व की। अगर हमारी पीढ़ियाँ लगातार वही इतिहास पढ़ेंगी, जिसमें वे पराजित, गुलाम और निरीह चित्रित किए गए हैं तो वे स्वाभिमान और स्वतंत्र सोच कैसे विकसित करेंगी? हम यह नहीं कहते कि मुग़ल इतिहास को हटाया जाए। हम यह कहते हैं कि उसे भी उसी आलोचनात्मक दृष्टि से पढ़ाया जाए, जैसे किसी भी अन्य युग को। उसके साथ-साथ हमारे नायकों को भी वह सम्मान मिले जो वे पात्र हैं, दया नहीं। जय सनातन का अर्थ केवल धार्मिक जयघोष नहीं है। यह उस मूल चेतना का आह्वान है जो भारत को भारत बनाती है जैसे सहिष्णुता, विज्ञान, दर्शन, आत्मानुशासन और कर्म। सनातन भारत की आत्मा में चाणक्य की नीति, शिवाजी की शौर्यता, चित्रगुप्त की न्याय भावना, विदुर की नैतिकता और महर्षि पतंजलि की योगमय सोच शामिल है। जब तक यह आत्मा पाठ्यक्रमों में नहीं झलकेगी, तब तक हमारी चेतना अधूरी ही रहेगी। आज आवश्यकता है एक नए भारत के निर्माण की। ऐसा भारत जो अपने अतीत से शर्मिंदा न हो, बल्कि उस पर गर्व करे। हमें अपने इतिहास का पुनर्लेखन नहीं, पुनर्जागरण करना है। हमारे पूर्वजों की गाथाएँ, उनके सिद्धांत, उनके मूल्यों को नई पीढ़ी तक ले जाना कोई साम्प्रदायिक कार्य नहीं, बल्कि राष्ट्रीय उत्तरदायित्व है। अब समय है कि हमारी शिक्षा नीति, पाठ्यपुस्तक समितियाँ और बौद्धिक संस्थान यह सोचें कि क्या हम एक आत्मनिर्भर, आत्मगौरव से युक्त भारत की नींव रख रहे हैं या गुलामी के रंग से रंगी हुई इमारतें बना रहे हैं? क्योंकि जो राष्ट्र अपने नायकों को भूलता है, वह अंततः स्वयं को भी खो देता है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# पटना सिर्फ मेरे लिए शहर नहीं, मेरी प्रेरणा का स्रोत है : विजय पांडे

दूरदर्शन के ओ टी टी वेव्स पर कल से एक नई श्रृंखला सरपंच साहब की शुरुवात हुई है। इस श्रृंखला में एक अहम किरदार का नाम है लट्टन और जिसे निभाया है अभिनेता विजय पांडे ने जिनके अभिनय कला को खूब सराहा जा रहा है। प्रस्तुत है विजय पांडे से एक लंबी बातचीत :






सबसे पहले अपने बारे में बताएं- मेरा जन्म कोलकाता की हलचल भरी गलियों में हुआ, लेकिन मेरी आत्मा बिहार के छपरा जिले के पिपरा गाँव से जुड़ी रही है जहां का मूलतः मैं निवासी हूं। पिपरा गाँव की मिट्टी की सोंधी खुशबू और वहाँ की सादगी मेरे व्यक्तित्व का हिस्सा बनी। मेरे पिता एक होटल व्यवसायी थे, और धीरे-धीरे हमारा परिवार पटना में बस गया। पटना मेरे लिए एक ऐसा शहर था, जो गाँव की सादगी और शहर की रफ्तार को जोड़ता था। यहीं से मैंने अपनी पढ़ाई पूरी की—राम मनोहर राय सेमिनरी से +2 और ए.एन. कॉलेज से ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की।

### अभिनय के क्षेत्र में जाने की प्रेरणा कैसे मिली?

युवावस्था के दिन मेरे लिए रोमांच से भरे थे। जब मैं +2 में था, तो साइकिल से स्कूल जाता था। रास्ते में पटना का कालिदास रंगालय दिखता, जहाँ हर शाम लोगों की भीड़ जमा होती थी। मेरे मन में हमेशा उत्सुकता रहती थी कि आखिर यहाँ क्या होता है? मेरे एक दोस्त, जिसके पिता रंगालय से जुड़े थे, ने मुझे बताया कि यहाँ नाटक मंचित होते हैं। पिपरा गाँव में दुर्गापूजा के दौरान मैंने नाटकों को देखा था, जहाँ साड़ी और चादर से स्टेज बनाया जाता था। लेकिन कालिदास रंगालय का अनुभव बिल्कुल अलग था।एक दिन मेरा दोस्त मुझे वहाँ एक नाटक दिखाने ले गया। जैसे ही मैं उस कैंपस में घुसा, मैं मंत्रमुग्ध हो गया। प्रोफेशनल स्टेज, लाइटिंग, दर्शकों की तालियाँ, और कलाकारों का जीवंत प्रदर्शन यह सब मेरे लिए एक नया संसार था। उस दिन मेरे अंदर अभिनय का कीड़ा जागा, और मैंने उसे कभी बाहर नहीं निकलने दिया। मैंने मन-ही-मन ठान लिया, अंदर ही रहो और मुझे काटते रहो!

**अभिनय की दुनिया इतनी आसान नहीं होती जाहिर है आपको भी काफ़ी संघर्ष करना पड़ा होगा, अपने संघर्ष के दिनों के बारे में कुछ बताएं :**

अभिनय का रास्ता चुनना आसान नहीं था। मैंने यह फैसला मन ही मन ले तो लिया था , लेकिन परिवार को बताने की हिम्मत नहीं थी। यह मेरे परिवार के लिए एक बड़ा बदलाव था। घर में थोड़ा विरोध हुआ, लेकिन धीरे-धीरे सब मान गए। मैंने नाटकों में हिस्सा लेना शुरू किया, और मेरे परिवार वाले दर्शक बनकर मेरे प्रदर्शन देखने आने लगे। जब नाटक के बाद अखबारों में मेरा नाम छपने लगा और तारीफ होने लगी, तो परिवार को यकीन हो गया कि उनका बेटा सही रास्ते पर है।

**सुना है आप कुछ दिनों तक पटना दूरदर्शन से भी जुड़े हुए थे :** सही सुना है आपने,उस समय पटना दूरदर्शन शुरू हो चुका था, जहाँ मुझे कुछ धारावाहिकों में काम मिला। फिर ई टीवी बिहार सैटेलाइट चैनल ने मुझे और अवसर दिए। यहाँ मैंने फिल्म निर्माण की बारीकियाँ सीखीं—स्क्रिप्टिंग, कैमरा एंगल, एडिटिंग, डायरेक्शन, प्रोडक्शन—सब कुछ। कम बजट के प्रोजेक्ट्स में एक व्यक्ति को कई भूमिकाएँ निभानी पड़ती थीं, और यह अनुभव मेरे लिए अनमोल साबित हुआ।

### मुंबई आने की योजना कैसे बनी?

मुंबई मेरे लिए एक सपना था, लेकिन वहाँ के संघर्ष की कहानियाँ सुनकर डर भी लगता था। मैंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एन एस डी) में दाखिला लेने की बहुत कोशिश की, लेकिन असफल रहा। निराशा हुई, लेकिन मैंने हार नहीं मानी। कुछ साल मैंने न्यूज़ चैनल में नौकरी की, लेकिन मेरी आँखों में मुंबई का सपना हमेशा रहा। नौकरी और सपनों के बीच द्वंद्व चलता रहा।आखिरकार, 30 दिसंबर 2010 को मैंने फैसला किया कि अब नौकरी नहीं, मुंबई ही मेरा लक्ष्य है। 31 दिसंबर की रात 12 बजे मैं मुंबई पहुँचा, और 1 जनवरी 2011 से मैंने अपने सपनों को हकीकत में बदलने का संघर्ष शुरू किया। पहले भी मैं मुंबई आ चुका था, लेकिन ज्यादा दिन नहीं रुक पाया था। उस दौरान मैं अपनी फोटो डायरेक्टर्स और प्रोडक्शन हाउस में बाँट देता था। 2011 में मैंने मुंबई में डेरा डाल लिया और काम की तलाश में जुट गया।

### मुंबई का संघर्ष, रिजेक्शन का दुःख और फिर सफ़लता की राह कैसा रहा यह सफ़र?

मुंबई में राह आसान नहीं थी। छोटे-मोटे रोल, टीवी सीरियल, फिल्मों में मामूली किरदार—मैं सब करता रहा। ऑडिशन में कभी पास होता, लेकिन ज्यादातर बार रिजेक्शन ही मिलता। मुंबई में आप संघर्ष नहीं करते, आपसे संघर्ष करवाया जाता है। वो रिजेक्शन, वो असफलताएँ—वही आपके अंदर कुछ सुलगाती हैं। मैंने नेटफ्लिक्स के खाकी द बिहार चैप्टरमें वकील सिंह का किरदार निभाया, एम ए क्स प्लयेर के पूर्वांचल डायरीज में एक निगेटिव रोल किया, और फिल्म तमंचे में काम किया। कई बार मेरे रोल कट गए, तो कई बार फिल्में ही डब्बाबंद हो गईं। यह सिलसिला 15 साल तक चला।फिर मुझे सरपंच साहबसीरीज मिली, जिसके निर्देशक शाहिद खान और कास्टिंग डायरेक्टर साबिर अली हैं। ऑडिशन के बाद मुझे इस सीरीज का हिस्सा बनने का मौका मिला। इस सीरीज में वरिष्ठ कलाकार विनीत कुमार, नीरज सूद, सुनीता रजवार, अनुध सिंह ढाका, और युक्ति कपूर जैसे कलाकार हैं। इसकी कहानी देश के हर गाँव से जुड़ती है, और यह परिवार के साथ देखने लायक है। इसमें कोई अश्लील दृश्य नहीं है, जो इसे खास बनाता है।

### इसमें आपके किरदार (लट्टन) की बहुत तारीफ हो रही है कैसा लगता है इस सफ़लता से?

सफ़लता से भला किसे खुशी नहीं होती जाहिर है मुझे भी हो रही है। सच कहूं तो यह दशकों का प्यार है जिसकी जरूरत हरेक कलाकार को होती है जाहिर है मुझे भी इसकी ज़रूरत है। पर यह सफ़लता जिम्मेदारी भी बढ़ा देती है और उस जिम्मेदारी को निभाना बहुत बड़ी बात होती है। मैं यही चाहता हूं कि बस मै इस जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभा सकूं।

### ओ टी टी ने कई अच्छे कलाकार दिए हैं, आपकी क्या राय है?

जी बिलकुल ओ टी टी प्लेटफॉर्म्स ने उन कलाकारों को मौका दिया, जो बाजारवाद के कारण गुमनामी में खो रहे थे। यहाँ कहानी हीरो होती है, स्टार नहीं। यह मेरे जैसे कलाकारों के लिए एक बड़ा अवसर है।

### सुना है आप अपना एक यू ट्यूब चैनल भी चलाते हैं, इस बारे में कुछ बताएं?

कोरोना महामारी के दौरान मैंने अपने यूट्यूब चैनल गोल्डन मोमेंट्स विथ विजय पांडेशुरू किया था ।इस चैनल पर मैं फिल्मों और फिल्मी हस्तियों के बारे में अपने नजरिए से बताता हूँ। लोगों को यह पसंद आया, और चैनल को जबरदस्त लोकप्रियता मिली। इसने मुझे सिनेमा के और करीब लाया और मेरे जुनून को एक नया मंच दिया।

### पटना शहर ने आपको बहुत कुछ दिया है क्या सोचते हैं आप इस शहर के बारे में?

पटना मेरे लिए सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि मेरी प्रेरणा का स्रोत है। यहाँ की सादगी, मेहनत, और सपनों की उड़ान ने मुझे हमेशा प्रेरित किया। चाहे मैं कोलकाता की गलियों में बड़ा हुआ, पिपरा गाँव से अपनी जड़ें जोड़ीं, या मुंबई में संघर्ष किया—पटना का स्पंदन मेरे साथ रहा। यह शहर मुझे याद दिलाता है कि जड़ें कितनी भी दूर हों, वो हमेशा आपको ताकत देती हैं।

### अपने आगे की योजनाओं के बारे में कुछ बताएं?

मैं भविष्य की ज्यादा योजनाएँ नहीं बनाता, शायद इस मामले में मैं थोड़ा कमजोर हूँ। मेरे लिए अच्छा काम करने के लिए जरूरी है कि अपने दिमाग को एक ब्लैकबोर्ड की तरह रखा जाए, ताकि उस पर कुछ भी लिखा जा सके। मैं बस अच्छे काम की तलाश करता हूँ और उसे पूरी मेहनत से करने की कोशिश करता हूँ। यही मेरी योजना है, और यही रहेगी। बाकी सब ऊपरवाले की मर्जी पर छोड़ देता हूँ। यह दर्शन मुझे हर कदम पर प्रेरित करता है और मेरे संघर्ष को अर्थ देता है।

दैनिक विनय उजाला

**प्रस्तुति : राजेश कुमार सिन्हा**
**खार (वेस्ट), मुंबई 52**

# प्रवेग लिमिटेड ने बंगाराम आइलैंड रिसॉर्ट की कमान इंडियन होटल्स को सौंपी

विनय उजाला

**मुंबई। प्रवेग लिमिटेड ने अपने प्रमुख रिसॉर्ट 'प्रवेग एटोल्स', प्रवेग आइलैंड, लक्षद्वीप की संचालन जिम्मेदारी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (IHCL) को औपचारिक रूप से सौंप दी है। यह हस्तांतरण दोनों कंपनियों के बीच 3 मार्च 2025 को घोषित होटल प्रबंधन समझौते के तहत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**

इस हस्तांतरण के साथ, आईएचसीएल ने अपने प्रतिष्ठित सेलेक्शन्स ब्रांड के तहत बंगाराम आइलैंड रिसॉर्ट की पूरी कमान संभाल ली है, जिससे भारत के सबसे स्वच्छ द्वीपों में से एक पर मेहमानों को बेमिसाल लग्ज़री अनुभव देने की प्रतिबद्धता और भी मज़बूत हुई है। यह उपलब्धि प्रवेज़ और IHCL के बीच रणनीतिक साझेदारी के नए अध्याय की शुरुआत है, जिसका उद्देश्य है पर्यावरण-संवेदनशील लग्ज़री ट्रैवल को नए मायनों में परिभाषित करना। अब बंगाराम आइलैंड रिसॉर्ट आने वाले मेहमानों को IHCL की विश्वस्तरीय सेवाओं, व्यक्तिगत अनुभवों और सतत् आतिथ्य परंपराओं का अनूठा संगम मिलेगा — जो द्वीप की प्राकृतिक सुंदरता और पारिस्थितिक महत्व को और भी खास बनाता है। प्रवेग लिमिटेड के चेयरमैन डॉ. विष्णुकुमार पटेल ने हस्तांतरण पर कहा यह औपचारिक परिवर्तन प्रवेग और IHCL के साझा विज़न का प्रतीक है - बंगाराम द्वीप को विलासिता और सतत पर्यटन का आदर्श बनाने की दिशा में। हमें पूरा विश्वास है कि IHCL के नेतृत्व में यह रिसॉर्ट आतिथ्य के नए आयाम छुएगा, साथ ही द्वीप की नाज़ुक पारिस्थितिकी को भी संरक्षित रखेगा।

## सात फेरों के सात वचन

जीवन के इस बंधन में बंधे है हम
अग्नि के फेरों संग
सात फेरों के ये सात वचन
बन गए ज़िंदगी में ये अहम
हाथ थामे चलेंगे संग
निभाएंगे हर एक रशम
हर सुख दुःख के साथी हम
हो गए अग्निफेरों के संग!
सात फेरों के सात वचन
निभाएंगे हम जन्म जन्म
लाज रखेंगे रिश्तों की
ली है हमने ये कसम
ताउम्र निभाएंगे सात फेरों
के सात वचन,
समर्पित रहेंगे हर सुख दुःख में संग
साथ रखेंगे हर एक कदम
सात फेरों के सात वचन।

दैनिक विनय उजाला

**श्रीमती रानू सोनगीर 'रागिनी'**
**इंदौर, मध्यप्रदेश**

## मकान मालिक

दैनिक विनय उजाला

शहर के जाने माने उद्योगपति हरीश जी का सन्मान समारोह का कार्यक्रम चल रहा था तभी सोनू पत्रकार ने हरीश जी से एक प्रश्न पूछ लिया ‍कि आप शहर के प्रमुख उद्योगपति है फिर भी आप किराये के मकान में रहते है कुछ समझ नहीं आया ऐसा क्यों? इस पर हरीश जी ने जवाब ने ‍मेरे साथ बैठे मेरे चाचाजी ही मेरे मकान मालिक है, मेरे पिताजी आज से कोई 40 साल पहले इस शहर में आये थे तो चाचाजी के यहाँ 2 कमरे किराये से लिए थे, चाचाजी शासकीय सेवा में चतुर्थ क्षेणी कर्मचारी थे, साल भर में पिताजी और चाचाजी कि बहुत गहरी मित्रता हो गई तभी नजदीक में एक प्लाट बिकाऊ था तो चाचाजी ने पिताजी को दिलवा दिया, कुछ समय बाद पिताजी का ख़राब समय आया उस समय पिताजी कमरे का किराया भी नहीं दे पा रहे थे तो पिताजी ने प्लाट बेचने कि बात कही तो चाचाजी ने साफ मना कर दिया बोले किराया तो आ जायेगा लेकिन बिका हुआ प्लाट वापस नहीं आएगा, बस फिर क्या था पिताजी ने मेहनत करी और फिर समय अच्छा आया, फिर पिताजी ने यह कारखाने कि योजना बनाई तो उन्हें शासकीय अनुदान भी स्वीकृत हो गया लेकिन किसी कारण वश वो नहीं मिल पाया तो चाचाजी उसी समय सेवानिवृत हुए थे तो उन्होंने सेवानिवृत होने पर जो भी लाभ मिले वह पिताजी को दे दिए, इस पर पिताजी ने उन्हें अपने व्यापार में हिस्सेदार बना लिया, आज भी चाचाजी व्यापार में हिस्सेदार है, जब घर छोटा पड़ने लगा तो चाचाजी ने पिताजी से कहा कि तुम अब अपने प्लाट पर मकान बना लो लेकिन पिताजी ने इसी घर पर दूसरी मंजिल बना ली और किराया भी दौगुना कर दिया क्योकि चाचाजी सेवानिवृत हो चुके थे, फिर पिताजी कि तबियत ख़राब रहने लगी जब उनकी तबियत बहुत ज्यादा ख़राब थी तब उन्होंने मेरे से एक वादा लिया था कि जब तक चाचाजी और चाचीजी है तब तक मै इस घर को खाली कर अपना प्लाट नहीं बनाऊंगा, यदि चाचाजी घर खाली करने का बोले तो भी मकान खाली मत करना चाहे इसके लिए न्यायालय कि शरण ही क्यों ना लेना पड़े।



**- तपन जिंदल, इंदौर**

## राहुल के पुराने वीडियो को भाजपा ने राजनीतिक ढोंग कहा...

# कांग्रेस राज की गलतियों का जिम्मा लेता हूं...

नई दिल्ली, एजेंसी

**पिछले महीने कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया था और भारत से जुड़े कई मामलों पर अपनी बात रखी थी। इसी दौरान का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।**

वीडियो में एक सिख व्यक्ति ने इतिहास में समुदाय के प्रति कांग्रेस के बर्ताव पर सवाल उठाए। शख्स ने सज्जन कुमार और उनके जैसे नेताओं का कांग्रेस में होने का जिक्र किया। इस पर राहुल ने कहा कि जो कुछ भी हुआ, उस वक्त मैं नहीं था। हालांकि, कांग्रेस राज में जो कुछ भी गलत हुआ, उसके लिए मैं जिम्मेदारी लेता हूं। इस वीडियो को भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी पोस्ट किया और राहुल के बयान को राजनीतिक ढोंग करार दिया।

### पहले जानते हैं कि वीडियो कब का है

भाजपा नेता की ओर से शेयर किए गए वीडियो पर 21 अप्रैल 2025 की तारीख दिखाई दे रही है। कार्यक्रम वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटीनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में आयोजित किया गया था। इस दौरान एक सत्र में राहुल ने हिस्सा लिया था, जब वहां मौजूद लोगों ने उनसे सीधे सवाल किए थे। इस दौरान राहुल से एक सिख शख्स ने राहुल से तीखे सवाल किए थे और कांग्रेस के बीते इतिहास को याद दिलाया था।

### राहुल से क्या पूछा गया था...

सिख व्यक्ति ने राहुल गांधी से पूछा कि आपने अपनी पिछली अमेरिका यात्रा के दौरान ट्वीट किया था, जिसमें आपने भारत और बाहर के सिखों से बात की थी। आपने पूछा था कि क्या भाजपा राज में आपको कड़ा पहनने और पगड़ी बांधने दिया जा रहा है? जबकि कांग्रेस ने खुद भी सिखों को अभिव्यक्ति की आजादी नहीं दी। पार्टी ने सिखो के बीच एक डर तैयार किया, जैसा आप भाजपा को बता रहे हैं। आप निष्पक्ष राजनीति की बात करते हैं, डर के बिना राजनीति की बात करत हैं। हम सिर्फ कड़ा नहीं पहनना चाहते हैं, सिर्फ पगड़ी नहीं बांधना चाहते हैं। हम अभिव्यक्ति की आजादी चाहते हैं, जो कांग्रेस पार्टी ने इतिहास में हमें नहीं दी। आपकी पार्टी ने कभी गलती मानने की परिपक्वता नहीं दिखाई। सज्जन कुमार जैसे नेता इसके उदाहरण हैं। ऐसे कई नेता आज भी पार्टी में हैं। आप सिख समुदाय के साथ इसे कैसे सुधारेंगे?



### राहुल ने दिया था जवाब

राहुल गांधी ने जवाब में कहा, बहुत कुछ तब हुआ, जब मैं राजनीति में नहीं था। हालांकि, मैं कांग्रेस पार्टी की ओर से की गई हर गलती की जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। मैंने सार्वजनिक रूप से कहा भी है कि 80 के दशक में जो कुछ भी हुआ, वह गलत था। मैं कई बार स्वर्ण मंदिर जा चुका हूं। सिख समुदाय के साथ मेरे अच्छे रिश्ते रहे हैं। रही बात भाजपा की तो उनके शासनकाल में धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर जो डर का माहौल है, वह सच में है।

### भाजपा ने साधा निशाना

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कांग्रेस पार्टी और राहुल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 1984 का सिख नरसंहार, एक ऐसा काला अध्याय, जिसे कोई सिख कभी भूल नहीं सकता। कांग्रेस और गांधी परिवार की शह पर 8000 से ज्यादा सिखों को दिल्ली की सड़कों पर जिंदा जला दिया गया। गुरु घरों में बेअदबी हुई, माताओं की गोद उजड़ गई और आज राहुल गांधी उस दर्द पर बस ये कहते हैं.. जो हुआ, गलत हुआ। उन्होंने कहा कि विदेशों में जाकर भारत और सिखों का अपमान करने वाले राहुल गांधी, जब सच का सामना करने की बारी आई तो दरबार साहिब में सेवा का हवाला देकर पीछे हट गए। सवाल ये है कि क्या सिखों के लहू का प्रायश्चित एक सेवा से हो जाएगा? राहुल गांधी जवाब देंज्कमलनाथ, सज्जन कुमार और टाइटलर जैसे सिखों के कातिल आज भी कांग्रेस में क्यों हैं? भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अभिव्यक्ति की आजादी की बात तो करती है पर पिछले 15 दिनों से वो वीडियो तक शेयर नहीं किया जिसमें सिख युवाओं ने राहुल गांधी के सामने सच रखा। क्यों? क्योंकि वो जानते हैं कि वो वीडियो उनकी ड्रामा-पॉलिटिक्स और दोहरे चेहरे को बेनकाब कर देगा। ये सिर्फ एक वीडियो नहीं था- ये सिख कौम की पीड़ा, गुस्सा और इंसाफ की पुकार थी।

#### गठबंधन दलों की बैठक में तेजस्वी बोले...

## इंडी गठबंधन दलों के सभी नेता और कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी करें

पटना, एजेंसी

**आगामी विधानसभा में हर हाल में जीत मिले, इसे सुनिश्चित करने के लिए पक्ष और विपक्ष की पार्टियां कोई कमी नहीं रखना चाहती है। खासकर विपक्ष यानी इंडिया महागठबंधन। आज इंडिया गठबंधन के नेता पटना के आशियना-दीघा रोड में तीसरी बैठक की। इसे संवाद कार्यक्रम का नाम दिया गया।**

बैठक की अध्यक्षता समन्वय समिति के अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने किया। बैठक से पहले पहलगाम आतंकी हमले को लेकर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने मौन रखा और शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इधर, तीन घंटे तक चले इस बैठक में कांग्रेस ने कहा कि एकता के साथ इंडिया



गठबंधन दलों के सभी नेता और कार्यकर्तागण आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी करेंगे। वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि लोगों के बीच जाकर इंडिया गठबंधन की 17 महीने की सरकार की उपलब्धियां गिनाइए। हमलोगों ने सात लाख नौकरियां दी। भ्रष्टाचार और बढ़ रहे अपराध के खिलाफ आवाज बुलंद कीजिए।

इधर, बैठक के बाद बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि इंडिया गठबंधन की सभी पार्टियां पंचायत से लेकर प्रदेश स्तर तक एकजुट होकर चुनाव की तैयारी करेंगे। यह शुरुआत है। अलग-अलग मुद्दों को लेकर इंडिया गठबंधन में पीड़ित जनता के साथ खड़े रहने का काम रहेगी। 20 मई को संगठित और असंगठित क्षेत्र के देश भर में प्रदर्शन कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन के सभी लोग पूरे दमखम के साथ उनके समर्थन में जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक सड़क पर उतरेंगे।

### 243 सीटों पर इंडिया गठबंधन चुनाव लड़ेगी

कांग्रेस कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी? इस सवाल पर अल्लावरू ने कहा कि 243 सीटों पर इंडिया गठबंधन चुनाव लड़ेगी। हर सीटों पर इंडिया गठबंधन के नेता मेहनत करेंगे। वहीं राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा ने कहा कि हमलोगों को यानी इंडिया गठबंधन को सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ना है। हमलोग सब एक साथ हैं। हमारे गठबंधन में नेतृत्व को लेकर कोई असमंजस नहीं है। बिहार की जनता को पता है, कौन नेता होंगे।

## पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्र की किसी भी कार्रवाई का समर्थन करेगी कांग्रेस : प्रियंका

**वायनाड, एजेंसी।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने रविवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में केंद्र सरकार जो भी कदम उठाएगी, कांग्रेस पार्टी उसका पूरी तरह समर्थन करेगी। इस हमले में 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। प्रियंका गांधी ने बताया कि कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) इस मामले पर पहले ही एक प्रस्ताव पारित कर चुकी है। प्रस्ताव के जरिए स्पष्ट किया गया है कि विपक्षी पार्टी सरकार के हर कदम के साथ खड़ी है। अपनी दो दिवसीय वायनाड यात्रा पर पहुंची प्रियंका ने पत्रकारों से बातीच में कहा, कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई थी। हमने एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें कहा गया है कि हम सरकार की किसी भी कार्रवाई का पूरा समर्थन करते हैं। हमें उम्मीद है कि सरकार जल्द कार्रवाई करेगी।

कांग्रेस ने शुक्रवार को केंद्र से अपील की थी कि वह पाकिस्तान को सजा देने के लिए सख्त कदम उठाए। पार्टी ने कहा था कि पाकिस्तान लगातार आतंकवाद का समर्थन और निर्यात कर रहा है। इसके साथ ही पार्टी ने यह भी मांग की कि देश के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक में हुई इस चूक को लेकर समयबद्ध जांच और जवाबदेही तय की जाए। यह प्रस्ताव कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में सीडब्ल्यूसी की बैठक में पारित हुआ। बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और जयराम रमेश व केसी वेणुगोपाल जैसे वरिष्ठ नेता शामिल थे।

## लाडकी बहिन योजना को लेकर सरकार पर बरसे संजय राउत

### चुनावी वादों से मुकरने का लगाया आरोप

मुंबई, एजेंसी

**शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने प्रदेश सरकार पर जनता को धोखा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि लाडकी बहिन योजना को बंद कर दिया गया है और सरकार चुनाव के दौरान किए गए अपने वादों से मुकर गई है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में महायुति सरकार की जीत में लाडकी बहिन योजना की बड़ी भूमिका मानी जाती है।**

संजय राउत ने मुंबई में मीडिया से बात करते हुए कहा कि लाडकी बहिन योजना को बंद कर दिया गया है। पहले 1500 रुपये देने का वादा किया गया था, लेकिन अब सिर्फ पांच सौ रुपये दिए जा रहे हैं। चुनाव के दौरान 2100 रुपये देने की बात कही जा रही थी, लेकिन अजित पवार अब उन वादों से मुकर रहे हैं। वह कह रहे हैं कि उन्होंने ऐसा कोई वादा नहीं किया। जब आप मंत्री बनते हैं तो आप मेरा पैसा-मेरा पैसा करते हैं, लेकिन यह आपका पैसा कहां है। यह पैसा तो लाडकी बहनों का है। संजय राउत ने कहा कि क्या एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस को अपनी जेब से 1500-1500 रुपये देने पड़ रहे हैं? यह जनता का पैसा है। 500 रुपये क्यों दिए जा रहे हैं, क्या आप दान दे रहे हैं?



### उद्धव ठाकरे गुट लगातार सरकार पर हमलावर

उद्धव ठाकरे गुट लगातार लाडकी बहिन योजना को लेकर महायुति सरकार पर हमलावर है। पार्टी के नेता आदित्य ठाकरे ने भी बीते दिनों राज्य सरकार पर इस योजना को लेकर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि यह एक बेशर्मी भरी अलग तरह की राजनीतिक है। वे (महायुति सरकार) अपने वादों के खिलाफ काम कर रहे हैं। लाडकी बहनों को सिर्फ 1500 रुपये दिए गए। साथ ही लाभार्थियों की संख्या भी घटाने की तैयारी चल रही है। लाडकी बहिन योजना के तहत राज्य सरकार प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक मदद मुहैया कराती है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुर्शिदाबाद हिंसा :राज्यपाल ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट, बंगाल के सामने कट्टरपंथ और उग्रवाद की दोहरी चुनौती

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी.आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद जिले में हाल में हुए दंगों पर केंद्रीय गृह मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी। इस रिपोर्ट में उन्होंने कहा कि राज्य में कट्टरपंथ और उग्रवाद की दोहरी चुनौती पैदा कर रहे हैं।



रिपोर्ट में राज्यपाल ने सुझाव दिया कि बांग्लादेश सीमा से सटे जिलों में केंद्रीय बलों की चौकियां बनाई जाएं। एक जांच आयोग गठित किया जाए, पूरे घटनाक्रम की जांच करे। उन्होंने यह भी लिखा कि यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि संविधान के अनुच्छेद 356 के प्रावधान भी बने रहेंगे। अनुच्छेद 356 का मतलब राष्ट्रपति शासन लागू करने से है। हालांकि, एक अधिकारी ने स्पष्ट किया कि राज्यपाल ने अनुच्छेद 356 को लागू करने की सिफारिश नहीं की, केवल यह संकेत दिया कि अगर हालात और बिगड़ते हैं तो केंद्र के पास यह विकल्प है। दंगों पर चिंता जताते हुए राज्यपाल ने कहा कि मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा का असर अन्य जिलों पर भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार सांविधानिक विकल्पों पर विचार करना चताहिए, ताकि लोगों का कानून-व्यवस्था पर भरोसा बना रहे। मुर्शिदाबाद और मालदा दोनों ही जिले बांग्लादेश की सीमा से सटे हैं और यहां हिंदू अल्पसंख्यक हैं। उत्तर दिनाजपुर में इनकी बहुलता है। राज्य के मुर्शिदाबाद जिले में नए वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा हुई थी। इस हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। राज्यपाल ने कहा कि ये दंगे पहले से सोचे-समझे लगते हैं और सरकार को इसकी जानकारी पहले से थी। उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल 2025 को कानून लागू हुआ और उसी दिन राज्य सरकार ने इंटरनेट बंद कर दिया, जिससे साफ है कि सरकार को खतरे की भनक थी। राज्यपाल ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने समुचित सुरक्षा व्यवस्था नहीं की। प्रशासन और पुलिस में ठोस तालमेल की कमी थी या उन्होंने जानबूझकर कार्रवाई नहीं की। इस पर राज्य सरकार या तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### कांग्रेस का हिंदू विरोधी चेहरा उजागर, राहुल ने भगवान राम को पौराणिक पात्र बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उस बयान को लेकर हमला बोला, जिसमें उन्होंने भगवान राम को पौराणिक पात्र कहा था। भाजपा ने कहा कि इस बयान से कांग्रेस का हिंदू विरोधी चेहरा उजागर हो गया है। राहुल गांधी ने यह टिप्पणी अमेरिका में एक विश्वविद्यालय में पिछले महीने एक बातचीत सत्र के दौरान की थी। इसमें उन्होंने भाजपा के हिंदुत्ववादी विचार की आलोचना करते हुए कहा था कि ज्योतिराव फुले, बी.आर. अंबेडकर, महात्मा गांधी, गुरु नानक, बसवन्ना और बुद्ध जैसे भारत के सभी महान समाज सुधारकों और राजनीतिक विचारकों ने यही कहा था कि सबको साथ लेकर चलो, सत्य और अहिंसा का पालन करो। कांग्रेस नेता ने कहा था, मेरे लिए यह भारतीय परंपरा और इतिहास का आधार है। मैं भारत में किसी ऐसे किसी नाम को नहीं जानता, जिसे हम महान मानते हों और जो इस प्रकार का हो। मैं एक भी ऐसा नाम नहीं सोच सकता। ये सभी पौराणिक पात्र हैं। भगवान राम भी उसी समय के हैं। वह क्षमावान और दयालु थे। राहुल गांधी से सवाल पूछा गया था कि हिंदू राष्ट्रवाद के दौर में धर्मनिरपेक्ष राजनीति कैसे होनी चाहिए। इस सवाल के जवाब में उन्होंने यह बातें कहीं।

### भारत लगातार आगे बढ़ रहा, पाकिस्तान संकट से ही जूझ रहा

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने एक बार फिर पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई। भारत और पाकिस्तान के आर्थिक हालातों की तुलना करते हुए सीएम सरमा ने कहा कि भारत लगातार वैश्विक मानक स्थापित करते हुए आगे बढ़ रहा है। मगर पाकिस्तान संकटों से ही जूझ रहा है। साथ ही दुनिया में उसका प्रभाव कम होता जा रहा है। एक्स पर पोस्ट में सीएम सरमा ने लिखा कि भारत वर्तमान में दुनिया के सबसे गतिशील और दूरदर्शी देशों में से एक है। जहां पाकिस्तान बार-बार संकटों और घटते प्रभाव से जूझ रहा है, वहीं भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और विकास, प्रौद्योगिकी और आत्मनिर्भरता में वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। सरमा ने बताया कि भारत की जीडीपी मौजूदा समय में 4.19 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। जबकि पाकिस्तान का सकल घरेलू उत्पाद सिर्फ 357 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, जो भारत के महाराष्ट्र के जीडीपी से भी कम है।



#### भाजपा के खिलाफ उग्र हुए अजय राय; बोले-

## देश में अपराध का बोलबाला, राफेल को लेकर पीएम पर कंसा तंज

वाराणसी, एजेंसी

देश की कानून व्यवस्था कोमा में पड़ी है और बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि सरेआम अन्याय, अत्याचार, लूट, झूठ, हत्या, अराजकता का बोलबाला है। उक्त बातें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने वाराणसी में एक पत्रकारवार्ता के दौरान व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अकर्मण्यता एवं कुशासन का पर्याय बन चुकी है। चौपट कानून व्यवस्था, महिला अपराध,



दलितों व आदिवासियों पर अत्याचार, परीक्षाओं में भ्रष्टाचार हर मुद्दे पर सरकार विफल साबित हुई है। वाराणसी की स्थिति काफी दयनीय है।

कहा कि पिंडरा विधानसभा के मरूइ ग्राम सभा के अधिवक्ता कैलाश पटेल के बेटे हेमंत की विगत दिनों गोली मार कर हत्या कर दी गई। शासन सत्ता के नशे में चूर एक स्थानीय मंत्री के दबाव में ग्राम प्रधान कुंडारिया विवेक सिंह मोहित को झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि आज जनता के मुद्दे उठाने वालों पर झूठे मुकदमे दर्ज करके अपराधियों की तरह परेड कराई जा रही है। परेड जनता की नहीं, देश की अस्मिता पर हमला करने वाले आतंकियों की कराई जानी चाहिए।

#### किसानों के लिए खुशखबरी : लागत घटेगी और पानी बचेगा

## कृषि मंत्री ने लॉन्च की दो नई जीनोम-संपादित चावल की किस्में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को राजधानी दिल्ली में दो नई जीनोम-संपादित चावल की किस्में लॉन्च कीं। इन किस्मों का नाम है — डीआरआर राइस 100 (कमला) और पूसा डीएसटी राइस 1। इन्हें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने विकसित किया है। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि ये दोनों किस्में खेती में क्रांति ला सकती हैं। इनसे उत्पादन बढ़ेगा, कम पानी में फसल होगी और लागत भी घटेगी। साथ ही, ये किस्में बदलते मौसम में भी अच्छी पैदावार देंगी।

इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए 6 बिंदुओं पर काम कर रही है। जिसमें उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन लागत घटाना, फसल का सही दाम दिलाना, नुकसान की भरपाई करना, खेती में विविधता लाना और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना शामिल है।

#### केंद्रीय मंत्री संजय कुमार का बयान

## आत्मसमर्पण के अलावा, माओवादी संगठन से नहीं होगी कोई बातचीत

हैदराबाद, एजेंसी

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बी. संजय कुमार ने रविवार को साफ कहा कि माओवादियों के साथ किसी भी तरह की शांति वार्ता का कोई सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि सीपीआई (माओवादी) एक प्रतिबंधित संगठन है और इसके सदस्यों को अगर मुख्यधारा में आना है तो पहले उन्हें हथियार डालकर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करना होगा। करीमनगर में पत्रकारों से बात करते हुए संजय कुमार ने कहा, यह



एक प्रतिबंधित संगठन है, और इससे बातचीत करने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

बीआरएस प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने केंद्र से ऑपरेशन कागर रोकने की मांग की थी। उनका आरोप है कि इस अभियान में आदिवासी और युवा मारे जा रहे हैं। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब कांग्रेस और बीआरएस आपस में मुकाबला कर रहे हैं कि कौन माओवादियों के पक्ष में केंद्र से शांति वार्ता की मांग करेगा। केंद्रीय मंत्री ने माओवादियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इन्हीं माओवादियों ने लैंडमाइंस बिछाकर निर्दोष लोगों, आदिवासियों, सुरक्षाबलों और कांग्रेस, टीडीपी, भाजपा के नेताओं की हत्या की थी।

### तेलंगाना के मुख्यमंत्री पर तंज

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हाल ही में कहा था कि उनकी सरकार नक्सलवाद को सामाजिक नजरिए से देखती है, न कि सिर्फ कानून-व्यवस्था की समस्या के रूप में। इस पर बी. संजय कुमार ने सवाल उठाया, जो लोग बंदूकें लेकर हिंसा कर रहे हैं, उनसे कैसे सामाजिक नजरिए से बात की जा सकती है? उन्होंने यह भी याद दिलाया कि कांग्रेस सरकार ने ही माओवादियों पर प्रतिबंध लगाया था और पूछा कि क्या रेवंत रेड्डी में अब इतना साहस है कि वह इस बैन को हटाने की हिम्मत दिखाएं?

#### कांग्रेस कार्यसमिति में पारित किया गया प्रस्ताव

## बिना किसी देरी जातिगत जनगणना शुरू कराने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

**कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक जातिगत जनगणना का मुद्दा उठा। इसे लेकर कार्यसमिति ने प्रस्ताव पास किया। इसमें बिना किसी देरी, बहाने और टालमटोल के जातिगत जनगणना शुरू कराने की मांग की गई। इसके अलावा आरक्षण से जुड़े एक अन्य प्रस्ताव को पारित किया गया।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई बैठक में जाति जनगणना के मुद्दे पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पारित प्रस्ताव में दो मांग की गई। इसमें पहली थी कि निजी शिक्षण संस्थानों में ओबीसी, दलितों और आदिवासियों के



आरक्षण के लिए संविधान के अनुच्छेद 15(5) को तत्काल लागू किया जाए। साथ ही जाति जनगणना बिना किसी देरी के कराई जाए।

कार्यसमिति में पारित प्रस्तावों को जिला और विधानसभा स्तर पर होने वाली संविधान बचाओ रैलियों में उठाया जाएगा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी पत्र में सभी प्रदेश कांग्रेस कमेटियों को इसके निर्देश दिए गए हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा है कि कांग्रेस के दबाव के बाद मोदी सरकार जाति-वार जनगणना कराने मजबूर हो गई है।

दो मई को हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में जातिगत जनगणना के मुद्दे पर चर्चा हुई। इसमें पहला कि निजी शिक्षण संस्थानों में ओबीसी, दलितों और आदिवासियों के आरक्षण के लिए संविधान के अनुच्छेद 15(5) को तत्काल लागू किया जाए। जाति जनगणना बिना किसी देरी के कराई जाए। इसके लिए पारदर्शी और समयबद्ध प्रक्रिया अपनाई जाए। साथ बजट का आवंटन ठीक से किया जाए। इसके अलावा प्रश्नावली तैयार करने, गणना करने, वर्गीकरण करने और आंकड़ों को प्रकाशित करने में सहभागी दृष्टिकोण अपनाया जाए। आरक्षण, शिक्षा, रोजगार और कल्याण संबंधी नीतियों की समीक्षा और उन्हें मजबूत करने के लिए जातिगत डाटा का उपयोग किया जाए।

कांग्रेस महासचिव ने प्रदेश कांग्रेस कमेटियों से कहा है कि सभी राज्यों और जिलों में आयोजित होने वाली आगामी संविधान बचाओ रैलियों में इस मांग को उठाया जाए। अनुच्छेद 15(5) के तत्काल कार्यान्वयन की मांग पर जोर दिया जाए। इसकी निगरानी के लिए राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया जाए।

### घर-घर तक पहुंचे कार्यकर्ता

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि सभी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को 30 मई तक निर्धारित विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैलियां और घर-घर अभियान को पूरा करना है। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ताओं, नागरिक समाज कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, वकीलों, दुकानदारों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों और बहुजन समुदायों के साथ चौपाल बैठकें की जाएं। इसमें कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक और सतत प्रतिबद्धताओं को बताया जाए। साथ ही भाजपा की बहुजन विरोधी विचारधारा, जाति गणना के प्रति उसके विरोध के बारे में भी बताया जाए। जाति जनगणना और अनुच्छेद 15(5) के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए व्यापक जन समर्थन जुटाया जाए। इसके अलावा मीडिया और सोशल मीडिया के जरिये अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटियों से साप्ताहिक रिपोर्ट तलब की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### शंकराचार्य जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान माला आयोजित

**उज्जैन, निप्र।** भारतवर्ष में एक कोने से दूसरे कोने तक सनातन की ध्वजा फहराने का महत्वपूर्ण काम यदि किसी ने किया है तो उसका श्रेय शंकराचार्य जी को जाता है। चारों मठों की स्थापना करके सनातन धर्म को जो मजबूती दी है वह अतुलनीय है उक्त विचार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गत दिवस शासकीय महाविद्यालय में आयोजित शंकराचार्य व्याख्यान माला में जन अभियान परिषद की शासकीय निकाय की संभागीय सदस्य श्रीमती अजीता परमार ने कहीं कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभु शंकराचार्य के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात अतिथि परिचय ब्लॉक समन्वयक श्रीमती रेणुका श्रोत्रिय द्वारा दिया गया तत्पश्चात अतिथि स्वागत दिनेश पाठक जीवन शर्मा शुभम जायसवाल सपना परमार प्रदीप पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर गजराज श्याम सुंदर सिंह पंड्या उपस्थित थे आपने शंकराचार्य जी के जीवन पर सारगर्भित प्रकाश डाला अन्य अतिथि के रूप में समाजसेवी श्री विराग जी मिश्रा महाविद्यालय के प्राचार्य श्री लक्ष्मण जी चेलानी भाजपा जिला मंत्री श्री जयप्रकाश त्रिवेदी गीता भवन न्यास समिति के ट्रस्टी श्री उमा शंकर मेहता उपस्थित थे आप सभी ने भी शंकराचार्य जी के जीवन पर प्रकाश डाला। व्याख्यान माला के पश्चात जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण विषय पर उपस्थित सभी महानुभावों को शपथ दिलाई गई। साथ ही श्री ओमप्रकाश जी गेहलोत द्वारा सभी अतिथियों को सुंदरकांड भेंट की गई।इस अवसर पर ओमप्रकाश जी भाटी शिवप्रसाद जी शुक्ला उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन अर्जुन सिंह डोडिया ने किया एवं आभार आशुतोष शर्मा ने माना।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पद्मश्री योग गुरु, बाबा शिवानंद के निधन पर शोक व्यक्त किया

**उज्जैन, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पद्मश्री से सम्मानित योग गुरु शिवानंद बाबा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिवानंद बाबा का निधन काशी ही नहीं, बल्कि देश के लिए अपूरणीय क्षति है। श्रद्धेय शिवानंद बाबा, प्राचीनतम योग विद्या, भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आत्मसात करने वाली उत्कृष्ट जीवन शैली के प्रतीक और प्रमाण थे। उनके विचार और जीवन पद्धति सभी के लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा विश्वनाथ से दिवंगत की पुण्यात्मा को शांति प्रदान कर अपने श्रीचरणों में स्थान देने और उनके प्रशंसकों को यह अपार आघात सहन करने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### अखिल भारतीय फिरोजिया ट्रॉफी 2025 का आज से होगा आगाज

**उज्जैन, निप्र।** धार्मिक नगरी उज्जैन में रात्रिकालीन क्रिकेट महाकुभ 'अखिल भारतीय फिरोजिया ट्राफी 2025' का आयोजन आज 05 मई से 11 मई 2025 तक नगर के मध्य स्थित क्षीर सागर खेल मैदान पर प्रतिदिन साय: 06 बजे से होने जा रहा है। सांसद श्री अनिल




फिरोजिया द्वारा अपने पिता स्व. श्री भूरेलाल जी फिरोजिया (पूर्व विधायक) की स्मृति मे विगत 20 से अधिक प्रदेश एवं नगर में विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों जैसे क्रिकेट, फुटबाल, हॉकी, वालीबाल, बास्केटबाल, कराटे, बाक्सीग, जिम्नास्टिक आदि प्रतियोगिताओ का आयोजन करते आ रहे है। इस वर्ष भी मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी ईनामी राशि वाली हैवी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजना आज दिनांक 05 मई से होने जा रहा है जिसमें देश के विभिन्न प्रांत जैसे महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, उड़ीसा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिमबंगाल, झारखण्ड, पंजाब की टीमे भाग ले रही है। इसमें देशभर के अंडर 16 एवं 19 के प्रतिष्ठत खिलाडी के साथ हैवी टेनिस बॉल के मशहूर खिलाडी भाग लेगे। इस प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में माननीय डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन, भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री, मध्यप्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, के साथ पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी, भारतीय क्रिकेट टीम सिलेक्टर, मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी के साथ कई गणमान्य अतिथि उपस्थिति रहेंगे। स्व. श्री भूरेलाल फिरोजिया सामाजिक एवं शोध संस्था, उज्जैन द्वारा आयोजित फिरोजिया ट्रॉफी 2025 का प्रथम पुरस्कार 5 लाख 51 हज़ार द्वितीय पुरस्कार 2 लाख 51 हज़ार मैन ऑफ़ द सीरीज़. बाइक. ट्रॉफ़ी फ़ाइनल मैन ऑफ़ द मैच 21 हज़ार. ट्रॉफ़ी दर्शकों द्वारा कैच पकड़ने पर नगद पुरस्कार रखा गया है। संस्था के सचिव श्री सुदर्शन शिशुलकर ने बताया कि इस आयोजन मे महिला क्रिकेट को बढ़वा देने हेतु विशेष महिला क्रिकेट मैंच, के साथ अधिकारी-11 एवं पत्रकार -11 के मैचों का भी आयोजन किया जायेगा। उज्जैन सांसद एवं संस्था के संरक्षक श्री अनिल फिरोजिया जी ने खेल एवं खिलाड़ियों को बढ़ावा देने हेतु उज्जैन नगर एवं आज-पास के क्षेत्र की समस्त जनता एवं खिलाडीयों से विशेष आग्रह किया हैं, कि इस आयोजन को देखने और खिलाडियों को प्रोत्साहित करने हेतु आवश्य रूप प्रधारें।

# 'त्रिशूल शिव गण वाहिनी' के उद्देश्यों की पूर्ति में संत समाज करेगा सहयोग : महामंडलेश्वर ज्ञानदास जी महाराज जूना अखाड़ा

विनय उजाला





**उज्जैन।** प्रदेश की समस्त धार्मिक नगरियों में स्वच्छता एवं पवित्रता स्थापित करने और नदियों को पुनर्जीवित करने साथ ही उन्हें आचमन योग्य बनाने के लिए प्रदेश स्तरीय सामाजिक संस्था ''त्रिशूल शिव गण वाहिनी'' के पवित्र उद्देश्यों की पूर्ति में संत समाज पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन देते हुए महामंडलेश्वर ज्ञानदास जी महाराज दादूराम आश्रम ने कहा कि जिस प्रकार शास्त्रों में जिस प्रकार क्षिप्रा नदी और उज्जैयिनी की पवित्रा का उल्लेख है उसी के अनुरुप इस नगरी को पवित्र नगरी बनाये जाने के लिए और ''त्रिशूल शिव गण वाहिनी'' के सभी उद्देश्यों की पूर्ति के लिए हम साथ हैं। उपस्थित महामंडलेश्वर शैलेश आनन्द गिरि महाराज, जूना अखाडा, ने कहा कि गौमाता की रक्षा के लिए समुचित कार्य करने की आवश्यकता है। शंकराचार्य जन्मोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित महामंडलेश्वर शांतिस्वरुपानंद जी सरस्वती, संत समिति के अध्यक्ष विशालदास जी महाराज एवं उपस्थित समस्त संत एवं प्रबुद्धजानों ने ''त्रिशूल शिव गण वाहिनी'' के लोगो एवं नाम का अनुमोदन कर संस्था के उद्देश्यों का समर्थन किया।

इसके पूर्व अखिल भारतीय ब्राहम्ण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने त्रिशूल शिव गण वहिनी सामाजिक संस्था के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि कहा कि प्रदेश की धार्मिक नगरियों और नदियों की पवित्रता स्थापित करने, मास, मदिरा और अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन को हतोत्साहित करने एवं उज्जैन शहर को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य किया जावेगा। कार्यक्रम के उपरांत ''त्रिशूल शिव गण वाहिनी'' के संस्थापक आदित्य नागर ने बताया कि संस्था के उज्जैन में मां क्षिप्रा के शुद्धिकरण और प्रवाहमान बनाने के लिए, स्वच्छता और मांस, मदिरा तथा अन्य व्यसनों व्यभिचार आदि से पवित्र नगरी को मुक्त कराने के लिए जन आंदोलन चलाया जाकर आम जन को इन व्यसनों को छोडने का आग्रह किया जावेगा। गौमाता की सडकों पर दुर्दशा और उनकी संरक्षा-सुरक्षा के लिए भागीरथ प्रयास किया जावेगा। उन्होने कहा कि शासकीय लोक कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत स्वच्छता, जलसंवर्धन आदि पर शासकीय विभागों द्वारा कार्य किया जाता है किन्तु यदि इनमें निस्वार्थ जनभागीदारी भी शामिल होती है तो अच्छे सकारात्मक परिणाम निकलते हैं। उन्होंने स्वच्छता और नदी सफाई हेतु प्रथमत: चक्रतीर्थ शमसान घाट से कार्य प्रारम्भ करने हेतु शासकीय संस्थाओं और सभी समाजसेवियों का आव्हान किया। इस स्थान की स्वच्छता से ही हमारे शहर की विशेष पहचान होगी। कार्यक्रम में संरक्षक जियालाल शर्मा, सुरेश मोढ, पार्षद रामेश्वर दुबे, महाकाल मंदिर समिति सदस्य राजेन्द्र गुरु, विनय ओझा, पूर्व महाकाल मंदिर प्रशासक आनंदी लाल जोशी, शम्मी जोशी, हिमांशू त्रिपाठी, पियूष सनी, विशाल शर्मा, रामेश्वर जोशी, प्रहलाद गुप्ता, सुषमा सेठिया आदि उपस्थित थे।

## परशुराम जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा का नागर ब्राह्मण समाज द्वारा किया स्वागत



विनय उजाला

**नागदा जं.।** दिनांक 2.5.2025 को हमारे आराध्य देव भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर सर्वब्रह्मण समाज द्वारा आयोजित शोभा यात्रा में नागर समाज के प्रदेश सचिव श्रीमती भावना जी रावल, प्रदेश संगठन सचिव श्री अजय जी नागर के मार्गदर्शन में नवनियुक्त अध्यक्ष श्री आलोक नागर ओर महिला अध्यक्ष श्रीमती हेमलता नागर के नेतृत्व में नागर ब्राह्मण समाज की समस्त कार्यकारिणी ओर पारिवारिक सदस्यों के द्वारा शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा के पश्चात भगवान परशुराम जी की आरती ओर भोजन प्रसादी का आयोजन भी रहा। कार्यक्रम में पुरुषोत्तम जी व्यास, मदन मोहन जी नागर, वरुण जी पोतदार, अरुण जी पोतदार, राधेश्याम जी नागर, ओमप्रकाश जी नागर, नंदकिशोर जी नागर, कैलाश जी नागर, सुभाष जी रावल, सुनील जी नागर, गौरव जी वैद्य, शुभम जी नागर, शिवम जी मेहता, राकेश जी दीक्षित , देवेंद्र जी नागर, रवि जी पोतदार, मनोरमा जी नागर, साधना जी मेहता, मीना जी नागर, पवित्रा जी नागर, चंचल जी दीक्षित, कुसुम जी पोतदार, सीमा जी नागर, प्रिया जी नागर, रश्मि जी नागर, मधु जी पोतदार, रीनू जी नागर उपस्थित रहे तथा बालगोपाल मंडली में अथर्व, ऋषि, यश, लव ओर कुश का सहयोग रहा। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर संतोष जी शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। उपरोक्त जानकारी नितेश नागर सचिव नागर ब्राह्मण परिषद शाखा नागदा ने दी।

## सनातन हिंदू महिला शक्ति ने कराया ग्रैंड हाऊजी, एक लाख के आइटम्स किए गिफ्ट

विनय उजाला






**उज्जैन।** सनातन हिंदू महिला शक्ति के द्वारा 12 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। सामूहिक विवाह समारोह में प्रत्येक जोड़े को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इक्यावन हजार रुपये की राशि दी गई। कार्यक्रम में ग्रैंड हाऊजी (तंबोला) खिलाया गया, जिसके अंतर्गत एक लाख के इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स एलसीडी, फ्रिज, माइक्रो मिक्सर ओटीजी कूलर, इंडक्शन इलेक्ट्रॉनिक आइटम गिफ्ट में दिए गए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवास राज घराने से गायत्री राजे पंवार विधायक, सीमा यादव, कलावती यादव नगर निगम सभापति, डॉ. सतविंदर कौर सलूजा, अलका राय सैनी माली समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष, संध्या सोलंकी के साथ सभी महिलाओं के अथक परिश्रम से कार्यक्रम सफल हो पाया। ग्रैंड हाऊजी में सनातन हिंदू महिला शक्ति की समस्त नारी शक्ति, इंदिरा विजयवर्गीय, अंजना शुक्ला, रूपाली अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, अंजू सिंह जाट, लता कुशवाहा, चंद्रकांता कुशवाहा, रेखा यादव, रितु यादव, पल्लवी देवनानी, पूजा पांडे, सरिता पांडे, सुनीता कलावड़िया, सुधा शर्मा, वंदना तिवारी, आशा सेठिया, प्रीति बाफना, सुषमा यादव, नीलू भदोरिया, सुनीता पंड्या, साधना श्री श्रीमाल, ममता तिवारी, रीना नारंग, निमिषा मल्होत्रा, माया बदेका, स्वीटी साहनी, नेहा माहेश्वरी, दीपाली सोमानी, पूनम खंडेलवाल, मोनिका सेठी, योगिता खत्री, समीक्षा व्यास, मोना जैन व उज्जैन शहर की तीन हजार महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित थी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान : जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ऋणमुक्तेश्वर घाट की सफाई की गई







विनय उजाला

**उज्जैन।** माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी कड़ी में गत दिवस मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा शिप्रा नदी के तट पर स्थित श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर घाट पर श्रमदान कर नदी में से काई, गाद,पॉलीथिन एवं प्लास्टिक की बोतलें इत्यादि कचरा बाहर निकाला गया। साथ ही घाट पर से भी पुराने कपड़ों,झाड़ियों व अन्य प्रकार के कचरे को हटाकर घाट को पानी से धोया गया।इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक श्री मोहन सिंह, श्री संदीप मालवीय नवांकुर संस्था शिप्रा उपभोक्ता सरंक्षण समिति के अध्यक्ष श्री कैलाश यादव,श्रद्धा महिला खादी ग्रामोद्योग सेवा समिति से श्रीमति योगीता पुरोहित,मोहिनी सेवा समिति से श्री मति मंजु जैन परामर्शदाता श्री सुनील जी बारोड,श्री गोपाल जी सोनी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

## कृषि उपज मंडी परिसर की टीम टैक्स चोरी को लेकर सख्त

# 123 क्विंटल उपज बिना टैक्स के पकड़ी, आठ व्यापारियों से 3 लाख से अधिक की वसूली

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।**

नागदा जंक्शन। कृषि उपज मंडी के बाहर अनाज बेचने वालों के खिलाफ मंडी प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है जिससे मंडी टैक्स चुराने वालों में हडक़ंप मचा हुआ है। मंडी अधिकारियों द्वारा एक वर्ष में 3 लाख 33 हजार 200 रुपए उपज अवैध रुप से बेचते हुए अनाज व्यापारियों को रंगेहाथों पकड़ा और उनसे पांच गुना टैक्स वसूला, जिससे अनाज व्यापारियों में हडक़ंच मचा हुआ है।

कृषि उपज मंडी में किसानों को नगद भुगतान कराने के साथ ही मंडी आय में बढोतरी को लेकर अधिकारियों द्वारा लगातार पैनी नजर रखी जा रही है मंडी सचिव मनोजकुमार खिंची के अनुसार वर्ष अप्रैल 2024 से मार्च 25 तक 3 लाख 33 हजार 200 रुपए की 123 क्विंटल उपज 8 व्यापारियों से अवैध रुप से पकड़ी। जिस पर मंडी प्रशासन द्वारा कार्यवाही करते हुए 5 गुना मंडी शुल्क 16 हजार 960 रुपए, निराश्रित शुल्क 861 रुपए, समझौता शुल्क 4000 रुपए वसूला गया। इस दौरान एक वर्ष में 21 हजार 641 रुपए कुल राशि वसूल की गई। वहीं वित्तीय वर्ष 2025 अप्रैल से अभी तक 41 क्विंटल उपज कीमत 91 हजार रुपए की अवैध रुप से बेचते हुए पाया गया, जिनसें पांच गुना मंडी शुल्क 4550 रुपए, निराश्रित शुल्क 182 रुपए, समझौता शुल्क 1000 रुपए वसूला गया। इस तरह मंडी ने कुल 5 हजार 732 रुपए की रिकवरी की। मंडी शुल्क चुकाए बगैर पोस्तदाना ले जा रहे थे, 1,26,030 रुपए शुल्क वसूला

एसएसटी, एफएसटी एवं कृषि उपज मंडी की संयुक्त टीम ने चैकिंग के दौरान 31 अक्टूबर 2023 को नागदा- उन्हेल मार्ग पर ग्राम हताई में खसखस से भरी पिकअप पकड़ी। पिकअप में 24 क्विंटल पोस्तदाना (खसखस) भरी थी। चालक के पास बिल/बिल्टी नहीं मिली। यह पोस्तदाना जावरा से इंदौर जा रहा था। संबंधित फर्म से 1,26,030 रुपए वसूले हैं। मंडी सचिव मनोज खिंची ने बताया एसएसटी दल प्रभारी आरआई रतनलाल डामोर, पटवारी आकाशसिंह भदौरिया, आदित्य प्रतापसिंह, एसआई भुवानसिंह गरवाल के सहयोग से पिकअप पकडऩे के बाद मंडी शुल्क अपवंचन के संदेह में इसे मंडी प्रांगण ले जाकर खड़ा करवाया। वाहन में 23,27,500 रुपए का 24 क्विंटल पोस्तदाना भरा था, जिसका मंडी शुल्क जावरा कृषि मंडी को भुगतान नहीं किया था। नियमानुसार पांच गुना जुर्माना राशि 1,16,375 रुपए समझौता शुल्क 5,000 रुपए और निराश्रित शुल्क 4,655 रुपए वसूल किया गया। फर्म के सौरभ मेहता द्वारा भुगतान के बाद मंडी भार साधक अधिकारी एसडीएम एसएन सोनी के निर्देश पर वाहन रिलीज किया गया। कार्रवाई में मंडी सचिव खिंची, एएसआई नागेंद्रसिंह राठौर, गोपालकृष्ण कालरा, मनीषा मसानिया, प्रीतेश चापरिया का सहयोग रहा।

**बिना लाइसेंस के आईटीसी ने की 10 हजार क्विंटल उपज की खरीदी, आवक-जावक पर लगाई रोक-** बगैर लाइसेंस के आईटीसी चौपाल द्वारा 10 हजार क्विंटल से अधिक उपज की खरीदी करने के मामले में मंडी सचिव खिंची द्वारा 10 फरवरी 2021 इको प्रदेश की सबसे बड़ी कार्यवाही की थी, जिसको लेकर हडक़ंप मच गया था। मंडी प्रशासन ने आईटीसी की आवक- जावक पर रोक लगा दी थी। मामला मंडी मॉडल एक्ट से जुड़ा हुआ है। बीते वर्ष 5 जून 2022 को मंडी मॉडल एक्ट का अध्यादेश आया था, जिसमें खरीदी-बिक्री के लिए लाइसेंस की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया था। आईटीसी ने अध्यादेश आने के दो दिन बाद ही अपना लाइसेंस सरेंडर कर दिया। इधर इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 12 जनवरी को स्थगन आदेश दे दिया। यानी पूर्व के नियम फिर से शिथिल हो गए। आईटीसी ने दोबारा लाइसेंस नहीं लिया और आवक-जावक जारी रखते हुए खरीदी-बिक्री करता रहा। इसकी जानकारी मंडी प्रशासन को मिली तो मंडी सचिव मनोज खिंची ने एक जांच दल गठित किया। जिसमें सहायक उपनिरीक्षक गोपाल कालरा, रामसिंह गुर्जर, निर्मला सोलंकी एवं मंडी कर्मचारी अशोक शर्मा आदि शामिल थे। दल ने इंगोरिया इन ट्रकों में उपज भरकर जावक की जा रही थी, जिसे मंडी प्रशासन ने पुन: खाली करवा दिया। के बाद बेरोकटोक आईटीसी खरीदी-बिक्री रोड के समीप स्थित आईटीसी कार्यालय पर जाकर जांच की तो मौके पर तीन ट्रक खड़े हुए पाए गए। मंडी प्रशासन के मुताबिक तीन ट्रकों में भरी उपज को खाली करवाया गया है। वहीं दस्तावेज जांचने के बाद यह जानकारी भी सामने आई है कि आईटीसी ने स्थगन आदेश जारी होने के बाद से लेकर अब तक बगैर लाइसेंस के ही 10 हजार क्विंटल की खरीदी की है। जिसके आधार पर टैक्स वसूली की कार्रवाई होना लगभग तय है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंडला के राजनगर में दो दिसवीय आदि उत्सव आज से, केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम होंगे शामिल

**मंडला, ( हि.स. )।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले के रामनगर में आज (रविवार) से दो दिवसीय आदि उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय जनजाति मंत्री जुएल ओराम इस समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। सुबह 11 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी आदि उत्सव में शामिल होंगे। मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम जबलपुर से सुबह 11 बजे मंडला पहुंचेंगे और यहां आदि उत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद दोपहर 3.00 बजे मंडला से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आगमन प्रस्तावित है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातीय आयोग के अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य, जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजयशाह एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके सम्माननीय अतिथि होंगे।

कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि सुबह 11 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर एवं दिव्यांग शिविर आयोजित होंगे। दोनों शिविरों के साथ-साथ कृषि एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से फूड स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा संबंधित योजनाओं के स्टॉल भी प्रदर्शित किए जाएंगे। दोपहर बाद आदिवासी लोक संस्कृति से जुड़ी संगोष्ठी का आयोजन होगा। इसके बाद शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दूसरे दिन 5 मई को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत बारात निकासी, विवाह/निकाह तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके बाद हितलाभ वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा।

कार्यक्रम में सम्माननीय अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के सामाजिक कल्याण मंत्री अशोक उइके, गुजरात के आदिवासी मंत्री डॉ. कुबेर डिंडोर, राजस्थान के जनजातीय क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण राज्यमंत्री मंत्री संजीव गौंड़, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायकगण नारायण सिंह पट्टा व चैनसिंह वरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम होंगे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक घायल, हालत गंभीर

**राजगढ़,( हि.स. )।** कालीपीठ थाना क्षेत्र के ग्राम हिनौया जोड़ के समीप रविवार शाम तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, हादसे में 50 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया। पुलिस के अनुसार ग्राम हिनौया जोड़ के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक 50 वर्षीय हरीसिंह पुत्र अमृतलाल गुर्जर निवासी ग्राम उभापान थाना चाचैड़ा गंभीर रुप से घायल हो गया, जिसे 108 एम्बूलेंस वाहन की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया। पुलिस ने मामले में जांच शुरु की।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की मौत,जांच शुरु

**राजगढ़, ( हि.स. )।** देहात ब्यावरा थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी में रहने वाले 18 वर्षीय युवक ने रविवार को अज्ञात कारणों के चलते घर में रहते हुए जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, बेसुध हालत में परिजन उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरु की।

पुलिस के अनुसार ग्राम बंजारी निवासी संदीप (18) पुत्र धूलजी भील ने घर में रहते हुए जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, गंभीर हालत में परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। युवक ने किन हालातों के चलते जहर खाया, इसका वास्तविक कारण पता नही लग सका। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरु की।

### कूलर से करंट लगने पर मासूम बालक की मौत,जांच शुरु

**राजगढ़, ( हि.स. )।** लीमाचैहान थाना क्षेत्र के ग्राम धामंदा में रविवार दोपहर 5 वर्षीय बालक को खेलने के दौरान कूलर से करंट लग गया, गंभीर हालत में परिजन उसे सिविल अस्पताल सारंगपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरु की।

पुलिस के अनुसार ग्राम धामंदा निवासी अबुजर (5)पुत्र अमानखां को कूलर से करंट लग गया, बेसुध हालत में परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया है दोपहर के समय बालक घर पर ही खेल रहा था तभी उसे कूलर से करंट लग गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरु की।

### बसस्टेंड से समीप मृतअवस्था में मिला युवक

**राजगढ़, ( हि.स. )।** नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार सुबह बसस्टेंड पर राजकुमार पैलेस के सामने 40 वर्षीय युवक मृतअवस्था में मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरु की। पुलिस के अनुसार स्थानीय बसस्टेंड पर पैलेस के सामने 40 वर्षीय बंटी पुत्र नंदकिशोर सेन मृतअवस्था में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है कि युवक शराब पीने का आदी था। युवक की मौत किन हालातों में हुई, इसका वास्तविक कारण पता नही लग सका। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु की।

### मैहर में हिट एंड रन की घटना, असम से आ रही टूरिस्ट बस ने दो बाइक सवार युवकों को कुचला, हालत गंभीर

**मैहर, ( हि.स. )।** मध्य प्रदेश के मैहर में रविवार की सुबह एक भयानक हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार बस ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस उन्हें लगभग आधे किलोमीटर तक घसीटती ले गई। यह घटना नेशनल हाईवे-30 पर हुई। हादसे के बाद बस ड्राइवर मौके से भाग गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल युवकों को गंभीर हालत में रीवा रेफर किया गया है।

जानकारी अनुसार घटना मैहर के एनएच 30 पर रविवार सुबह 10 बजे की है। पोड़ी के पास असम से आ रही टूरिस्ट बस ने दो बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। बस क्रमांक एएस 01 क्यूसी 3116 ने टक्कर मारने के बाद युवकों को करीब 500 मीटर तक घसीटा। राहगीरों के पीछा करने पर बस को रोका गया। बाइक समेत दोनों युवक बस के नीचे फंसे हुए थे। स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू कर उन्हें बाहर निकाला। घायल युवकों की पहचान पोड़ी निवासी सोनू पटेल (20) और अरुण पटेल (22) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। दोनों को पहले सिविल अस्पताल मैहर में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया गया। मैहर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को जब्त कर लिया है। बस असम से टूरिस्ट लेकर रीवा की तरफ जा रही थी। घटना के बाद बस चालक फरार हो गया। जांच में पता चला है कि बस असम से पर्यटकों को लेकर रीवा जा रही थी। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर बहुत गुस्सा है।



# तेज हवा-आंधी के साथ जमकर बरसे बदरा

विनय उजाला

**हरसूद, निप्र। रविवार को नया हरसूद-छनेरा सहित ग्रामीण क्षेत्र में तेज हवा-आंधी के साथ जमकर बरसे बदरा। रविवार शाम साढे 4 बजे के लगभग तेज हवा-आंधी का दौर शुरू हो गया था। जो काफी देर तक चला।**

हवा-आंधी के बाद बरसात का दौर शुरू हो गया था। कहीं-कहीं पर ओलावृष्टि भी हुई। हवा आंधी के कारण पेड गिरने, मकान के टीन उडने की घटनाएं भी हुई। जिसके कारण करीब दो घंटे तक बिजली गुल रही। शाम सात बजे तक रूक-रूक का बारिश का दौर चलता रहा।

### दो दिन से गायब व्यक्ति का पेड़ पर लटका मिला शव, जांच शुरु

राजगढ़, (हि.स.)। सुठालिया थाना क्षेत्र के ग्राम पीपल्याखेड़ी में रविवार दोपहर खेत पर लगे पेड़ पर 50 वर्षीय व्यक्ति का शव लटका मिला,जो दिन से गायब था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरु की।

पुलिस के अनुसार ग्राम पीपल्याखेड़ी निवासी विश्वनाथसिंह (50)पुत्र मंगू राजपूत का शव स्वयं के खेत पर लगे पेड़ पर लटका मिला। व्यक्ति दो पहले बिना बताए घर से निकला था,जिस पर थाना में गुमशुदगी दर्ज की गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है कि व्यक्ति बकरी चराने का काम करता था और वह दो माह पहले पेड़ से गिर गया था, जिससे उसकी मानसिक स्थिति बिगड़ गई थी। व्यक्ति ने किन हालातों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया, इसका वास्तविक कारण पता नही लग सका। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरु की।

# अदाणी फाउंडेशन ने मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट सेवा का किया शुभारंभ

अनूपपुर, (हि.स.)

अदाणी फाउंडेशन ने जिले में सकारात्मक सामाजिक पहल करते हुए रविवार को अदाणी पावर अनूपपुर थर्मल एनर्जी एम.पी.प्रा.लि. परियोजना क्षेत्र में ग्रामीणों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने हेतु मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट का उद्घाटन प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग (स्वतंत्र प्रभार), राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान मंत्री जायसवाल ने कहा कि मोबाइल हेल्थ यूनिट ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान सिद्ध होगी। इससे छतई, उमरदा, गुलिदान्ड और कोठी पंचायतों के निवासियों को गाँव में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श प्राप्त होंगे, जिससे उन्हें दूरस्थ अस्पतालों तक नहीं जाना पड़ेगा और समय व धन दोनों की बचत होगी। इस जनकल्याणकारी प्रयास के लिए अदाणी फाउंडेशन का धन्यवाद देते हुए संस्था की सामाजिक प्रतिबद्धता की सराहना की।

अदाणी फाउंडेशन के अधिकारियों ने बताया कि यह मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट नियमित रूप से चयनित ग्रामों में जाकर लोगों को निःशुल्क जांच, परामर्श और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराएगी। संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में निरंतर काम कर रही है और आने वाले समय में और भी विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का संचालन इस क्षेत्र में किया जाएगा। यह पहल ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है, जिससे हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।



### दगडीबाई के मरणोपरांत समाज के विभिन्न संगठनों को राशि दान दी

विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** 23 अप्रैल को हरसूद तहसील के ग्राम भवानिया में सूरजसिंह सरवर एवं रामकृष्ण सरवर की दादी श्रीमती दगड़ीबाई का 90 वर्ष की उम्र मे देहांत हो गया था।

रविवार को उनकी पगडी रस्म पर उनके परिवारजनों द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों को 1 लाख रूपए की राशि दान की गई। जिसमें 51000 रूपए की राशि ग्राम भवानिया में राम मंदिर निर्माण हेतु, 21000 रुपए की राशि छनेरा में राजपूत मांगलिक भवन हेतु, 11000 की राशि नेमावर में मेकालसुता राजपूत समाज समिति, 11000 भवानिया में पंचायती बर्तन हेतु, 3000 की राशि भवानिया में हनुमान मंदिर निर्माण हेतु तथा 3000 रूपए की राशि हनुमान मंदिर चतरखेड़ा को दान दी। इस अवसर पर समाज के यशवंत पटेल भवानिया, ओमप्रकाश देवड़ा तहसील अध्यक्ष राजपूत समाज मौजवाडी, बद्रीप्रसाद पटेल सांगवा अध्यक्ष नेमावर समिति एवं नर्मदा प्रसाद सरवर, रामनाथ छापरे भवानिया, सुरेश छापरे भवानिया, रामनारायण छापरे भवानिया एवं पप्पू पटेल भवानिया सहित समाज के सभी लोगों ने स्वर्गीय श्रीमती दगड़ीबाई के लिए शांति पाठ कर परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नीट परीक्षा में दो मिनट देरी से पहुंचे परीक्षार्थियों को मिन्नतों के बाद भी नही मिली एंट्री

राजगढ़, (हि.स.)

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए)द्वारा देश की सबसे बड़ी मेडीकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 रविवार को आयोजित की गई, परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए चार केन्द्रों में से एक केन्द्र पीमश्री कन्या विधालय ब्यावरा को बनाया गया, यहां प्रवेश के समय से महज दो मिनट देरी से पहुंचे दो परीक्षार्थियों को मिन्नतों के बाद भी प्रवेश नही दिया गया, आग्रह करने पर नायब तहसीलदार ने उन्हें पुलिस की धमकी दी।

नीट यूजी परीक्षा के लिए ब्यावरा के पीएमश्री कन्या विधालय को पहली बार केन्द्र बनाया गया था, जिसमें नायब तहसीलदार विनयकुमार रजक को परीक्षा निगरानी के लिए तैनात किया गया था। केन्द्र पर 408 विधार्थियों को शामिल होना तय था, जिनमें दो परीक्षार्थी प्रवेश के निर्धारित समय 1:30 बजे के स्थान पर महज दो मिनट देरी से पहुंचे, उन्हें प्रवेश दो दूर,आग्रह करने पर पुलिस की धमकी मिली। जिले के पचोर से नीट यूजी परीक्षा में शामिल होने पहुंचे मनीष रुहेला ने बताया कि सुबह अचानक तबीयत खराब हो गई, ड्रिप लगवाकर बाइक से निकला तो एक मिनट यानी 1:31 पर केन्द्र पर पहुंचा, मिन्नतों के बाद भी प्रवेश नही दिया गया

वहीं ब्यावरा के मयंक शिवहरे ने बताया कि अपनी दीदी को लेने इटारसी गया था, परीक्षा केन्द्र पर सिर्फ दो मिनट देरी से पहुंचा, आग्रह करने पर नायब तहसीलदार रजक ने प्रवेश नही दिया बल्कि पुलिस से धक्का दिलवाने की धमकी दी गई।

### मॉ नर्मदा के दर्शन के लिए केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर आयेगी

**अनूपपुर, ( हि.स. )।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर 06 मई को जिले के अमरकंटक में मॉ नर्मदा के दर्शन के लिए के आयेंगी।

जानकारी अनुसार केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर 05 मई की रात मण्डला से अमरकंटक पहुंचेंगी जहां 06 मई को प्रात: 8 बजे मां नर्मदा मंदिर में पूजन पश्चात दोपहर सतना के लिए रवाना होगी।

# खेत में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, जांच शुरु

राजगढ़,(हि.स.)

खिलचीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर स्थित खेत में लगे पेड़ पर रविवार अलसुबह 26 वर्षीय युवक का शव लटका मिला। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरु की।

पुलिस के अनुसार ग्राम फतेहपुर स्थित खेत में लगे पेड़ पर 26 वर्षीय रामेश्वर दांगी का शव लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है शनिवार रात रामेश्वर घर पर ही था तभी मोबाइल पर किसी से बात करने को लेकर परिजनों से कहासुनी हो गई, इसी बात से खिन्न रामेश्वर मोबाइल फेंककर घर से निकल गया। तलाशने पर युवक का शव खेत पर पेड़ पर लटका मिला। युवक ने किन हालातों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया, इसका वास्तविक कारण पता नही लग सका। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरु की।

# छतरपुर- दो कारों की आमने-सामने टक्कर, तीन की मौत

### 3 गंभीर घायल

छतरपुर, (हि.स.)

छतरपुर जिले के बड़ामलहरा क्षेत्र में शनिवार देर रात दो कारों की आमने-सामने से भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन साल के बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रुप से घायल हुए है। दो घायलों को ग्वालियर मेडिकल कॉलेज जबकि एक को छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। यह हादसा कारों के तेज रफ्तार में होने की वजह से हुआ।

जानकारी के अनुसार हादसा बडामलहरा थाना क्षेत्र के राजा ढाबा के पास हुआ। बादबानी परिवार अर्टिगा कार से भोपाल से छतरपुर आ रहा था, जबकि अहिरवार परिवार मारुति वैन से छतरपुर से बंडा सागर की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि सड़क पर भैंस के आने से मारुति वैन और अर्टिगा कार की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें गजेंद्र अहिरवार, अमर बादबानी और 3 साल के मासूम की मौत हो गई, जबकि रितु बाधवानी, आरती अहिरवार और मधुर बाधवानी बुरी तरह से घायल हो गए। इनमें रितु वाधवानी को ग्वालियर, आरती अहिरवार को पहले बंडा फिर सागर रैफर किया गया है। मधुर वाधवानी को इलाज के लिए जिला अस्पताल छतरपुर भर्ती किया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात करीब 10 बजे सड़क पर मरी पड़ी भैंस से बचने के लिए एक कार ने साइड बदली। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी कार उससे टकरा गई। सभी घायलों की स्थिति गंभीर है। सिविल सर्जन शरद चौरसिया ने बताया कि अर्टिगा कार में वाधवानी परिवार भोपाल से छतरपुर जा रहा था। इसमें अमर वाधवानी, उनकी पत्नी रितु और बेटा मयूर सवार थे। वहीं, ओमनी में अहिरवार परिवार छतरपुर से बंडा जा रहा था। इसमें गजेंद्र अहिरवार, उनकी पत्नी आरती और दो साल का बेटा यश थे। हादसे में यश, उसके पिता गजेंद्र अहिरवार और अमर वाधवानी की मौत हुई है। वहीं, आरती और रितु ग्वालियर जबकि मयूर का छतरपुर में इलाज चल रहा है।

बड़ामलहरा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) हरगोविंद राजपूत ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही एम्बुलेंस और मेडिकल टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया।

# सतना में सड़क किनारे झोले के अंदर मिली नवजात बच्ची

### सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया

सतना, (हि.स.)

सतना जिले के रामपुर बाघेलान में नेशनल थाना क्षेत्र में हाईवे नंबर 30 स्थित बेला बाईपास के तालाब के पास रविवार को सड़क किनारे एक झोले में नवजात बच्ची मिलने से सनसनी फैल गई। नेशनल हाईवे 30 के बाईपास पर स्थित चौबे तालाब के पास से गुजर रहे लोगों ने बच्ची के रोने की आवाज सुनी और तत्काल सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष चंद्रकिरण श्रीवास्तव को सूचित किया। सूचना पाकर बेला चौकी प्रधान आरक्षक चितेंद्र पाण्डेय एवं उनकी टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को सुरक्षित निकालकर चाइल्ड हेल्प केयर सेंटर, रीवा भेजा गया। बच्ची भूखी थी, इसलिए वह रो रही थी, तुरंत उसके लिए दूध की व्यवस्था की गई।

नेशनल हाईवे क्रमांक 30 के किनारे बाईपास पर स्थित चौबे तालाब के पास मिली नवजात के संबंध में बताया कि उसकी उम्र लगभग 6 से 8 घंटे की है। ऐसे में अनुमान है कि बच्ची की मां ने उसे जन्म के तुरंत बाद ही झोले में भरकर फेंक दिया। वहां से गुजर रहे लोगों को जब बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी तब उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम से पुलिस प्रशासन को अवगत कराया और अब उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष के अनुसार, रविवार सुबह 6 बजे ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद उन्होंने रामपुर बघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी को जानकारी दी। पुलिस ने बेला चौकी को अलर्ट किया, जिसके बाद आरक्षक चितेन्द्र पांडेय मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस से बच्ची को रामपुर बघेलान सिविल अस्पताल ले गए। जहां बच्ची का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार बच्ची स्वस्थ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

टीआई संदीप चतुर्वेदी ने बताया कि सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष से सूचना मिलने के बाद तत्काल कार्रवाई की गई। बच्ची को चाइल्ड केयर की देखरेख में सौंप दिया गया है और वर्तमान में उसका इलाज जिला अस्पताल सतना के स्पेशल केयर यूनिट में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार बच्ची स्वस्थ है।

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

# भाजपा नेता की पत्नी का शव ससुराल में फंदे से लटका मिला

डिंडौरी, (हि.स.)

मध्य प्रदेश के डिंडौरी में बीजेपी के एक युवा नेता की पत्नी का शव ससुराल में फंदे से लटका मिला है। युवा नेता ने पत्नी को फांसी से उतारा और बाद में अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बेटी की मौत की खबर सुनकर मां पिता का रो-रोकर बुरा हाल हो चुका है। परिजनों ने बीजेपी नेता पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया। उनका कहना है कि वह 5 लाख रुपए की डिमांड कर रहा था। शिकायत के बाद पुलिस ने बीजेपी नेता को हिरासत में ले लिया है।

घटना शनिवार रात करीब 7.30 बजे की है। भाजपा पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष और उप सरपंच दशरथ राठौर (38) की शादी तीन साल पहले देवलपुर गांव की रहने वाली संगीता (22) से हुई थी। दशरथ सिटी कोतवाली क्षेत्र के सरहरी बिछिया का रहने वाला है। उसकी प्रिंटिंग प्रेस है। वह मूर्तिकार भी है। संगीता भी दुकान संचालन में पति की मदद करती थी। पुलिस के मुताबिक, शनिवार शाम करीब 7.30 बजे दशरथ घर पहुंचा। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। उसने खिड़की में से देखा कि संगीता फंदे से लटकी हुई है। वो खिड़की से अंदर घुसा और फंदा काटकर पत्नी को नीचे उतारा। तब तक संगीता की मौत हो चुकी थी। दशरथ ने रात करीब 8.30 बजे पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे को सील कर दिया। रविवार सुबह 9 बजे कमरे का ताला खोला गया। पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम के दौरान संगीता के परिजन अस्पताल पहुंच गए। महिलाएं ओपीडी के सामने बैठ गईं। पुरुष नारेबाजी करते हुए पुलिस से बहस करने लगे। वे दशरथ के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। जानकारी मिलते ही एसपी वाहिनी सिंह ने मौके पर पहुंचकर परिजनों, रिश्तेदारों और अन्य लोगों को समझाइश। बाद में पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए भीड़ को अस्पताल से निकाला। परिजनों ने दशरथ पर पत्नी की हत्या का आरोप लगाया। उनका कहना है कि वह 5 लाख रुपए की मांग कर रहा था। रुपए नहीं दिए तो बेटी की हत्या कर दी।

संगीता के पिता ने कहा, हमें दशरथ ने ही फोन पर संगीता के फांसी लगा लेने की जानकारी दी। उसके बाद हम यहां आ गए। दामाद बेटी से मारपीट करता था। एक बार परेशान होकर बेटी मायके भी आ गई थी। समझौता होने के बाद हमने उसे भेज दिया था। संगीता के दादा छोटू सिंह राठौर ने कहा, मैं कल पोती के ससुराल आया था। दामाद दशरथ पांच लाख रुपए की मांग कर रहा था। मैंने उससे कहा कि मैं गरीब आदमी हूं। इतना पैसा कहा से लाऊंगा।

घटना की जानकारी लगने के बाद डिंडोरी से कांग्रेस विधायक ओमकार मरकाम जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने संगीता के परिजन से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान हैं। उसकी हत्या की गई है। पुलिस हम लोगो को शव देखने नहीं दे रही है। विधायक ने थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे से बात की और परिजनों को शव दिखाने की बात कही। थाना प्रभारी ने पीएम हो जाने के बाद शव दिखाने की बात कही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बालक/ बालिकाओं के बौद्धिक विकास के लिए नि:शुल्क समर कैंप ब्राईटर माइंड कोर्स संचालित



**बाग, निप्र।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक/ अधीक्षक धार श्री मनोज कुमार सिंह सर के मार्गदर्शन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गीतेश गर्ग सर के नेतृत्व मे पुलिस परिवार के समस्त अधिकारी /कर्मचारियों के 05 से 15 वर्ष तक की आयु के बालक/ बालिकाओं के बौद्धिक विकास के लिए समर कैंप के तहत नि:शुल्क ब्राईटर माइंड कोर्स संचालित किया जा रहा है। यह 10 दिवसीय कोर्स दिनांक 4/05/25 से डीआरपी लाइन धार स्थित लर्निंग सेंटर में प्रारंभ हुआ। Brighter Mind training program हेतु मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रधान आरक्षक सखाराम गोखले थाना बाग की विशेष भूमिका है। बता दें कि प्रधान आरक्षक सखाराम गोखले थाना बाग क्षेत्र के स्कूल कॉलेज में भी विभिन्न विषयों पर जन-जागरूकता अभियान चला कर पुलिस और जनता के बीच समन्वय स्थापित करते हुए बेहतर पुलिसिंग का माध्यम बने हुए हैं।

### बाग की पूजा प्रजापत का नेशनल नासिक के लिए हुआ सिलेक्शन।

**बाग, निप्र।** इंदौर के डीएलएफ गार्डन सिटी में पहली बार ग्रेपलिंग की राज्य स्तरीय स्पर्धा हुई । इसका उद्धघाटन एमआईसी सदस्य नंदकिशोर जी पहाड़िया ने किया प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने गी और नो गी स्टाइल में अपनी प्रतिभा दिखाई । यह प्रतियोगिता युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के नियमों के अनुसार हुई । इस प्रतियोगिता में बाग की पूजा राजू प्रजापत ने स्टेट ग्रेपलिंग कंपटीशन में अपनी बाजीगरी दिखाते हुए 49 कीलो भार में खेलकर शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड मेडल जीते और नेशनल नासिक के लिए सिलेक्शन हुआ । जिस पर उनके मास्टर संजय पंवार ने हर्ष व्याप्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी । इस दौरान पूजा प्रजापत ने बताया की मेरे सर संजय पंवार उनका बड़ा योगदान रहा मेरा होषला बढ़ाने में इन्दोर हुई यह प्रतियोगिता में मेने भाग लिया और मुझे आप सभी के आर्शिवाद से यह सफलता मिली।



### अध्यक्ष लोहार समाज बाग बाबूलाल शिलाका का निधन

**बाग, निप्र।** बाग के देववंशी मालवीय लोहार समाज बाग अध्यक्ष व गायत्री परिवार के सह ट्रस्टी ,ठेकेदार , सरल स्वभाव के धनी मिलनसार, श्री बाबूलाल शिलाका अल्प बिमारी के बाद उनका देव लोक हो गया वे अपने पिछे भरा पुरा परिवार छोड़ कर चले गए दो पुत्र व एक पुत्री 87 वर्ष उम्र में स्वर्गवास हो गया दाह-संस्कार पण्डित द्वारा गायत्री मंत्रोच्चार से हुआ अग्नि दाह-संस्कार उसके पुत्र अरुण व संजय ने किया शोक सभा में राधेश्याम सेन, सुनील जैन डेडी कृष्ण कान्त झँवर ,धर्मेन्द्र बामनिया शिलाका जी के जीवन पर प्रकाश डाला श्रद्धांजलि दी अन्तिम यात्रा मे समाजबंधु ,अधिकारी , पत्रकार, व्यापारी मिलनसार बन्धु, बड़ोदा, इन्दौर के आसपास क्षेत्र के सैंकडों की संख्या मे लोगो ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि नम आंखों से बिदाई दी।



### शासकीय हेडपंप को किया अपने कब्जे में

# रहवासियों ने नेता प्रतिपक्ष से लगाई गुहार

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** शासकीय जीवित हेडपंप को मकान निर्माण के दौरान अपने मकान में कर लेना का मामला इन दिनों नगर में चर्चा का विषय बना हुआ जो सोशल मीडिया से लेकर बाजार में भी इसकी चर्च जमकर हो रही है उसी को लेकर रहवासियों ने इस शासकीय हेडपंप पर निजि कब्जा कर लेने को लेकर स्थानीयो ने पंचायत से लेकर नेता प्रतिपक्ष एवं गंधवानी विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमंग सिंगार को संबंधित के खिलाफ आवेदन देकर मांग की हे की आम जनता की सेवा के लिए यह शासकीय हेडपंप था ओर सभी इसके जल का लाभ भी ले रहै थे।



**रहवासियों ने नेता प्रतिपक्ष सिंघार को शिकायत आवेदन दिया :** नेता श्री उमंग सिंघार के अपने विधानसभा क्षेत्र दौरे में बीती रात्रि में ग्राम बाग में वार्ड क्रमांक 4 में बने विधायक निधि से निर्माण किए खरंजे का शुभारंभ फीता काटकर किया और उसके बाद मुस्लिम समाज के मेवाती मोहल्ले जमात खाने में प्रतिपक्ष नेता के स्वागत समारोह में ग्रामीणों ने ग्राम के जीवन कुमार पूनमचंद प्रजापति द्वारा शासकीय हैंडपंप माता दरवाजा वर्षों से स्थित को जड़ से गायब कर जमीं दोष कर दिया और शासकीय जमीन पर अपना निजी निर्माण कर शटर लगा कर व्यवसायीकरण कर लिया जिसकी लिखित में शिकायत ग्राम सरपंच को भी की गई थी लेकिन पंचायत की ओर से कोई कार्यवाही नहीं होने से आहत ग्रामीणों ने प्रतिपक्ष नेता उमंग सिंघार को भी लिखित में शिकायत आवेदन दिया जिसमें समस्त वार्ड के रहवासियों से हस्ताक्षर करवाकर प्रतिपक्ष नेता से न्याय की गुहार लगाई और निवेदन किया कि उक्त अतिक्रमण हुए हेंडपंप को मुक्त करवाए ताकी आमजन को उसका लाभ मीले साथ ही विधिपूर्वक कार्यवाही करवाने में हमारे आवेदन पर गौर कीजियेगा और नगर व अन्य पीड़ित लोगों के साथ मानवता और मानव अधिकार से न्याय करवाने में विधि पूर्वक जनता की आवाज के साथ न्याय कीजिए वहीं प्रतिपक्ष नेता ने आवेदन को स्वीकार कर वैध कार्यवाही कर और इस भीषण गर्मी में मानवता को शर्मसार करने वालो के खिलाफ उचित और वैध कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस पर समस्त उपस्थित जन समुदाय ने प्रतिपक्ष नेता का आभार माना और नेता के लिए जय घोष किया

आगे अब देखना यह हे कि आगे उक्त अतिक्रमण किए गए शासकीय जगह और उखाड़कर फेंके गए हैंडपंप को अतिक्रमण मुक्त स्वयं ही करते हे या शासन की कोई उचित और वैध कार्यवाही से ही होगा ।

# राजेन्द्र जयंत जेन पाठशाला में बच्चे प्राप्त कर रहे धार्मिक ज्ञान

**प्रतिवर्षनुसार हो रहा पाठशाला का आयोजन, समाजजन भेजे अपने बच्चों को वरिष्ठ सदस्यों ने की अपील**





विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** राजेंद्र जयंत जैन पाठशाला प्रतिवर्तनुसार इस वर्ष भी दिनांक 1 मई 2025 से स्थानीय 52 जिनालय मंदिर में प्रारंभ हुई इसमें लगभग 40 से 45 बच्चे जैन धार्मिक ज्ञान प्राप्त करने हेतु उपस्थित हुए यह पाठशाला विगत 20 वर्षों से प्रतिवर्ष बच्चों के ग्रीष्म अवकाश में पुण्य सम्राट आचार्य देव श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरिश्वरजी महाराज साहब के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से संचालित की जा रही है जिसका संचालन सुश्रावक श्री संजयजी मेहता एवं श्राविका श्रीमती कविता मेहता तथा श्री रमेशजी छाजेड द्वारा किया जा रहा है एम बच्चों को धार्मिक ज्ञान प्रदान किया जा रहा है।

**वरीष्ट सदस्यों ने की अपील :** इसी संस्था के वरिष्ठ सदस्य श्री मनोहर लाल जी भंडारी, निर्मल मेहता ,श्री सोहनलाल जी कोठारी, श्री अशोक कटारिया, श्री यशवंत भंडारी, श्री रतनलाल जी दयड ,श्री राकेश मेहता, श्री मुकेश लोढ़ा ,श्री भारत बाबेल, श्री रिंकू रुनवाल, श्री अनिल रुनवाल ,श्री अंतिम जैन ,प्रदीप संघवी, आदि ने समाज के सदस्य गणों को अपने बालक -बालिकाओं को उक्त पाठशाला में नियमित रूप से धार्मिक ज्ञान अर्जन हेतु भेजने के लिए निवेदन किया गया है।

## माहेश्वरी समाज डही का नर्मदा चुनरी महोत्सव कार्यक्रम संपन्न



विनय उजाला

**डही, निप्र।** माहेश्वरी महिला मंडल एवं माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित चुनरी अर्पण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर कोटेश्वर धाम नर्मदा तट पर मां नर्मदा को चुनरी अर्पण की गई। इसके पूर्व शनिवार को डही में दोपहर 2 बजे माहेश्वरी समाजजन एकत्रित होकर राम मंदिर से भव्य चुनरी शोभायात्रा के साथ सदर बाजार होते हुए हनुमान मंदिर पहुंचकर कोटेश्वर के लिए प्रस्थान किया। कोटश्वर में मां नर्मदा की आरती, पूजन कर मां नर्मदा के एक छोर से दूसरी छोर तक बोट के माध्यम से 151 चुनरी अर्पण की गई। इस अवसर पर श्रीमति संतोष चांडक, पुष्पा डोडिया, राधा डोडिया, मधुबाला लड्ढा, कांता लाखोटिया, पार्वती झंवर, स्नेहलता लड्ढा, सुशीला लड्ढा, कोमल कालानी, माना लड्ढा, अंजना लड्ढा, मीनाली, वीणा डोडिया, टीना, पिंकल लड्ढा एवं माहेश्वरी समाज अध्यक्ष सुभाष चंद्र बाहेती, नारायण डोडिया, ओमप्रकाश लड्ढा धार जिला अध्यक्ष नारायण लड्ढा, ब्रजमोहन झवर, कमल कालानी, गोपाल लड्ढा, वीआर पाटिल, देवेंद्र व्यास, राजेश लड्ढा, योगेश डोडिया, संजय झवर, नवीन लड्ढा, संतोष डोडिया,अखलेश डोडिया आदि मौजूद थे।

## नगर परिषद पेटलावद का सराहनीय प्रदर्शन समग्र आईडी-आधार लिंकिंग में जिले में पहला स्थान

### 19 हजार नागरिकों को जोड़ने का लक्ष्य, 53.31 फीसदी कार्य हुआ पूर्ण







| S.No | District | Localbody | Gram Panchayat / Zone | Village / Ward | Total Members | e-KYC Verified | Verified Percentage | Pending e-KYC for Verification | e-KYC Rejected | Pending for e-KYC |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | JHABUA | Nagar Parishad PETLAWAD | Zone 1, Nagar Parishad | Ward 1 | 2144 | 1377 | 64.23 | 4 | 9 | 754 |
| 2 | JHABUA | Nagar Parishad PETLAWAD | Zone 1, Nagar Parishad | Ward 10 | 607 | 269 | 44.32 | 2 | 0 | 336 |
| 3 | JHABUA | Nagar Parishad PETLAWAD | Zone 1, Nagar Parishad | Ward 11 | 889 | 492 | 55.34 | 0 | 0 | 397 |
| 4 | JHABUA | Nagar Parishad PETLAWAD | Zone 1, Nagar Parishad | Ward 12 | 688 | 396 | 57.56 | 2 | 0 | 290 |
| 5 | JHABUA | Nagar Parishad PETLAWAD | Zone 1, Nagar Parishad | Ward 13 | 1411 | 673 | 47.70 | 1 | 1 | 736 |
| 6 | JHABUA | Nagar Parishad PETLAWAD | Zone 1, Nagar Parishad | Ward 14 | 1179 | 520 | 44.11 | 0 | 2 | 657 |
| 7 | JHABUA | Nagar Parishad PETLAWAD | Zone 1, Nagar Parishad | Ward 15 | 1422 | 601 | 42.26 | 19 | 1 | 801 |
| 8 | JHABUA | Nagar Parishad PETLAWAD | Zone 1, Nagar Parishad | Ward 2 | 979 | 601 | 61.39 | 0 | 2 | 376 |
| 9 | JHABUA | Nagar Parishad PETLAWAD | Zone 1, Nagar Parishad | Ward 3 | 1340 | 801 | 59.78 | 0 | 0 | 539 |
| 10 | JHABUA | Nagar Parishad PETLAWAD | Zone 1, Nagar Parishad | Ward 4 | 824 | 497 | 60.32 | 2 | 3 | 322 |
| 11 | JHABUA | Nagar Parishad PETLAWAD | Zone 1, Nagar Parishad | Ward 5 | 1364 | 630 | 46.19 | 1 | 0 | 733 |
| 12 | JHABUA | Nagar Parishad PETLAWAD | Zone 1, Nagar Parishad | Ward 6 | 1022 | 606 | 59.30 | 1 | 1 | 414 |
| 13 | JHABUA | Nagar Parishad PETLAWAD | Zone 1, Nagar Parishad | Ward 7 | 1070 | 616 | 57.57 | 2 | 0 | 452 |
| 14 | JHABUA | Nagar Parishad PETLAWAD | Zone 1, Nagar Parishad | Ward 8 | 3352 | 1756 | 52.39 | 6 | 7 | 1583 |
| 15 | JHABUA | Nagar Parishad PETLAWAD | Zone 1, Nagar Parishad | Ward 9 | 660 | 267 | 40.45 | 0 | 4 | 389 |
| | | | | Total | 18951 | 10102 | 53.31 | 40 | 30 | 8779 |

विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** शासन की महत्वपूर्ण योजना 'समग्र आईडी को आधार से लिंक' करने के कार्य में नगर परिषद पेटलावद ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए जिले के नगरीय निकायों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस योजना के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के कुल 18,951 नागरिकों की समग्र आईडी को आधार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेन्द्र भण्डारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर परिषद द्वारा अब तक 10,102 नागरिकों की समग्र आईडी को आधार से लिंक किया जा चुका है, जो कि कुल लक्ष्य का 53.31% है। यह कार्य निरंतर निगरानी और समर्पित प्रयासों का परिणाम है।

सीएमओ भण्डारी ने यह भी बताया कि सीमित संसाधनों और कर्मचारियों की कमी के बावजूद नगर परिषद निरंतर कार्य कर रही है। साथ ही शासन की अन्य योजनाओं को भी समान रूप से प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति के लिए नगर परिषद प्रतिबद्ध है और शेष कार्य तेजी से प्रगति पर है। नगर परिषद पेटलावद की यह उपलब्धि न केवल संगठन की कार्यकुशलता को दर्शाती है, बल्कि यह भी प्रमाणित करती है कि यदि इच्छाशक्ति और समर्पण हो, तो संसाधनों की सीमाएं भी विकास कार्यों में बाधा नहीं बनतीं।

## विश्व प्रेस पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस पर विश्व विख्यात वरिष्ठ पत्रकार अजीजुद्दीन शेख खरगोन सम्मानित

विनय उजाला



**बाकानेर, नि प्र।** शेख साहब ने कहा मीडिया को लोकतंत्र मै चौथा स्तंभ कहा गया है प्रेस को संवैधानिक दर्ज दिलाने की बात नहीं की सिर्फ सम्मान दिया जाता है,प्रिंट मीडिया की स्थिति महंगाई के दौर में खराब है पत्रकारों की सुरक्षा भी बढ़ा सवाल है हमे लिखने की कितनी आजादी है, सच को लिखो तो कितनी मुश्किल सामने आती है। प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट, कौमी एकता कमेटी बाकानेर,अखिल निमाड़ लोक परिषद बाकानेर इकाई,परख साहित्य मंच,प्रेस क्लब बाकानेर,के संयुक आयोजन में 3 मई 2025 को विश्व प्रेस पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस पर , पांच दशकों से निष्पक्ष न्यायिक पत्रकारिता कर रहे विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ पत्रकार अजीजुद्दीन शेख साहब खरगोन को शाल श्रीफल प्रतीक चिन्ह गुलदस्ता, किताबें, देकर फूल माला से वरिष्ठ साहित्यकार लेखक विनोद कुमार सकुंडे, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के पूर्व प्रबंधक अश्विनी गुप्ता प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट राष्टीय महा सचिव सैयद रिजवान अली ने सम्मानित किया।

शेख साहब को पत्रकारिता विरासत में मिली है उनके पिताजी मीसाबंदी शमसुद्दीन शेख साहब जाने माने समाज सेवी पत्रकार थे,नई पीढ़ी मै भाई शफि शेख बेटा आमिर शेख पत्रकारिता कर समाज सेवा कर रहे है।


**सिंघाना नगर के प्रसिद्ध सराफा दुकान जगन्नाथ ज्वेलर्स से 1 किलो सोना और 80 किलो चांदी लेकर चोर फरार**

# चोरी की घटना के बाद, ग्रामीणों ने की नगर मे सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग

विनय उजाला







**सिंघाना, निप्र।** धार जिले के मनावर थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी, लूट, डकैती का सिलसिला लगातार जारी है। शनिवार रात्रि 8.00 बजे करीब मनावर के ग्राम सिंघाना में बीच बाजार बंदूक की नोक पर सिंघाना नगर के सबसे व्यस्ततम इलाके बस स्टैंड पर स्थित प्रसिद्ध सराफा दुकान जगन्नाथ ज्वेलर्स से 1 किलो सोना और 80 किलो चांदी लेकर चोर फरार हुए। अज्ञात चार बदमाशों ने लूट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। लूट की घटना के बाद ग्राम सिंघाना में हड़कंप मच गया, पुलिस ओर ग्रामीण घटना के बाद चोरों के पीछे भागे, कुछ दूर जाकर चोरों ने चोरी किए आभूषण पत्थरों के बीच छुपा कर भागने का प्रयास किया जिसमे वह सफल हो गए, लेकिन पुलिस और ग्रामीणों की मदद से लूटा हुआ माल बरामद किया। साथ ही एक पल्सर बाइक भी मौके पर मिली, जो चोरी की घटना में इस्तेमाल की गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब दुकान पर रोज़ तरह कामकाज चल रहा था, तभी चार नकाबपोश युवक अचानक दुकान में दाखिल हुए। उन्होंने भीतर घुसते ही शटर बंद कर दी और दुकान में मौजूद मुनीम शाहजी माने के साथ मारपीट करते हुए सोने-चांदी के आभूषण समेट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही सिंघाना पुलिस चौकी प्रभारी प्रकाश सरोदे टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का मुआयना किया। घायल मुनीम को उपचार के लिए स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी इस दुकान में चोरी का प्रयास किया जा चुका है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले गए।नगर में घटी इस घटना से व्यापारियों और आमजन में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात में गश्त बढ़ाने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**दो मिनट 11 सेकेंड के वीडियो में वारदात :** घटना के दूसरे दिन रविवार को 2 मिनट 11 सेकेंड का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वीडियो में दुकान में चार नकाबपोश बदमाश दिख रहे हैं। दो बदमाश मुनीम शाहजी माने को उल्टा लिटाकर उसके ऊपर बैठे हैं। मुंह में कपड़ा ठूंस रखा है। दो बदमाश सामान समेटने में लगे हैं।एक बदमाश ने दुकान में बिछी चादर को खींचा और मुनीम के पैर बांध दिए। फिर दो लोगों ने अलमारी और काउंटर से जेवर निकालकर बैग में भरे। पूरे समय एक बदमाश ने मुनीम को दबोचे रखा। आखिर में चारों बदमाश बैग में जेवर भरकर बाहर निकलकर भाग निकलते हैं।

**हिसाब-किताब करते समय आ धमके बदमाश :** जगन्नाथ ज्वेलर्स के मुनीम शाहजी माने ने बताया- मैं रात करीब 9 बजे दुकान की बड़ी शटर बंद करके छोटी शटर खुली रखकर अंदर अकेला ग्राहकी का हिसाब मिला रहा था। इसी दौरान चार नकाबपोश बदमाश आ गए। उनकी उम्र करीब 35 से 40 साल के बीच रही होगी।उन्होंने आते ही पिस्टल तान दी। जान से मारने की धमकी देने लगे। मेरा गला दबा दिया। वह गोली चलाने वाले थे, तो मैंने पिस्टल पकड़ ली। दो बदमाशों ने तो पिस्टल के बट से सिर पर वार कर दिया। इससे मैं बेहोश होकर गिर गया। मुनीम शाहजी के अनुसार करीबन 1 किलो सोना, 80 से 90 किलो चांदी, दुकान पर रिपेरिंग के लिए आई ज्वेलरी एवं डेढ़ लाख रुपए नगद लेकर भागे थे चोर, हंगामा होने पर नगर के युवाओ व चोकी प्रभारी प्रकाश सरोदे ने करीबन 4 किलोमीटर तक चोरो का पीछा किया पीछे लोगों को आते देख चोरों ने बाइक खड़ी कर जंगल में घुस गए चोरों द्वारा पुलिस एवं ग्रामीणों पर चोरो ने चार राउंड फायरिंग की फायरिंग में कोई भी हताहत नहीं हुआ है,ओर चोर द्वारा एक गड्ढे में दोनों बैगों को पत्थरों से ढंक कर फरार हो गए पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से मोबाइल के लाइट से सर्चिंग करने पर दोनों बेग प्राप्त कर लिए हे, मगर चोरों का पता नहीं चल पाया, अंधेरे का फायदा उठा कर चोर फरार हो गए।

**चोरी की घटना के बाद, ग्रामीणों की नगर मे सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग :** सिंघाना में चोरी की घटना के बाद, लोग सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग कर रहे हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके और सुरक्षा बढ़ाई जा सके। ग्रामीणों का कहना हे हर चौराहे ओर नगर के प्रवेश रोड पर हाई टेक सीसीटीवी कैमरे लगाना जरूरी हो गए, ग्रामीणों ने मांग की हे कि जल्द से जल्द शासन प्रशासन और स्थानीय ग्रामीणों की मदद हाई टेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए, बीती रात चोरी की घटना के बाद, लोगों में सुरक्षा के प्रति चिंता और बढ़ गई है,और वे ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उपाय करने की मांग करते हैं। ग्रामीणों का कहना हे कि सीसीटीवी कैमरे एक प्रभावी उपाय हो सकते हैं क्योंकि वे चोरी के अपराध को रिकॉर्ड कर सकते हैं और अपराधियों को पकड़ने में मदद कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम रायबिड़ में डेम की साफ सफाई की

**खरगोन, निप्र।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद खरगोन जिला समन्वय विजय शर्मा तथा विकासखण्ड समन्वयक मोनिका नामदेव के निर्देशानुसार ऊन सेक्टर क्रमांक 3 के ग्राम रायबिड़ में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत डेम की साफ सफाई व गाद निकाली गयी। इस दौरान मेन्टर मोनिका शाह, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी रवि मंडलोई, सुशांत मंडलोई, अंकित मंडलोई, अमन ठाकुर तथा स्थानीय रहवासियों के विशेष योगदान व सराहनीय प्रयास से इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

## धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहा आरोपी सनावद पुलिस की गिरफ्त में

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहा आरोपी भागीरथ पिता धन्नालाल मालाकार निवासी सालाखेडी को सनावद पुलिस ने पकड़ा। ज्ञातव्य रहे कि साईराम ट्रेडर्स प्रोपाईटर अनिल किशोरीलाल मालाकार निवासी सालाखेडी थाना कसरावद द्वारा करीबन 150-200 किसानों से डालर चना खरीद कर करोड़ों रूपये का भुगतान नही किया।

अभी तक प्राप्त कुल 152 किसानो के आवेदनों के अनुसार कुल 3,77,11,547 रुपये (तीन करोड सतत्तर लाख ग्यारह हजार पाँच सो सैंतालीस रूपये) की कृषि उपज डालर चना, माह मार्च-अप्रैल-मई मे 15- 20 दिन मे भुगतान करने का बोलकर धोखाधड़ी पुर्वक खरीदा एवं बिना भुगतान किये मण्डी प्रांगण से खरीदी गई कृषि उपज डालर चना लेकर भाग गया। सनावद थाने पर दर्ज इस रिपोर्ट पर अपराध धारा 420 भादवि बढाने धारा 120-बी, 109 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पश्चात पड़ताल के साईराम ट्रेडर्स प्रोपाइटर अनिल पिता किशोरीलाल मालाकार एवं सुनिल पिता किशोरीलाल मालाकर दोनो निवासी ग्राम साला खेडी कसरावद को दिनांक 19.05.24 एवं 21.06.24 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में अन्य आरोपी भागीरथ पिता धन्नालाल मालाकार निवासी सालाखेडी घटना दिनांक से ही फरार चल रहा था जिसकी तलाश हेतु पुलिस द्वारा हर सम्भव प्रयास किये किन्तु आरोपी अत्यन्त शातिर होकर अपने पहचान छुपाकर निवास स्थान बदलता रहता है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी रामेश्वर ठाकुर के द्वारा गठित टीम द्वारा अथक परिश्रम एवं सतत् प्रयास कर आरोपी भागीरथ पिता धन्नालाल मालाकार निवासी सालाखेडी का पता लगाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## सनावद पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करने वाले को पकड़ा

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** सनावद पुलिस ने मोटरसाईकिल से अवैध शराब का परिवहन करने वाले को बैडिया रोड़ से पकड़ा। उसने अपना नाम जितेन्द्र निवासी ग्राम घोसली थाना मांधाता जिला खण्डवा का होना बताया। सनावद पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र के पास से मोटरसाइकल पर बंधी कुल 54 लीटर अवैध शराब कीमती 18,800/- रुपये, अवैध शराब के परिवहन मे उपयोग की जा रही मोटर सायकल क्रमांक स्क्का0स्क्च4876 कीमती 50000/- रुपये व आरोपी का मोबाईल कीमती 12,000/- रुपये को अपनी सुपूर्दगी में लेकर आरोपी के विरुद्ध सनावद थाने में अपराध क्रमांक 159/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया।

पुलिस टीम

उक्त प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग बड़वाह श्रीमती अर्चना रावत, सनावद थाना रामेश्वर ठाकुर, सहायक उपनिरीक्षक शिवप्रसाद वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक संदीप कुशवाह, प्रआर. 940 रविन्द्र चौहान, आर. 1012 सुमित भदौरिया, आर. 190 सुनिल एवं थाने के अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## गायत्री शक्तिपीठ अंजड में रविवार को जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन

# उपझोन सहित चार जिलों से सैकड़ो गायत्री परिजनों ने भाग लिया

विनय उजाला





**अंजड, निप्र।** जिसमे अंजड पधार रहे देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के कुलाधिपति डॉक्टर चिन्मय पंड्या के कार्यक्रम, शताब्दीवर्ष, रथयात्रा आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा कर रणनीति बनाई गई। भोजन पश्चात दिनभर चली इस गोष्ठी की शुरुआत मुख्य अतिथि रहे सनावद से पधारे डॉक्टर सोहनलाल गुर्जर, विशेष अतिथि ओम्कारेश्वर शक्तिपीठ के पन्नालाल बिरला व जिला समन्वयक महेंद्र भावसार, अध्यक्षता कर रहे अंजड शक्तिपीठ प्रमुख ट्रस्टी जगदीश एग्रो तथा नरेंद्र डावर सालिटाण्डा एवं पूर्व मुख्य ट्रस्टी डॉक्टर एलएन वडनेरे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

युग संगीत गायन अनिल भावसार व तबले पर अरविंद पांडे ने प्रज्ञा गीत सुनाए। इस अवसर पर जिले की नौ तहसीलों से आये तहसील प्रमुखों ने अपने-अपने शक्तिपीठों का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी जगदीश एग्रो ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 07 जुलाई अंजड में देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के कुलाधिपति डॉक्टर चिन्मय पंड्या पधार रहे है। जिनका उपझोन के समस्त कार्यकर्ताओ ओर क्षेत्रीय नागरिकों के लिए एक बौद्धिक कार्यक्रम होगा। श्री एग्रो ने आयोजन को सफल बनाने लिए सभी परिजनों से आवाहन किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉक्टर सोहनलाल गुर्जर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि युग निर्माण कब होगा, युग परिवर्तन कैसे होगा यह हमारे भगवान और हमारे गुरुदेव जाने हमे सिर्फ अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना है। विश्वास रखिये युग परिवर्तन भी होगा और नए युग का निर्माण भी होगा। आगे उन्होंने कहा कि जैसे सबरी माता को पूर्ण विश्वास था कि उनके गुरुदेव ने कहा कि भगवान राम आएंगे तो इंतजार करते-करते माता सबरी का पूरा जीवन निकल गया अंततः भगवान श्रीराम उनकी झोपड़ी में आये इसी समर्पण ओर विश्वास के साथ हम सभी को गुरुदेव का काम करना है हमारे गुरु ने कहा दिया कि मनुष्य में देवत्व का उदय होगा तो होकर रहेगा। जिस तरह से तांगे में जूते हुए घोड़े के कान के पास पट्टी बांधी जाती है ताकि उसको सिर्फ रास्ता ही दिखाई दे इसी तरह से हमे भी हमारे आखों के आस-पास ध्यान, साधना ओर स्वाध्याय रूपी आखों के आस-पास पट्टी बंधाना होगी ताकि हम हमारे लक्ष्य को प्राप्त कर सके।

आगे उन्होंने कहा कि यह जीवन हमे लीज पर मिला है रजिस्ट्री के चक्कर मे ना रहे पूरा जीवन हमे गुरुदेव को लीज पर देना है रजिस्ट्री की चिंता गुरुदेव करेंगे। इस अवसर पर पन्नालाल बिरला ने कहा कि हमे सिर्फ शताब्दी वर्ष पर ध्यान केंद्रित करना है तथा उपझोन के सभी कार्यक्रमो को सफल बनाना है। गुरुदेव ने कहा है कि तुम मेरा काम करो मैं तुम्हारा काम करूंगा। वही जिला समन्वयक महेंद्र भावसार ने अखंड ज्योति शताब्दीवर्ष के उपलक्ष्य में 13 मई से 30 जून तक पूरे जिले भर में निकाली जा रही रथयात्रा के संचालन के बारे में विस्तृत से जानकारी दी।

वही जिला युवा प्रकोष्ठ प्रमुख लखन विश्वकर्मा ने गृहे गृहे गायत्री यज्ञ करना एवं गायत्री परिवार द्वारा नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिसमे सहयोग का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन माधव पाटीदार ने किया एवं आभार सहायक ट्रस्टी विजय काग ने माना। इस दौरान जिले भर से सैकड़ो गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

# देश के सर्वांगीण विकास के लिए कांग्रेस की विचारधारा जरूरी है, भाजपा भी उसे मान रही है

## राहुल गांधी की मांग पर जातिगत सर्वेक्षण को लेकर कांग्रेस की प्रेस वार्ता में बोले कांग्रेस प्रवक्ता

विनय उजाला




**बड़वानी, निप्र।** भाजपा को कांग्रेस की बात और राहुल गांधी की बात को मानना पड़ा है और उसके आगे घुटने टेकने पड़े है। देश के सर्वांगिण विकास के लिए राहुल गांधी ने संसद में मांग की थी कि सभी जातियों की गणना हो और उनका एक्सरे निकाला जाए, ताकि जिस जाति की कितनी संख्या हैं, उसके हिसाब से देश में जो संसाधन उपलब्ध हैं और सरकारी सुविधाएं हैं, उसका लाभ उनको मिल सके। आज भाजपा को राहुल गांधी की बात मानना पड़ी और घुटने टेकने पड़े।

यह बात कांग्रेस प्रवक्ता व खरगोन-बड़वानी मीडिया प्रभारी आनंद कासलीवाल ने शनिवार दोपहर गोशाला मार्ग विधायक कार्यालय पर प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना को लेकर भाजपा ने विरोध किया था और कहा था कि इससे देश को नुकसान होगा, लेकिन इस तरह कांग्रेस पार्टी के कई यू टर्न हैं, जिसे भाजपा की सरकार को स्वीकारना पड़ा। इसके पूर्व भी राहुल गांधी ने सरकार ने कोरोना के लिए चेताया था, लेकिन उनका मजाक उड़ाया गया।

जीएसटी में दरों को लेकर चेताया था, अग्निवीर योजना को लेकर चेताया था, जिसमें भाजपा को सुधार करना पड़ा। किसानों के काले कानून वापस लेना पड़े। नोट बंदी के समय राहुल गांधी ने कहा था कि देश की आर्थिक स्थिति चरमरा जाएगा, नोटबंदी से आज भी हम कर्ज तले दबे है। कासलीवाल ने कहा कि आज कांग्रेस की विचारधारा राहुल गांधी की विचारधारा आम जनमानस की विचारधारा हैं। दलित, पिछड़े, आदिवासी, गरीब वर्ग सबको साथ लेकर सबका साथ सबके विकास की बात राहुल गांधी ने की है। भाजपा इसी नीति का विरोध किया था और आज उसे मानना पड़ी है। इससे साफ है कि कांग्रेस की विचारधारा देश के समुचित विकास के लिए जरूरी हैं और वो ही राहुल गांधी कर रहे हैं। सारी टेक्नोलॉजी राजीव गांधी के सुपर कम्पयूटर की देन कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो विचारधारा हैं, जिसे देश को हमेशा दिया है। इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर देश को नई दिशा दी है। 1984 में देश में टीवी लेकर आई थी। देश में टीवी का बड़ा योगदान रहा था। फिर राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने और देश को सुपर कम्प्यूटर दिया। उसके बाद मारूति लेकर आए। आज जो टेक्नालॉजी, वॉट्सअप जो भी हैं, अगर राजीव गांधी सुपर कम्प्यूटर नहीं देते तो आमजन तक नहीं पहुंचती। कांग्रेस सभी वर्गों के समान रुप से विकास हो और यही सोच राहुल गांधी की है। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष नानेश चौधरी, विधायक राजन मंडलोई, मीडिया प्रभारी अजयसिंह ठाकुर आदि मौजूद थे।

## पांच दिन से लापता, युवक का शव नर्मदा तट जंगल में मिला, बकरी चराने वालों ने दी सूचना



विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** घर से बगैर बताए पांच दिनों से लापता युवक का शव नर्मदा तट किनारे स्थित जंगल में मिला। रविवार को बकरी चराने वालों ने देखा तो पुलिस को तुरंत सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा बनाया। पीएम कराया। मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के ग्राम बड़गांव के नर्मदा तट इलाके में युवक का शव मिलने की जानकारी पर इलाके में सनसनी फैल गयी। पुलिस ने बताया मृतक कालू पिता टेमरिया 30 वर्ष निवासी बडगांव ओटा कसरावद क्षेत्र का निवासी हैं। युवक घर से बगैर बताए 5 दिन से लापता था। परिजनों ने बताया मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। इसलिए बगैर बताए घर से चला गया है।

पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पीएम के लिए कसरावद शासकीय अस्पताल लाया गया। पीएम कर परिजनों के सुर्पुद किया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह वार्षिक कार्यक्रम एवं कैलेंडर का विमोचन





विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** मध्य प्रदेश बलाई समाज महासंघ तहसील इकाई डही एवं कुक्षी जिला धार के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम सिलकुंआ में प्रतिभा सम्मान समारोह वार्षिक कार्यक्रम एवं कैलेंडर का विमोचन हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम रैली का आयोजन किया गया। जिसमें सभी समाज जन नाचते हुए एवं झूमते हुए सिलकुंआ के स्कूल प्रांगण तक पहुंचे। उसके बाद मंचीय कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें छोटी सी बालिका तृती इटली ने बाबा साहेब के जीवन परिचय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए धारा प्रवाह वक्तव्य दिया गया। जिसमें बहुत सारे समाज जनों द्वारा बालिका को इनाम स्वरूप राशि भेंट की गई।

प्रतिभावान छात्र छात्रोंओ को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र भेंट किया गया, विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाज जनों को एवं सामाजिक संगठनों को बाबासाहेब का चित्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम बहुत ही गरिमामय संपन्न हुआ जिसमें भारी संख्या में धार बड़वानी खरगोन खंडवा इंदौर के स्वजाति बंधु शामिल हुए। आयोजन कमेटी द्वारा पधारे सभी स्वजाति बंधुओ का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# मुझे तो खरगोन वालों ने फूलों से घायल कर दिया : विश्वास सारंग

विनय उजाला

**पदाधिकारियों ने मांग पत्र सौंपें**

प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग को विभिन्न मांगों से संबंधित पत्र सौंपें गए। जिला मंत्री चंदरसिंह वास्कले, सिरवेल महादेव मंडल अध्यक्ष रूपेश मालवीया, सरपंच सजनसिंह वास्कले आदि ने कुंदा नदी पर राजमली ग्राम पंचायत पीपलझोपा पर पुल निर्माण, नर्मदा पाइप लाईन हेतु छूटे हुए गांव की सूची में पीपरीपाला का नाम जोड़ने, पीपरीपाला में नवीन पंचायत भवन निर्माण, बिस्टान से तेनसेमली तक डबल लेन सड़क निर्माण, शाउमावि पीपलझोपा में बाउंड्रीवाल निर्माण, पीपलझोपा में बालिका छात्रावास एवं सिरवेल महादेव में बालक छात्रावास निर्माण, सिरवेल महादेव में ग्रिड निर्माण सहित अन्य मांगों से संबंधित पत्र सौंपें।

**खरगोन, निप्र।** मेरे कई यहां आने का योग ही नहीं बन रहा था। भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दा ब्राह्मणे जी ने कहा था भैया कुछ भी हो जाए आप आ जाओ। कार्यकर्ता व जिले की जनता आपकी राह देख रही है। और जब मैं यहां आया तो देखा लोग पत्थर से घायल हो जाते हैं लेकिन खरगोन वालों ने मेरे स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी। मुझ पर इतने फूल बरसाए कि मैं तो फूलों से घायल हो गया। खरगोन के कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाता हूं कि मैं उनकी ताकत बनकर सदैव साथ दूंगा। अब बहन नन्दा ब्राह्मणे के नेतृत्व में खरगोन जिला चलेगा ही नहीं, दौड़ेगा भी।

यह बात मध्यप्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा खरगोन जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग ने भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने बताया जिला कार्यालय आगमन पर विश्वास सांरग का भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दा ब्राह्मणे के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। उन्हें हनुमानजी की प्रतिमा भी भेंट की गई। उन्होंने कहा जनसंघ से शुरू हुई हमारी वैचारिक यात्रा आज भाजपा के रूप में जारी है। यह हमारा सौभाग्य हैं कि हम भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता है। हमारा लक्ष्य भारत माता को परम वैभव पर पुर्नस्थापित करना है। हमें एक सुखी, समृद्ध, शक्तिशाली भारत का निर्माण करना है। जनसंघ के समय कांग्रेस के लोग हमारा यह कहकर माखौल उड़ाते थे कि जनसंघ के दीये में तेल नहीं, सरकार बनाना खेल नहीं। आज हमारी भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। हमारी केंद्र व कई राज्यों में सरकारें हैं। कांग्रेस हासिए पर जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम देश में ही विजय प्राप्त नहीं कर रहे हैं, समूचे विश्व में हमारा डंका बज रहा है। आज भारत पर्यावरण संरक्षण, योग, आतंकवाद उन्मूलन के क्षेत्र में समूचे विश्व को राह दिखा रहा है। यह हमारे विचार की ताकत है। भाजपा कार्यकर्ता के रूप में हमें सरकार की योजनाओं व कार्यों को जन-जन तक पहुंचाकर उनके सर्वांगीण विकास में भागीदारी निभाना चाहिए। क्योंकि हमारी सरकारें हैं तो हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। हमें सुनिश्चित करना पड़ेगा कि मेरी गली, मेरे मोहल्ले, मेरे गांव-नगर में माता-बहनों शासन की योजनाओं का लाभ मिलें। आयुष्मान भारत योजना हो या लाड़ली बहन योजना अथवा युवाओं के स्वरोजगार की बात कोई इससे अछूता न रहे। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में जिले की सभी छह विधानसभा सीटां पर कमल खिलाने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे ने स्वागत भाषण देते हुए कहा हमें विश्वास सारंग जी पर पूर्ण भरोसा है। वे कार्यकर्ता, पदाधिकारी व जिले की जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे। इससे जिले के विकास को गति मिलेगी व भाजपा का जनाधार बढ़ेगा। इस अवसर पर सांसद गजेंद्रसिंह पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य परसराम चौहान, आत्माराम पटेल, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, राजकुमार मेव, सचिन बिरला, पूर्व जिलाध्यक्ष बाबुलाल महाजन, जमनासिंह सोलंकी, नपाध्यक्ष छाया जोशी आदि मंचासीन थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष व जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निमाड़ी भाषा में पांच दिवसीय परचरी पुराण कथा चिचलाय में जारी...

# गुरु नाम सुमिरन से ही जीवन की नैया पार लगती है : संत सिंगाजी महाराज

विनय उजाला






**कसरावद, निप्र।** श्री संत सिंगाजी महाराज की पांच दिवसीय परचरी पुराण कथा 2 मई से चिचलाय गांव में प्रतिदिन जारी है। 6 मई को कथा का विराम होगा। आयोजन समिति द्वारा इस दिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। चिचलाय गांव में निमाड़ के परम पूज्य संत श्री सिंगाजी महाराज की संगीतमयी परचरी पुराण कथा को लेकर स्थानीय ग्रामवासियों में उत्साह बना हुआ है। धार्मिक आयोजन मे प्रतिदिन आसपास के 7 से 8 गांवों के श्रद्धालु श्रवण लाभ लेने के लिए पहुंच रहे हैं। रात्रि के समय कथा मे बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे।

निमाड़ी भाषा में आयोजित कथा में जीवन को सत्संग मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा दी। संगीतमयी कथा में महिला पुरुष श्रद्धालु निमाड़ी भजनों पर जमकर नाचे। रविवार को कथा के दौरान परम पूज्य संत श्री सिंगाजी महाराज जी की महिमा का वर्णन सुनाया। संत सिंगाजी महाराज की पांच दिवसीय परचरी पुराण के दूसरे दिन ग्राम चिचलाय में पं पियुश महाराज गवला ने कहा गुरु की शरण में जो भी जाएगा उसका उद्धार होगा। इसलिए जीवन मे हम सभी को गुरु सेवा करनी चाहिए। गुरु का नाम सुमिरन से भवसागर से पार होगे। नहीं तो ऐसे ही चौरासी के चक्कर में फिरते रहेंगे। यहा रात्रि के समय - 7 से 10 बजे तक धार्मिक आयोजन चिचलाय गांव में जारी है। कथा विराम के आखिरी दिन भंडारे का आयोजन होगा। 2 मई से कथा शुरू हुई। 6 मई को परचरी पुराण का विराम होगा। इस दिन सुबह दो घंटे परचरी पुराण कथा सुनाई जाएगी। प्रातः 10 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए समस्त ग्रामवासी, चिचलाय, द्वारा श्रद्धालुओं को धार्मिक पुण्य लाभ लेने के लिए आग्रह किया है।

# बाल संरक्षण के मुद्दों पर अति संवेदनशीलता से कार्य करते हुए आपसी समन्वय से करें कार्य

## राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष दविंद्र मोरे की अध्यक्षता में बाल संरक्षण विषय पर बैठक आयोजित

विनय उजाला

**देवास।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष दविंद्र मोरे की अध्यक्षता में बाल संरक्षण विषय पर कलेक्टर सभाकक्ष में शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष दविंद्र मोरे ने बाल विवाह अभियान की समीक्षा कर बाल विवाह रोकथाम एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समय-समय पर बैठक करने के निर्देश दिये। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष दविंद्र मोरे ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन बच्चों के मामलों में जीरो टॉलरेंस पर कार्य कर रही है। बाल संरक्षण के मुद्दों पर अति संवेदनशीलता से कार्य करते हुए आपसी समन्वय से कार्य करें।



राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष दविंद्र मोरे कहा कि हम सभी लोग बालकों के लिए काम कर रहे हैं। बच्चों के हितों का संरक्षण कर उन्हें उचित वातावरण प्रदान करते हुए मध्य प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए हम कार्यरत हैं एवं उसकी चिंता हम करते हैं। मीटिंग के दौरान पुलिस अधिकारियों से जरूरी जानकारी ली गई एवं निर्देशित किया कि पुलिस अधिकारियों को बाल संरक्षण के मुद्दों से संबंधित क़ानूनों के बारे में ट्रेनिंग प्रदान करें। सभी हितधारकों को निर्देशित किया गया कि पोक्सो के संबंध में स्न्ङ्घक्रदर्ज़ कर त्वरित कार्रवाई करें ताकि पीड़िता को जल्दी न्याय मिल सके।

जिले में सभी थानों में चाइल्ड फ्रेंडली थाना गठित है, उन्हें सुचारू रूप से चलाये जाने के निर्देश दिये। महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों ने बताया कि ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समितियां गठित है। जिला शिक्षा अधिकारी को विशेष निर्देश दिये कि वे छात्रावासों का चिंहांकन कर फिट फैसिलिटी घोषित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पोक्सो पीड़िता एवं बाल संरक्षण कि जरूरतमंद बालकों के लिए विशेष सुविधाएं देने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास श्री लवनीत कोरी द्वारा पीपीटी के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

बैठक में जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला बाल विकास, वन स्टॉप सेंटर, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी, विशेष किशोर पुलिस अधिकारी, समस्त थानो के बाल कल्याण अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा समन्वयक, आदिम जाति कल्याण विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, श्रम विभाग, आस फाउंडेशन (एनजीओ), जन साहस (एनजीओ) एवं पॉक्सो सपोर्ट पर्सन की समीक्षा की गई।

---

## संक्षिप्त समाचार

### उत्थान बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ



विनय उजाला

**सोनकच्छ (विनय उजाला)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा सोनकच्छ द्वारा समर कैंप का उद्घाटन रविवार को हुआ। अमरसिंह मालवीय, अध्यक्ष रोटरी क्लब सोनकच्छ, धर्मेन्द्र मनोरिया उपाध्यक्ष अभिभाषक संघ, अध्यक्षता संस्था संचालिका राजयोगिनी सोनाली दीदी ने की। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर शाखा संचालिका दीदी ने कहा की इस समर कैंप में बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए स्वस्थ तन, स्वस्थ मन, पावर आफ मेडिटेशन, सकारात्मक सोच, क्रिएटिव मेडिटेशन, हीलिंग हैबिट्स, मेमोरी ट्रिक, आसन, प्राणायाम, वर्कशॉप प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी भाषण, चित्रकला, निबंध आदि एक्टिविटी कराए जाएंगे, उन्हें वैल्यूज को अपने जीवन में कैसे धारण करना है यह बताया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मालवीय ने कहा हम कौन है, हमें क्या करना है, हमें क्या बनना चाहिए यह लक्ष्य हमारे बच्चों के सामने स्पष्ट होना चाहिए। अतिथियों का स्वागत व सम्मान माला एवं स्मृति चिन्ह के द्वारा किया गया। योग शिक्षिका गिरजा भावसार ने सभी बच्चों को योगासन का महत्व बताया और योग भी कराया। परमात्मा स्मृति में दीप जलाकर इस सत्र का शुभारंभ किया गया। समर कैंप में संस्था के गणमान्य नागरिक शारदा पाठक, ललिता मेहता, धनकुंवर मालवीय, उमा नामदेव, पल्लवी पंचोली राहुल मालवीय, लोकेंद्र नामदेव साथ ही 50 बच्चों ने भाग लिया यह समर कैंप 4 मई 2025 रविवार से 11 मई 2025 रविवार तक सुबह 9:00 से 11:30 तक चलेगा कृपया अधिक से अधिक बच्चे आकर इस समर कैंप का लाभ उठावे।

### बाबा के भजनों पर देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु

**देवास (विनय उजाला)।** महाश्री परिवार के तत्वावधान में एक शाम खाटू वाले के नाम भजन संध्या का आयोजन मृदुल विहार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रम सिंह पवार, जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, गणेश पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष जुगनू गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र नवगोत्री थे। संयोजक अर्जुन चौधरी एवं अध्यक्ष पंकज चौधरी राजू ने बताया कि भजन संध्या में भजन गायक प्रेमशंकर जाट राजस्थान एवं भजन गायिका जिया परमार इंदौर ने खाटू श्याम के भजनों से देर रात तक श्रद्धालुओं को बांधे रखा तथा अपने भजनों से झूमने पर मजबूर कर दिया। आयोजक गिरिश शर्मा, राकेश मालवीय, मोनू दीवानजी, लोकेन्द्र दरबार, आनंद चौरसिया, राजेश शर्मा, विवेक पाटीदार, भजन संध्या में जीवन गुर्जर, राहुल चौधरी, भानू चौधरी संजू, विजय वर्मा, हिमांशु खींची, मयंक चौधरी, सहित बड़ी संख्या श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### दलित दूल्हे के साथ आए लोगों ने शराब के नशे में मंदिर में घुसने का आरोप

**सोनकच्छ (विनय उजाला)।** ग्राम दुदलाई में दलित को घोड़े से उतारने के मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले में मंदिर के पुजारी द्वारा एक एफआईआर दर्ज है। फरियादी हरेंद्र पिता बाबूलाल उपाध्याय ने केस दर्ज कराया कि, शुक्रवार की रात्रि करीबन 11 बजे की बात है गांव के सरंपच सालगराम के परिवार में लडकी की शादी थी तो वह लोग शादी का जुलूस मंदिर के सामने से निकाल रहे थे। पुजारी मंदिर के पट बंद करके घर जा रहे थे। तभी जुलूस मे कुछ लोग मंदिर के सामने शराब पी रहे थे व मंदिर मे जुते पहन कर प्रवेश कर रहे थे। फरियादी ने उनसे मना किया कि शराब पीकर व जूते पहन कर मंदिर में प्रवेश करना वर्जित है। उसी बात को लेकर सालगराम व उसका भाई रामप्रसाद, माखन, भादर आए और अभद्रता करने लगे। हम लोगो के गांव का मंदिर है। हम लोगो आएंगे। फिर गांव के आसपास के लोग बीच बचाव करने आये तो गांव का मंदिर सरपंच सालगराम के समर्थक अजय, बबलू आ गये व अभद्रता करने लगे।। फरियादी में अभद्रता करने से मना किया तो मारने दौडे। चिल्लाने की आवाज सुनकर रामसिंह धाकड, बालकृष्ण धाकड़ आए व बीच बचाव किया। उन्होंने जाते जाते मना किया तो बोलें कि, मंदिर में घुसने से मना किया तो जान से मार देंगे। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपी सालगराम मांगीलाल, राम प्रसाद मांगीलाल, माखन, अजय, बबलू व भादर पर केस दर्ज किया है।

### राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष दविंद्र मोरे की अध्यक्षता में बाल संरक्षण विषय पर बैठक आयोजित

**देवास, निप्र।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष श्री दविंद्र मोरे की अध्यक्षता में बाल संरक्षण विषय पर कलेक्टर सभाकक्ष में शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष श्री दविंद्र मोरे ने बाल विवाह अभियान की समीक्षा कर बाल विवाह रोकथाम एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समय-समय पर बैठक करने के निर्देश दिये। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष श्री दविंद्र मोरे ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन बच्चों के मामलों में जीरो टॉलरेंस पर कार्य कर रही है। बाल संरक्षण के मुद्दों पर अति संवेदनशीलता से कार्य करते हुए आपसी समन्वय से कार्य करें। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष दविंद्र मोरे कहा कि हम सभी लोग बालकों के लिए काम कर रहे हैं। बच्चों के हितों का संरक्षण कर उन्हें उचित वातावरण प्रदान करते हुए मध्य प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए हम कार्यरत हैं एवं उसकी चिंता हम करते हैं। मीटिंग के दौरान पुलिस अधिकारियों से जरूरी जानकारी ली गई एवं निर्देशित किया कि पुलिस अधिकारियों को बाल संरक्षण के मुद्दों से संबंधित क़ानूनों के बारे में ट्रेनिंग प्रदान करें। सभी हितधारकों को निर्देशित किया गया कि पोक्सो के संबंध में स्न्ङ्घक्रदर्ज़ कर त्वरित कार्रवाई करें ताकि पीड़िता को जल्दी न्याय मिल सके। जिले में सभी थानों में चाइल्ड फ्रेंडली थाना गठित है, उन्हें सुचारू रूप से चलाये जाने के निर्देश दिये। महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों ने बताया कि ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समितियां गठित है। जिला शिक्षा अधिकारी को विशेष निर्देश दिये कि वे छात्रावासों का चिंहांकन कर फिट फैसिलिटी घोषित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पोक्सो पीड़िता एवं बाल संरक्षण कि जरूरतमंद बालकों के लिए विशेष सुविधाएं देने हेतु निर्देशित किया गया।

---

## वन अमले ने सागोन लकड़ी से भरा वाहन पकडा

विनय उजाला

**कन्नौद।** वन विभाग ने सागौन लकडी से भरा वाहन पकडा हैं। रविवार को सुबह 4:15 बजे मुखबिर की सूचना के आधार पर वन परिक्षेत्र स्टाफ द्वारा कन्नौद-आष्टा मार्ग पर ग्राम कतलाय से लगे वनक्षेत्र कक्ष क्रमांक आरएफ 274-275 के सिमागत वनक्षेत्र की घेराबंदी की गई।

मौके पर अवैध सागोन वनोपज से भरा एक आइसर ट्रक रजिस्ट्रेशन क्रमांक RJ25GA8299 जब्त किया गया। तलाशी लेने पर ट्रक एवं मौका स्थल से 58 नग सागोन लट्ठे पाए गए। तदोपरांत वनमंडलाधिकारी (क्षे.) देवास अमित चौहान एवं उपवन मंडलाधिकारी कन्नौद एस एल यादव के मार्गदर्शन में वाहन को जब्त किया गया एवं भारतीय वन अधिनियम 1927, म.प्र. वनोपज व्यापार विनियम 1969 एवं जैव विविधता अधिनियम 2003 की धराओं के तहत वन अपराध प्रकरण 112/25 दिनांक 04/05/2025 पंजीबद्ध किया गया। अपराध में संलिप्त आरोपियों की तलाश की जा रही है एवं वाहन राजसात कार्यवाही हेतु सूचना दी गई। कार्यवाही में विशेष योगदान बीट गार्ड पापू सिंह जामले, दीवान सिंह जादौन, नमित तिवारी, लखन सूर्यवंशी, अमोल सिंह जादौन एवं सुरक्षा श्रमिक लखन, हेमराज एवं सुरेन्द्र धावरी का रहा।



---

सोनकच्छ में 20 मिनट तक हवा आंधी के साथ बारिश

## ग्राम मगरिया गिट्टी खदान पर ओले गिरे

विनय उजाला

**सोनकच्छ।** नगर सहित क्षेत्र में तेज हवा आंधी के साथ बारिश हुई। दिनभर की चिलचिलाती गर्मी के बाद शाम को अचानक मौसम परिवर्तन हुआ और तेज हवा आंधी चलने लग गई।



हवा आंधी के कुछ समय बाद ही तेज बारिश शुरु हो गई। जिसके बाद मौसम में ठंडक घुल गई। उधर ग्राम मगरिया की गिट्टी खदान पर बड़े ओले गिरे। करीब एक इंच मोटी परत जम गई। इस दौरान विद्युत सप्लाय भी बाधित रहा।

---

समर्थन मूल्य पर गेहूं की उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की सुविधा डीएसओ लॉगिन पर उपलब्ध

## जिले में 05 मई तक किया जाएगा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य

विनय उजाला

**देवास।** जिला आपूर्ति अधिकारी देवास ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं की उपार्जन कार्य 5 मई तक निर्धारित है। ई-उपार्जन पोर्टल पंजीकृत किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने के स्लॉट बुकिंग की सुविधा 30 अप्रैल तक उपलब्ध कराई गई थी। 30 अप्रैल तक स्लॉट बुकिंग एवं गेहूं विक्रय करने से शेष रहे समर्थन कृषकों को समर्थन मूल्य योजना का लाभ उपलब्ध कराने हेतु स्लॉट बुकिंग की सुविधा डीएसओ लॉगिन पर उपलब्ध करवाई गई है, जिसके लिये ई-उपार्जन पोर्टल पंजीकृत किसान को कलेक्टर कार्यालय/जिला खाद्य कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन में कृषक का नाम, किसान कोड, विक्रय की जाने वाली उपज की मात्रा, उपज विक्रय करने हेतु चयनित उपार्जन केन्द्र का नाम एवं कोड तथा उपज विक्रय की दिनांक (अधिकतम दिनांक 5 मई 2025 तक) का उल्लेख करना होगा। कृषक के आवेदन पत्र के आधार पर ई-उपार्जन पोर्टल पर डीएसओ लॉगिन से डीएसओ द्वारा सीधे किसान के स्लॉट की बुकिंग की जा सकेगी। स्लॉट बुकिंग की सूचना किसान को एसएमएस के माध्यम से, जिला नियंत्रण कक्ष से एवं उपार्जन केन्द्र प्रभारी द्वारा दी जावेगी। स्लॉट बुकिंग करने वाले किसान को उपार्जन केन्द्र पर गेहूं का विक्रय 5 मई तक करना होगा, यदि किसी कारण से किसान की उपज की तौल 5 मई तक न हो पाने पर शासन ?द्वारा जारी निर्देश /निर्धारित प्रक्रिया अनुसार किसान की उपज की खरीदी की जावेंगी।

### गांव-गांव हो रहे हैं जल संवाद: श्रमदान के लिए ग्रामीण आ रहे हैं आगे

**इन्दौर।** इंदौर जिले में राज्य शासन द्वारा दिये गए दिशा-निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से किया जा रहा है। अभियान के तहत तालाबों, कुँओं, बावड़ी आदि के गहरीकरण, जीर्णोद्धार आदि के कार्य किये जा रहे हैं। ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित भी किया जा रहा है। साथ ही गाँव-गाँव जनजागरूकता के कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। इसके तहत गाँवों में जल यात्रा निकाली जा रही है। ग्रामीणों से चर्चा के लिए जल संवाद कार्यक्रम हो रहे हैं।

---

## राज्य स्तरीय रोलबॉल प्रतियोगिता में पदक जीते खिलाडियों का हुआ स्वागत

विनय उजाला

**देवास।** जिला रोलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सैंडी एकेडमी के संचालक संदीप जाधव ने बताया कि 26 से 27 अप्रैल तक मंदसौर में ओपन सीनियर जूनियर राज्य स्तरीय रोलबॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई।

देवास जिले के सीनियर पुरुष खिलाडी देवराज सांगते (कप्तान), तन्मय मेहता, आयुष बहरे, उत्सव बरोडघ्, अक्षत, शिवा वही जूनियर बालक ध्रुव चौहान कप्तान, कुशाल उप कप्तान, शिवांश, वेदांत, मयूर, तरुण, यश, कृष्ण, ध्रुव शामिल थे। दोनों ही टीमों ने तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। खिलाडियों का स्वागत देवास जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के सचिव तथा देवास जिला रोलबॉल एसोसिएशन मार्गदर्शक अनवर खान द्वारा सर्टिफिकेट के साथ मैडल प्रदान किया गया। पदक विजेता खिलडियों को देवास विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, सुधीर सोमानी प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय, आशीष गुप्ता अध्यक्ष जिला साइकिलिंग एसोसिएशन, अभिषेक लाठी उपाध्यक्ष जिला साइकिलिंग एसोसिएशन, गौरव कदम सहज सरकार अध्यक्ष सैंडी एकेडमी, सचिव रोलबॉल देवास, पावन पाटिल कोषाध्यक्ष जिला रोलबॉल, सैंडी एकेडमी सदस्य अश्विनी जाधव, अपर्णा यादव, किरण राव, खुशबू पाटिल, सुनील मालवी, युवराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सूरज वामनिया, विशाल सिंह, आलोक सिंह, सुमित शर्मा, उदय भावसार, साक्षी चौहान, निखिल सिंह, ऋतुराज सिंह, हार्दिक मंडलोई, हर्षिता कौशल, रैना कौशल, हरिप्रिया यादव, कुमकुम सोलंकी, भावना गुर्जर, हिमांशु शर्मा, वरुण कुशवाह, जतिन लौट, सक्षम सिकरवार आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



---

जिले के लोहारदा के कृषक कृष्णकांत मीणा ने उद्यानिकी विभाग की योजना का लाभ लेकर कृषि को बनाया लाभ का धंधा

# उद्यानिकी अपनाएं, खेती को लाभ का धंधा बनाएं

## कृषक श्री मीणा योजना का लाभ मिलने पर प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव को दे रहे हैं धन्यवाद





विनय उजाला

**खातेगांव।** केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा है कि कृषि का लाभ का धंधा बने। इसके लिए शासन द्वारा किसान हितैषी कई योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं का लाभ पाकर कृषक बड़ी संख्या में फसलों का उत्पादन कर अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं। किसानों की अच्छी आय होने से कृषक आर्थिक तौर पर भी सुदृढ़ भी हो रहे हैं। शासन की योजना से कृषि लाभ का व्यवसाय बना है। इसलिए कृषकगण प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को हृदय से धन्यवाद दे रहे हैं। इन्हीं किसानों में देवास जिले के कन्नौद विकासखंड के लोहारदा के कृषक श्रीकृष्णकांत मीणा हैं, जिन्होंने एमआईडीएच (स्ब्ब्नष्ठ॥) योजना-संरक्षित खेती के घटक प्लास्टिक मल्चिंग से आधे हेक्टेयर में गिलकी की खेती नवीनतम तकनीक से कर रहे हैं। कृषक श्री मीणा ने बताया कि उद्यानिकी विभाग की योजना से ड्रिप सिंचाई प्रणाली को भी अपनाया। इसके माध्यम से कम लागत में अधिक मुनाफा हो रहा है। वे किसानों से आग्रह करते हैं कि वे भी उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में तथा विभाग की योजनाओं का लाभ लेकर अधिक से अधिक खेती करें। वे कहते हैं कि मल्चिंग एवं ड्रिप पद्धति से खेती करने से कम लागत में मुनाफा अधिक होता है। शासन की किसान हितैषी योजना के लिए वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को हृदय से धन्यवाद दे रहे हैं।

## आखिरी ओवर के रोमांच पर यश दयाल ने की बात

# बोले-आत्मविश्वास था कि मैं यह कर सकता हूं...



नई दिल्ली, (हि.स.)

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच बीती रात शनिवार को रोमांचक मैच देखने को मिला। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए मैच में आरसीबी ने सीएसको को 2 रन से हरा दिया। यह मैच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का 52वां मैच था। मैच में सीएसको को आखिरी ओवर में 15 रन चाहिए थे। बेंगलुरु के तेज गेंदबाज यश दयाल ने केवल 12 रन दिए और अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।**

मैच के बाद आरसीबी के इस तेज गेंदबाज ने अपने उस आखिरी ओवर के रोमांच के बारे में बात की है। दयाल ने आईपीएल की वेबसाइट पर जारी एक वीडियो में कहा, उस समय मेरे दिमाग में यही चल रहा था कि अगली गेंद कैसे एग्जीक्यूट करना है। जैसा कि मैं पहले भी कर चुका हूं, इसलिए मेरे दिमाग में आत्मविश्वास था कि हां, मैं यह कर सकता हूं।

पिछले साल भी दयाल ने इसी मैदान पर सीएसके के खिलाफ आखिरी ओवर फेंका था और एमएस धोनी का विकेट लिया था। उस समय उनकी टीम सीएसके को नेट रन रेट के आधार पर पछाड़कर प्लेऑफ में पहुंची थी। अब दयाल ने फिर वही कारनामा किया है। इस बार भी धोनी मैदान पर थे। ऐसे में दयाल ने धैर्य दिखाते हुए शानदार गेंदबाजी की और धोनी का विकेट भी अपने नाम किया।

### विकेट मिल गया, जो मेरे लिए लकी था : दयाल

दयाल ने कहा कि पिछले साल का विकेट और इस साल के विकेट में ज्यादा कुछ अंतर नहीं था। उस मैच में वे (धोनी) कैच आउट हुए थे। इसमें यॉर्कर पर एलबीडब्ल्यू हुए। मेरे लिए बस यही था कि मुझे एग्जीक्यूट करना है। विकेट लेने का ऐसा कोई इंटेंट नहीं था। विकेट मिल गया, जो मेरे लिए लकी था।

तेज गेंदबाज ने कहा कि जश्न भी वैसा ही था क्योंकि मुझे खुद इसका एहसास नहीं था। मैं उससे (जैकब बेथेल) से बात कर रहा था जो वहां पर था। मैं उससे कह रहा था, भाई थ्रो कर दे। इसलिए मेरा दिमाग वहां (जश्न) नहीं था। मैं बस इतना चाहता था कि पूरी चीज ठीक से खत्म हो जाए। उसके बाद मुझे एहसास हुआ (क्या हुआ), तो सेम (हाथ फैलाकर जश्न)।

## धोनी ने हार के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया;बोले-

# मुझे कुछ और शॉट लगाने चाहिए थे...



जयपुर, एजेंसी

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 52वें मैच चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को हरा दिया। सीएसके के कप्तान एमएस धोनी ने इस हार के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया।**

धोनी ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में कहा, जब मैं बैटिंग करने गया तो मुझे लगता है कि मुझे शायद कुछ और शॉट लगाने चाहिए थे, इससे दबाव कम हो जाता। इसलिए मैं इसके लिए जिम्मेदारी लेता हूं। उन्होंने आगे कहा, रोमारियो शेफर्ड ने डेथ ओवर में उम्दा बल्लेबाजी की, हम हर तरह का प्रयास कर रहे थे लेकिन इसके बावजूद वो हर गेंद पर शॉट्स लगा रहे थे। हमें गेंदबाजी में यॉर्कर को सटीक लेंथ पर डालने का अभ्यास करना होगा।

आरसीबी के खिलाफ चेन्नई को आखिरी तीन ओवरों में 35 रन और आखिरी ओवर में 15 रन बनाने थे। जो चेन्नई नहीं बना सकी और 2 रन से हार गई। धोनी 17वें ओवर में रवींद्र जडेजा के साथ बल्लेबाजी करने उतरे। उन्होंने 19वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर छक्का लगाया, लेकिन आखिरी ओवर में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। इसके बाद चेन्नई को अंतिम तीन गेंदों पर 13 रन की जरूरत थी। टीम के इम्पैक्ट प्लेयर शिवम दुबे ने अपनी पहली गेंद पर छक्का लगाया, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

## IPL आज के मैच

सनराइजर्स हैदराबाद VS दिल्ली कैपिटल

स्थान : हैदराबाद समय : शाम 07:30 बजे से

## श्रीलंका ने भारत को तीन विकेट से हराया



**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका ने महिला त्रिकोणीय सीरीज में भारत को तीन विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने नौ विकेट पर 275 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। मेहमान टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष की 48 गेंद पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। हरमनप्रीत कौर (30), प्रतिका रावल (35) और जेमिमा रोड्रिग्स (37) ने भी उपयोगी योगदान दिया। श्रीलंका की तरफ से सुगंधिका कुमारी और कप्तान चामरी अटापट्टू ने तीन-तीन विकेट लिए। इसके जवाब में श्रीलंका ने 49.1 ओवर में सात विकेट पर 278 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

## रियान प्रयाग की कोशिश रही नाकाम

# रोमांचक मुकाबले में केकेआर ने राजस्थान को एक रन से हराया

कोलकाता, (हि.स.)

**इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का 53वां मुकाबला रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में केकेआर ने आरआर को मात्र एक रन से हरा दिया।**

कोलकाता के इडेन गार्डेंस स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में केकेआर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 206 रन बनाए। जवाब में राजस्थान की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 205 रन ही बना सकी और एक रन से मुकाबला हार गई। इस मुकाबले में जीत के साथ कोलकाता की टीम 11 मैचों में 5 में जीत और 5 हार के साथ अंक तालिका में छठे नंबर पर पहुंच गई है। वहीं राजस्थान की टीम 12 मैचों में तीन में जीत और नौ में हार के साथ 8वें नंबर पर मौजूद है।



लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल को पहले ही ओवर में वैभव सूर्यवंशी के रुप में बड़ा झटका लगा। वैभव इस मैच में जल्दी आउट हो गए और मात्र 4 रन बना सके। अगले ओवर में कुणाल सिंह राठौर बिना खाता खोले आउट हो गए। दो विकेट जल्दी गंवाने के बाद सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कप्तान रियान पराग ने अच्छी साझेदारी की और छह ओवर की समाप्ति तक टीम के स्कोर को 50 रन के पार पहुंचा दिया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 50 रन से ज्यादा की साझेदारी हो गई थी, इस बीच यशस्वी बड़ा शॉट मारने की कोशिश में कैच आउट हो गए। यशस्वी ने 21 गेंदों में 5 चौके और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाए। फिर आठवें ओवर में राजस्थान को दो झटके लगे। पहले ध्रुव जुरेल और फिर वानिंदु हसरंगा बिना खाता खोले आउट हो गए।

### खराब शुरुआत के बाद भी केकेआर ने मजबूत स्कोर बनाया

इससे पहले कोलकाता की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 206 रन बनाए। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और 13 रन के स्कोर पहला विकेट गिर गया। सुनील नरेन 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद कप्तान अंजिक्य रहाणे और रहमानुल्लाह गुरबाज ने पारी को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआती 6 ओवर में टीम के स्कोर को 56 रन तक पहुंचा दिया। केकेआर का दूसरा विकेट गुरबाज के रूप में गिरा। वह 25 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुए। बाद में रहाणे भी 30 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आंद्रे रसेल बल्लेबाजी के लिए आए और उन्होंने तूफानी बल्लेबाजी की। रसेल ने अंगकृष रघुवंशी के साथ टीम के स्कोर को आगे लेकर गए। इस बीच रघुवंशी 44 रन बनाकर आउट हुए। दूसरे छोर से रसेल ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते रहे। आखिरी ओवर में रिंकू सिंह ने भी बड़े शॉट खेले, जिससे केकेआर का स्कोर 4 विकेट पर 206 रन पहुंच गया। रसेल 25 गेंदों में 4 चौके और छह छक्कों की मदद से नाबाद 57 रन और रिंकू सिंह ने 6 गेंदों में एक चौका और दो छक्के की मदद से नाबाद 19 रन बनाए। राजस्थान की ओर से जोफ्रा आर्चर, युधवीर सिंह, महीश तीक्षणा और रियान पराग ने एक-एक विकेट लिया।

## व्यापार

## वॉरेन बफेट की डॉलर पर चेतावनी..

# बर्बाद होने जा रही मुद्रा पर कभी दांव नहीं लगाऊंगा

ओमाहा, एजेंसी

**बर्कशायर हैथवे के चेयरमैन और सीईओ वॉरेन बफेट ने डॉलर को लेकर चेतावनी दी। बफेट ने कहा कि मैं कभी भी ऐसी मुद्रा पर दांव नहीं लगाऊंगा जिसके बर्बाद होने का खतरा हो। वार्षिक शेयरधारक बैठक में बफेट ने वैश्विक मामलों और व्यापार को लेकर शेयरधारकों और निवेशकों से बात की। इस बैठक में उन्होंने अपनी सेवानिवृत्ति की भी घोषणा की।**

वॉरेन ने कहा कि मैं ऐसी मुद्रा पर कभी दांव नहीं लगाऊंगा, जिसके बर्बाद होने का खतरा हो। मौजूदा स्थितियों को देखते हुए वॉरेन का मानना है कि आने वाले वक्त में डॉलर बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि संतुलित व्यापार पूरे विश्व के लिए अच्छा है। व्यापार जितना संतुलित होगा, उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि व्यापार को कभी हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए। व्यापार युद्ध का एक कार्य हो सकता है। लेकिन अमेरिका में इसे लेकर जो रवैया पैदा हुआ है, उसे देखने की जरूरत है।



### रिटायरमेंट की घोषणा

बफेट ने वार्षिक शेयरधारक बैठक के दौरान पांच घंटे के प्रश्नोत्तर सत्र के अंत में अपने रिटायरमेंट की घोषणा की और इस बारे में कोई सवाल नहीं लिया। इस दौरान बफेट ने खुलासा किया कि उनके रिटायरमेंट के बारे में बोर्ड के केवल दो सदस्यों को ही पता था, जो उनके बच्चे हॉवर्ड और सूजी बफेट हैं। बफेट की बगल में मंच पर बैठे एबेल को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। बफेट ने कंपनी के बोर्ड को नए सीईओ के रूप में ग्रेग एबेल के नाम का सुझाव दिया।

वॉरेन बफेट ने कहा कि हम एक समृद्ध विश्व चाहते हैं। आठ देशों के पास परमाणु हथियार हैं, जिनमें से कुछ काफी अस्थिर हैं, मुझे नहीं लगता कि ऐसी दुनिया की रचना करना एक अच्छा है, जहां कुछ देश कहें कि हम जीत गए। विश्व जितना अधिक समृद्ध होगा, यह हमारी कीमत पर नहीं होगा। हम उतने ही अधिक समृद्ध होंगे और उतना ही अधिक सुरक्षित महसूस करेंगे।

बफेट ने कहा कि अमेरिका में पूंजीवाद ने ऐसी सफलता हासिल की है जैसी हमने पहले कभी नहीं देखी होगी। हम अनसुलझी समस्याओं को सुलझाने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूसरों के पैसे से बेवकूफी भरी चीजें करना अपने पैसे से करने से कहीं ज्यादा आसान है। यह सरकार की भी समस्याएं हैं। हम इसे निजी उद्यम के पास नहीं लाना चाहते। उन्होंने कहा कि मुझे यह कहते हुए शर्म आ रही है कि टिम कुक ने बर्कशायर को उससे कहीं अधिक धन कमाया है जितना मैंने बर्कशायर हैथवे को कमाया है। हम बड़ी मंदी से गुजरे हैं, हम विश्व युद्धों से गुजरे हैं, हम परमाणु बम के विकास से गुजरे हैं, जिसके बारे में हमने मेरे जन्म के समय कभी सपने में भी नहीं सोचा था, इसलिए मैं इस तथ्य से निराश नहीं हूं कि ऐसा नहीं लगता कि हमने सभी समस्याओं का समाधान कर लिया है।

## वाणिज्य मंत्रालय की घरेलू उद्योग को चेतावनी

### चीन से सामान आयात कर यूएस भेजा तो देना पड़ेगा भारी टैक्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य मंत्रालय ने भारतीय निर्यातकों को सख्त चेतावनी दी है कि अमेरिका को माल भेजते वक्त वहां के रूल्स ऑफ ओरिजिन (उत्पत्ति के नियम) का पूरी तरह पालन करें। मंत्रालय ने कहा कि अगर चीन जैसे उच्च-शुल्क वाले देशों से उत्पाद खरीदकर पर्याप्त मूल्य संवर्धन के बगैर भारत से अमेरिका भेजा गया, तो इसे ट्रांसशिपमेंट माना जाएगा। ट्रांसशिपमेंट एक देश से उत्पादों को खुद के देश में आयात करने और फिर इसे आमतौर पर बगैर खास बदलाव या मूल्य संवर्धन (उत्पाद की कीमत बढ़ाने) के दूसरे देश में निर्यात करने की प्रक्रिया है। मंत्रालय का कहना है कि यह अमेरिका के उत्पत्ति के नियमों के खिलाफ है। इससे भारतीय निर्यातकों को नुकसान हो सकता है और उन पर भारी टैक्स या प्रतिबंध लग सकते हैं। मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, इस मामले में मंत्रालय उद्योगों के साथ मिलकर काम करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारतीय निर्यातकों को कोई नुकसान न हो।

### सिर्फ असेंबली, पैकेजिंग काफी नहीं होगी

बताते चलें कि दो मई को मंत्रालय की तरफ से आयोजित एक बैठक में विशेष सचिव और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के (बीटीए) मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल ने निर्यातकों के साथ इस मुद्दे पर बात की। इसमें मंत्रालय ने निर्यातकों को अमेरिकी सीमा शुल्क नियमों और मूलभूत रूपांतरण की शर्तों यानी किसी उत्पाद को वास्तव में नया रूप, उपयोग या पहचान देने के बारे में समझाया गया। उन्हें आश्वासन दिया गया कि मूल्य संवर्धन के नियमों को स्पष्ट और तय करने की दिशा में काम होगा ताकि उद्योगों को इसे लेकर भ्रम न हो। निर्यातकों को या तो यह सुनिश्चित करना होगा कि सामान पूरी तरह भारत में बना हो या उसमें ऐसा रूपांतरण हुआ हो जिससे उसका नाम, उपयोग या स्वरूप बदले सिर्फ असेंबली, पैकेजिंग या लेबलिंग काफी नहीं होगी।

## इस सप्ताह दो नए आईपीओ की लॉन्चिंग

नई दिल्ली, (हि.स.)



सोमवार पांच मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में दो नए आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। ये दोनों आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह लॉन्च हुए दो आईपीओ में भी इस सप्ताह छह मई यानी मंगलवार तक बोली लगाई जा सकेगी। जहां तक लिस्टिंग की बात है तो इस सप्ताह एथर एनर्जी समेत पांच कंपनियों के शेयर लिस्ट होकर स्टॉक मार्केट में कारोबार की शुरुआत करेंगे।

सोमवार को श्रीगी डीएलएम लिमिटेड का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में सात मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 94 से 99 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट आठ मई को किया जाएगा, वहीं इनकी लिस्टिंग बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 12 मई को होगी। पांच मई को ही मनोज ज्वेलर्स का 16.20 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में भी सात मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 54 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट आठ मई को किया जाएगा, जबकि इनकी लिस्टिंग बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 12 मई को होगी।

इनके अलावा पिछले सप्ताह 29 अप्रैल को खुले केनरिक इंडस्ट्रीज के 8.75 करोड़ रुपये के आईपीओ में छह मई तक आवेदन किया जा सकता है।

## निर्मला सीतारमण करेंगी एडीबी की वार्षिक बैठक में भारत का नेतृत्व

नई दिल्ली (हि.स.)



केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की 58वीं वार्षिक बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह बैठक 4 से 7 मई तक इटली के मिलान शहर में आयोजित की जा रही है।

निर्मला सीतारमण इस बैठक में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के अधिकारियों के भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। इसमें एडीबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडल और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों के अधिकारी भाग लेंगे। वित्त मंत्री बैठक के मुख्य सत्रों में हिस्सा लेंगी। वे गवर्नर्स के बिजनेस सेशन और गवर्नर्स प्लेनरी सेशन में भाग लेंगी। इसके अलावा वे भविष्य के लचीलेपन के लिए सीमा पार सहयोग विषय पर गवर्नर्स सेमिनार में पैनलिस्ट के रूप में शामिल होंगी।

बैठक के दौरान निर्मला सीतारमण एडीबी के अध्यक्ष से द्विपक्षीय बातचीत करेंगी।

## तेल व गैस नियामक पीएनजीआरबी ने नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव

# टॉप 10 में शामिल 7 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.31 लाख करोड़ की वृद्धि

नई दिल्ली, (हि.स.)

**घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 7 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.31 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई।**

इनमें सबसे अधिक फायदा रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। दूसरी ओर, टॉप 10 में शामिल 3 कंपनियों के मार्केट कैप में 18,740.33 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। इनमें बजाज फाइनेंस को सबसे ज्यादा नुकसान का सामना करना पड़ा।

इस सप्ताह के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), इंफोसिस और आईटीसी के मार्केट कैप में 2,31,177.30 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। दूसरी ओर, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस और हिन्दुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। 28 अप्रैल से 2 मई के बीच हुए कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 1,64,959.62 करोड़ रुपये बढ़ कर 19,24,235.76 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह भारती एयरटेल का मार्केट कैप 20,755.67 करोड़ रुपये उछल कर 10,56,029.91 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।



### इनमें भी हुई वृद्धि

इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 19,381.9 करोड़ रुपये बढ़ कर के 10,20,200.69 करोड़ रुपये के स्तर पर, एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 11,514.78 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 14,73,356.95 करोड़ रुपये के स्तर पर, इंफोसिस का मार्केट कैप 10,902.31 करोड़ रुपये उछल कर 6,25,668.37 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईटीसी का मार्केट कैप 2,502.82 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 5,38,294.86 करोड़ रुपये के स्तर पर और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 1,160.20 करोड़ रुपये बढ़ कर 7,14,014.23 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा सिटीजन ऐप का किया शुभारंभ

## नागरिकों से किया संवाद... नागरिकों को नगर निगम की सेवाओं का घर बैठे मिलेगा लाभ

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नगर पालिक निगम रीवा द्वारा निर्मित माय रीवा सिटीजन ऐप का शुभारंभ किया। यह ऐप नागरिकों की सेवा में एक स्मार्ट पहल है, जिसके माध्यम से रीवा के नागरिक नगर निगम की सेवाओं से जुड़कर घर बैठे आवश्यक सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर नगर निगम द्वारा माय रीवा सिटीजन ऐप से संबंधित निर्मित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर जिले के विकास में सहभागी बनने का आहवान किया।

माय रीवा सिटीजन ऐप में शिकायत पंजीकरण, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, नाली, सड़क, सीवरेज, पेयजल सहित सेवा ट्रैकिंग और समाधान स्थिति को देखा जा सकेगा। इसके माध्यम से आमजन सुझाव, फीडबैक प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे। जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, सम्पत्तिकर, जलकर भुगतान, अनुमति एवं अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं ई-चालान सहित अन्य सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। ऐप में शिकायत के साथ फोटो अपलोड करने, गूगल मैप आधारित स्थान चिन्हांकन, वन-स्टाप प्लेटफार्म में शिकायतों, सेवाएँ, सरल एवं पारदर्शी इंटरफेस, डैशबोर्ड तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण आदि की सुविधा भी रहेगी।






### नवीन विश्राम गृह का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा प्रवास के दौरान राजनिवास सर्किट हाउस परिसर में नवनिर्मित विश्राम गृह का लोकार्पण किया। इंडो-यूरोपियन शैली में पुर्नघनत्वीकरण योजना से 656.45 लाख रूपये की लागत से निर्मित विश्राम गृह सभी आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों के अनुसार बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नवनिर्मित विश्राम गृह का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नवीन सर्किट हाउस रीवा के लिए बड़ी सौगात है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन विश्राम करने वालों को सुखद अनुभूति देगा। उन्होंने नवीन सर्किट हाउस निर्माण के लिए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री ने लोकार्पण के उपरांत सर्किट हाउस का अवलोकन किया और बेहतर निर्माण की प्रशंसा की।

पुर्नघनत्वीकरण योजना में म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा 2200 वर्ग मीटर में नवनिर्मित विश्राम गृह में 6 स्विट रूम के साथ एक वेंटिंग एरिया, 24 सीटर मीटिंग हॉल, ड्राइंग रूम, 14 सीटर डायनिंग एरिया आदि शामिल हैं। भवन में लिफ्ट एवं अग्निशमक यंत्र का भी प्रावधान किया गया है। इस अवसर सांसद श्री जनार्दन मिश्र, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कमिश्नर श्री बी.एस. जामोद, आईजी श्री गौरव राजपूत, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# जल-संरक्षण प्रशासन के साथ प्रत्येक नागरिक की सांस्कृतिक और नैतिक जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## जन-जागरण से जल-संरक्षण का ऐतिहासिक जन-अभियान



**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल स्त्रोतों का संरक्षण केवल प्रशासन का कार्य नहीं, यह प्रत्येक नागरिक की सांस्कृतिक और नैतिक जिम्मेदारी है। जल संकट आज वैश्विक चिंता का विषय है और भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यह विषय और भी अधिक गंभीर हो जाता है। मध्यप्रदेश सरकार ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के माध्यम से इस चुनौती को अवसर में बदलने की प्रेरणास्पद पहल की है। जल-संरक्षण केवल अभियान नहीं, अपितु पर्यावरणीय पुनरुत्थान और सांस्कृतिक चेतना का समवेत संगम है।

इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक जिले में हज़ारों जल स्त्रोतों की सफाई की जा रही है। अभियान में राजनीतिक और प्रशासनिक नेतृत्व के साथ ही जन-प्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, स्वयं-सेवकों, एनजीओ और आम नागरिकों की सामूहिक सहभागिता और सक्रियता ने अभियान को जन-अभियान बना दिया है। 'जल दीप यात्रा', 'जल संकल्प' कार्यक्रमों और धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से जल-संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है। इस कार्य में म.प्र. जन-अभियान परिषद भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान में हजारों जल स्त्रोत पुनर्जीवित होने लगे हैं। वर्षाकाल में इसके प्रभावी परिणाम देखने को मिलेंगे। अनेक स्थानों पर भूजल स्तर में सुधार के संकेतों के साथ ही जलग्रहण क्षेत्रों में बढ़ती हरियाली और मिट्टी में नमी का स्तर सकारात्मक परिवर्तन लायेगा। अभियान से समाज में सकारात्मक मनोवृत्ति का विकास भी हुआ है। अभियान अंतर्गत संचालित गतिविधियों से जन-मानस में जल-संरक्षण के लिए नई चेतना और व्यवहार में बदलाव देखा जा रहा है। अभियान के अंतर्गत स्थायी जल प्रबंधन संरचनाओं जैसे चेक डैम, परकोलेशन टैंक, जल पुनर्भरण, कुएं-बावड़ी आदि के पुनरुद्धार की योजना बनाई जा रही हैं।

### जन-भागीदारी से जल संरचनाओं को नवजीवन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में 30 अप्रैल से प्रारंभ किया गया जल गंगा संवर्धन'' अभियान एक बहु-स्तरीय आयोजन है। इसका उद्देश्य राज्य के जल स्त्रोतों जैसे नदियों, तालाबों, झीलों, पुराने कुओं, बावड़ियों और जल-धाराओं को पुनर्जीवित करना और उन्हें सतत रूप से संरक्षित करना है। यह अभियान सरकारी योजना से आगे बढ़कर अब जन-आंदोलन का स्वरूप ले चुका है। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की नदियों, तालाबों, झीलों, पुराने कुओं, बावड़ियों और जल-धाराओं को सहेज कर उन्हें पुनर्जीवन देना है। इन जल स्त्रोतों की गाद निकासी, सफाई, सीमांकन और पुनर्जीवन की कार्य-योजना बनाई गई है, जिसमें जन-भागीदारी से श्रमदान भी किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों से लेकर नगर निगमों तक लोग स्वयं आगे आकर जल स्त्रोतों की सफाई कर रहे हैं। नदियों के किनारे विशेष रूप से देशी प्रजातियों के पौधों का रोपण कर जल-स्तर बढ़ाने और मृदा क्षरण को रोकने का कार्य किया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य किया जा रहा है। स्कूल और कॉलेजों में जल-संरक्षण पर जन-जागरण अभियान, रैलियाँ, निबंध प्रतियोगिताएँ, जल संवाद और 'जल प्रहरी' जैसी अवधारणाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। ड्रोन से सर्वेक्षण, वैज्ञानिक तरीके से जलग्रहण क्षेत्र की मैपिंग, भू-जल पुनर्भरण तकनीकों का उपयोग आदि भी अभियान का हिस्सा हैं।

# भारतीयता हमारी पहचान है, राष्ट्र हित से बड़ा कोई धर्म नहीं : उपराष्ट्रपति धनखड़

## ग्वालियर में उपराष्ट्रपति ने कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षक-छात्रों से किया संवाद

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज भारत के सामने पहलगाम की चुनौती है। दूसरी ओर राजमाता की प्रेरणा है। उनकी जो प्रेरणा है। राष्ट्रवाद सर्वप्रिय है। हम भारतीय हैं। भारतीयता हमारी पहचान है। राष्ट्र हित से बड़ा कोई धर्म नहीं हैं। कोई भी राष्ट्रहित से बड़ा नहीं हो सकता। हमें राष्ट्रवाद के प्रति पूरा समर्पण रखना चाहिए।**



उप राष्ट्रपति धनखड़ रविवार शाम को ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में प्राध्यापक और विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति की धर्मपत्नी सुदेश धनखड़, राज्यपाल मंगूभाई छगनभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद रहे।

उपराष्ट्रपति ने कार्यक्रम में छात्रों से कहा कि मैं बड़े मन से आप लोगों से बात करने आया हूं। सबसे बड़ा विषय विजयाराजे सिंधिया से जुड़ा है। वे छह बार सांसद रह रहीं। मुझे लोकसभा में उनके संपर्क में आने का मौका और उनका आशिर्वाद मिला। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि किसान अन्नदाता है, किसान भाग्य विधाता है। हर काल हर काल खंड पर जब देश में संकट आया, हमने किसान को याद किया। पंडित लाल बहादुर शास्त्री जब देश के प्रधानमंत्री थे, तब उन्होंने नारा दिया जय जवान जय किसान। किसान और जवान के प्रति देश ने सदैव आदर के भाव से देखा। और जब अटल बिहारी बाजपेई देश के प्रधानमंत्री बने, तब उन्होंने इस नारे में नया आयाम जोड़ा। जय जवान जय किसान जय विज्ञान। इस कसौटी पर आपको खरा उतरना है। क्योंकि जवान और किसान दोनों विज्ञान से प्रभावित हुए थे। इसमें एक नई मिसाल देते हुए वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नया आयाम जोड़ते हुए इसे जय जवान जय किसान जय विज्ञान जय अनुसंधान किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत का रास्ता किसान के खेत से निकलता है। कई बार मन की बात को मन में रखना पड़ता है।

# नगरीय विकास मंत्री ने भवनों की सुरक्षा के लिये निकाय अधिकारियों को दिये निर्देश

**भोपाल, निप्र।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रदेश में निश्चित ऊँचाई से बड़े भवनों में अग्नि दुर्घटना से बचाव के इंतजामों का निरीक्षण करने और नियमों की अनदेखी करने वाले भवनों को चिन्हित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से इस कार्य को प्राथमिकता दिये जाने के लिये कहा है। प्रदेश में फायर सेफ्टी प्रमाण-पत्र प्राप्त किये जाने के संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। जारी निर्देश के अनुसार भवन स्वामी अब 31 दिसम्बर, 2025 तक फायर प्लॉन प्रस्तुत कर संबंधित अग्निशमन प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर सकेंगे। नियत तिथि के बाद फायर प्लॉन प्रस्तुत नहीं करने वाले भवन स्वामियों के विरुद्ध दण्ड के अधिरोपण की कार्रवाई नियत नियम के अनुसार की जायेगी। निर्देशों में कहा गया है कि फायर सेफ्टी प्लॉन के कण्डिका क्रमांक-2 में उल्लेखित भवन, जो कि पूर्व से निर्मित हैं, उन्हें 2 माह के भीतर एनबीसी से निर्धारित मानक अनुसार फायर प्लॉन तैयार कर अनुमोदन के लिये अग्निशमन प्राधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। निर्देश में यह भी बताया गया है कि अग्निशमन अधिकारी द्वारा आवेदन प्राप्ति के एक माह के भीतर फायर प्लॉन का अनुमोदन किया जायेगा। कण्डिका में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 2 माह की समयावधि के भीतर यदि भवन स्वामी फायर प्लॉन तैयार कर अग्निशमन प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कायस्थम ने श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव पर पूजन, हवन और भंडारा किया





**भोपाल, निप्र।** कायस्थम, मध्यप्रदेश द्वारा रविवार को प्रोफेसर कॉलोनी स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रकटोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूजन, हवन के बाद महा आरती हुई तथा प्रसादी वितरण और भंडारा भी हुआ। सभी कार्यक्रम प्रोफेसर कॉलोनी के संकट मोचन हनुमान मंदिर स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में हुए। इस अवसर पर कायस्थम के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य और अन्य सदस्य तथा अन्य कायस्थजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कायस्थम की ओर से चित्रांश बंधुओं को श्री चित्रगुप्त जी का कैलेंडर भी भेंट किया गया।

### योग गुरु पद्म श्री शिवानन्द बाबा के निधन पर उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने शोक व्यक्त किया

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने योग गुरु पद्मश्री शिवानन्द बाबा के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री शिवानंद बाबा ने योग के माध्यम से लाखों लोगों के जीवन को स्वस्थ और सुखी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी योग शिक्षा ने न केवल भारत में, बल्कि विश्व भर में लोगों को प्रेरित किया और योग को एक वैश्विक आंदोलन के रूप में स्थापित करने में मदद की। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि पद्मश्री शिवानन्द बाबा को उनके योगदान के लिए पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया, जो उनके द्वारा किये गये कार्यों की सराहना का प्रतीक है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पद्मश्री योग गुरु, बाबा शिवानंद के निधन पर शोक व्यक्त किया

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पद्मश्री से सम्मानित योग गुरु शिवानंद बाबा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिवानंद बाबा का निधन काशी ही नहीं, बल्कि देश के लिए अपूरणीय क्षति है। श्रद्धेय शिवानंद बाबा, प्राचीनतम योग विद्या, भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आत्मसात करने वाली उत्कृष्ट जीवन शैली के प्रतीक और प्रमाण थे। उनके विचार और जीवन पद्धति सभी के लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा विश्वनाथ से दिवंगत की पुण्यात्मा को शांति प्रदान कर अपने श्रीचरणों में स्थान देने और उनके प्रशंसकों को यह अपार आघात सहन करने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की है।


# मध्य प्रदेश में 7 मई तक रहेगा आंधी-बारिश वाला मौसम, भोपाल-इंदौर समेत 45 जिलों में अलर्ट

**भोपाल (हि.स.)।** मध्य प्रदेश में इन दिनों मौसम में बदलाव देखने को मिल रहे हैं। प्रदेश के कुछ जिलों में भीषण गर्मी का कहर है तो कहीं बारिश और आंधी का दौर जारी है। मौसम विभाग का कहना है कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) के 3 सिस्टम के एक्टिव होने से ऐसा मौसम बन रहा है। शनिवार को राजधानी भोपाल में धूल भरी आंधी चली, जबकि कई जिलों में बारिश हुई और ओले गिरे। आज रविवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन-जबलपुर समेत 45 जिलों में अलर्ट है।

मौसम विभाग के अनुसार, तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन के अलावा दो टर्फ भी गुजर रही है। इस वजह से मौसम बदला हुआ है। अगले चार दिन यानी 7 मई तक प्रदेश में तेज आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है। इस दौरान 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती है। भोपाल में धुलभरी हवा चलने की संभावना है। इससे पहले भी प्रदेश में शनिवार को आंधी, बारिश और ओले गिरने के बीच गर्मी का असर भी देखा गया। तापमान की बात करें तो शनिवार को नरसिंहपुर सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। रतलाम में 43.4 डिग्री, खरगोन में 42.6 डिग्री, शाजापुर में 42.4 डिग्री और खंडवा में पारा 42.1 डिग्री रहा। भोपाल में पारा 41.1 डिग्री, इंदौर में 40.8 डिग्री, ग्वालियर में 34.1 डिग्री, उज्जैन में 41.4 डिग्री और जबलपुर में 38.9 डिग्री दर्ज किया गया। पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 35 डिग्री दर्ज किया गया।

# पद्मश्री डॉ. वाकणकर की जयंती पर व्याख्यान-माला का आयोजन

## मुख्यमंत्री ने पुरातत्वविद के नाम पर टाइगर रिजर्व का नामकरण कर दिया यथोचित सम्मान






विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। पद्मश्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर ने न सिर्फ पुरातत्व और चित्रकला के क्षेत्र में ख्याति अर्जित की, बल्कि सम्राट विक्रमादित्य के गौरवशाली शासन काल की विशेषताओं को सामने लाने का कार्य भी किया।**

यह बात विक्रमादित्य शोध पीठ, उज्जैन के पूर्व निदेशक, पद्मश्री भगवतीलाल राजपुरोहित ने प्रो. वाकणकर की जयंती पर आयोजित व्याख्यान-माला के अवसर पर कही। यह आयोजन रविवार को डॉ. वाकणकर शोध संस्थान, संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय द्वारा स्टेट म्यूजियम में हुआ। कार्यक्रम में चित्रकला स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

पद्मश्री प्रो. राजपुरोहित ने कहा कि डॉ. वाकणकर ने पं. सूर्यनारायण व्यास, प्रो. सुमन और अन्य विद्वानों द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के योगदान से जन-सामान्य को अवगत करवाने की परम्परा का निर्वहन किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, जिन्होंने वर्ष 2007 से उज्जैन में विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के नाते विक्रमोत्सव का आयोजन प्रारंभ करवाया। उज्जैन में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य मंचन की शुरूआत और बाद में अनेक प्रदर्शनों की उपलब्धि का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. यादव के प्रयासों से नई दिल्ली में भी महानाट्य के तीन सफल मंचन संपन्न हुए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के आठवें टाइगर रिजर्व का नामकरण डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर के नाम पर कर उन्हें यथोचित सम्मान दिया है।

## राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय का छठवाँ दीक्षांत समारोह सम्पन्न

# संगीत का मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान : राज्यपाल पटेल

## स्वर्ण पदक से 122 एवं शोध उपाधियों से 33 विद्यार्थी सम्मानित

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि संगीत हमेशा ही मन को भाता है। मनुष्य की हर उम्र में संगीत महत्वपूर्ण स्थान रखता है।**

राज्यपाल पटेल ने रविवार को राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर के छठवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कबीर लोक भजन गायक पद्मश्री कालूरामबामनिया ने की। इस मौके पर वरिष्ठ तबला वादक एवं शिक्षाविद् प्रो. किरण देशपाण्डे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय भारतीय संगीत को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। महाविद्यालय के अनेकों छात्रों ने संगीत के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में युवाओं को अपनी पूरी क्षमता के साथ योगदान देना चाहिए। संगीत विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के बाद जिन छात्रों को पुरस्कृत किया गया है वे अपने जीवन में संगीत के माध्यम से देश विकास में अपना सहयोग करें।



राज्यपाल पटेल ने कहा कि वरिष्ठ तबला वादक प्रो. किरण देशपाण्डे के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेना चाहिए। वे जिस प्रकार से 87 वर्ष की उम्र में भी तबला वादन कर रहे हैं, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार क्रिकेट में खिलाड़ी शतक लगाते हैं, उसी प्रकार प्रो. देशपाण्डे भी अपनी उम्र का शतक लगाएँ, यह हम सबकी कामना है।

दीक्षांत समारोह में वरिष्ठ तबला वादक एवं शिक्षाविद् प्रो. पं. किरण देशपाण्डे ने कहा कि उनका तबला वादन विश्वविद्यालय द्वारा डी.लिट उपाधि से सम्मानित किए जाने के प्रति धन्यवाद ज्ञापन हैं। समारोह में कबीर लोक भजन गायक पद्मश्री कालूराम बामनिया ने जीवन में गुरू की महत्ता पर भजन की प्रस्तुतियां दी।

### जनजाति नृत्य की हुई प्रस्तुति

दीक्षांत समारोह में संगीत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सहरिया जनजाति नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी। राज्यपाल पटेल को कार्यक्रम के प्रारंभ में शोभा यात्रा निकालकर मंच तक लाया गया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही कुलगुरू प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे ने अतिथियों का स्वागत कर राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रो. राकेश कुशवाह सहित साधारण परिषद, कार्य परिषद एवं विद्यार्थी परिषद के सदस्यगण उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 194 रेडियो कालोनी इन्दौर से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, प्रबंध संपादक व्ही. के. मिश्रा*, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.